# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 10 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 246, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 376 अंक चढ़ा

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और सेंसेक्स निचले स्तर से उबरते हुए 375 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। } 14

## खाड़ी देशों से मजबूत होंगे रिश्ते

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खाड़ी देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें की और द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की व सम्बंधों को अधिक गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। } 16



### 69 हजार सहायक शिक्षकों की नयी चयन सूची तैयार करने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश पर लगायी रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य में 69,000 सहायक शिक्षकों की नयी चयन सूची तैयार करने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने जून 2020 और जनवरी 2022 में जारी शिक्षकों की चयन सूचियों को रद्द करने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश पर भी रोक लगा दी, जिनमें 6,800 अभ्यर्थी शामिल थे। उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किए।



> शीर्ष अदालत ने जून 2020 व जनवरी 2022 में जारी शिक्षकों की चयन सूचियों को रद्द करने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी, जिनमें 6,800 अभ्यर्थी शामिल थे। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किये।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगी। साथ ही, न्यायालय ने संबंधित पक्षों के वकीलों से कहा कि वे अधिकतम सात पृष्ठों के संक्षिप्त लिखित नोट दाखिल करें। पीठ ने कहा कि वह याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी। उप्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी शीर्ष अदालत में पेश हुईं। उच्च न्यायालय ने अगस्त में, राज्य सरकार को प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नयी चयन सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने महेंद्र पाल और अन्य द्वारा पिछले साल 13 मार्च को एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली 90 विशेष अपीलों का निस्तारण करते हुए यह आदेश जारी किया था। खंडपीठ ने निर्देश दिया था कि नयी चयन सूची तैयार करते समय, वर्तमान में कार्यरत सहायक अध्यापकों पर किसी भी नुकसानदेह प्रभाव को कम किया जाना चाहिए, ताकि वे जारी शैक्षणिक सत्र को पूरा कर सकें। खंडपीठ ने कहा था कि इस निर्देश ...शेष पृष्ठ 14 पर

# रणनीतिक सम्बंधों को बढ़ावा देंगे भारत-अबू धाबी

### पीएम मोदी ने क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से की वार्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की तथा दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच एक समझौता चार समझौतों में



शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी और युवराज अल नाहयान ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा भारत-यूएई संबंधों में शानदार प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### एटीएस ने शुरू की कालिंदी एक्सप्रेस मामले की जांच

कानपुर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एलपीजी सिलेंडर और अन्य विस्फोटक सामग्री को ट्रैक पर रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश के सिलसिले में सोमवार को दो स्थानीय हिस्ट्रीशीटरों समेत छह लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। कानपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है। सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से गहन पूछताछ की जा रही है, लेकिन मीडिया से विस्तृत जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया। घटना में आतंकवादियों का हाथ होने की आशंका के मद्देनजर आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने भी मामले की अलग से जांच शुरू की है। पुलिस का कहना है कि इस खुलासे से जांच प्रभावित हो सकती है।

(विस्तृत खबर भीतर)

# पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दे रहे सीधी भर्ती : योगी

## मुख्यमंत्री ने 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 का किया उद्घाटन

### स्वस्थ बनाने के साथ कार्य के प्रति समर्पण की भावना सिखाता है खेल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ शरीर, समर्थ समाज तथा सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकता है। प्राचीन काल से ही भारतीय परम्परा में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को महत्व प्रदान किया गया है। भारतीय ऋषियों ने उद्घोष किया है कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम' अर्थात धर्म के सभी साधन स्वस्थ शरीर से ही सम्भव हैं। खेलकूद गतिविधियां, योगासन तथा प्राणायाम आदि क्रियाएं स्वस्थ शरीर के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। खेल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने के साथ-साथ कार्य के प्रति समर्पण की भावना सिखाता है। यह जीवन में उतार-चढ़ाव के प्रत्येक मोड़ पर संतुलित व्यवहार करने का सामर्थ्य भी देता है। कई बार हमारी पराजय और अधिक बड़ी जीत के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां 35वीं बटालियन पीएसी में 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 का उद्घाटन करने से पूर्व अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 की मशाल सशस्त्र सीमा बल में



मुख्यमंत्री ने 35वीं बटालियन पीएसी में 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 का किया उद्घाटन

मुख्य आरक्षी सुश्री शालिनी पवार को सौंपी। इसके पश्चात खिलाड़ियों द्वारा मार्चपास्ट तथा विभिन्न खेल विधाओं का प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सशस्त्र सीमा बल द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 2 वर्ष पूर्व ऑल इण्डिया पुलिस प्रतियोगिता एथलेटिक्स का आयोजन प्रदेश की राजधानी में सम्पन्न हुआ था। आज अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर के भव्य आयोजन में देशभर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### साढ़े सात साल में यूपी ने विकास व निवेश के नये युग में किया प्रवेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। आइकिया इंडिया उन्हीं निवेशकों में से एक है। आइकिया इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश में 5500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेटिनेशन बन गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश किया है। सीएम योगी ने कहा कि इंग्का सेंटर्स की इस नई परियोजना में आइकिया रिटेल स्टोर, होटल, ऑफिस स्पेस और शॉपिंग सेंटर खोला जाएगा। इसके माध्यम से 9 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, निवेश की नई संभावनाओं के विकास, स्किल डेवलपमेंट और परंपरागत उत्पादों के प्रोत्साहन में उत्तर प्रदेश ने अनेक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, दो आतंकवादी ढेर

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना के सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। ये आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार देर रात नौशेरा के लाम सेक्टर में जवानों को सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह की हरकत का पता चला, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में खुफिया एजेंसियों और पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर आठ और नौ सितंबर की दरमियानी रात को लाम में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है तथा दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद सेना के ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2024 के तीसरे दिन गायिका डॉ. मालविका हरिओम ने दी प्रस्तुति

# बीबीडी परिसर में गजानन के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



भगवान गणेश की महा आरती करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास



महाआरती करतीं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता



गणेश महोत्सव में प्रस्तुति देती गायिका डॉ. मालविका हरिओम, गायक पुनीत राज और गौरव



गायक पुनीत राज को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करतीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास





गायिका डॉ. मालविका हरिओम, गायक पुनीत राज और गौरव को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करती बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास व कार्यक्रम देखते दर्शक

फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2024 के तीसरे दिन सोमवार को गायिका डॉ मालविका हरिओम ने कार्यक्रम की शुरूआत हे पार्वती के लाल गणेश... वंदना से की, जिसे सुनकर पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। इसी शृंखला में बिटिया के बेर..., गाड़ी हौले चलाओ...,झूला कदंब की डरिया..., रेलिया बैरी पिया का लेके जाय रे..., चलत मुसाफिर का मोह लियो रे पिंजरे वाली मुनिया... आदि लोक गीतों को सुनकर उपस्थित दर्शक झूम उठे। दर्शकों की मांग पर गजल की कड़ी में कागज पे कलम तेरा... गजल और मेरे जैसा बन जाओ... को सुनकर दर्शक अपने -अपने स्थान पर उठकर झूमने लगे।

इसके साथ ही उनकी टीम के सदस्य गायक पुनीत राज और गौरव ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गायिका डॉ.मालविका हरिओम ने बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता से कहा कि आपके इस परिसर में देश में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की पूरी झलक दिख रही है। उन्होंने कहा कि इतना स्वच्छ परिसर कम देखने को मिलता है, इसके लिए मैं इनको बधाई देती हूं। इस महोत्सव में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवो से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का भरपूर आनन्द लिया। वहीं बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और बीबीडी ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने गायिका डॉ.मालविका हरिओम को पुष्पगुछ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सांयकालीन महाआरती में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और बीबीडी ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। महाआरती के बाद भक्तों को लडडू एवं खील बताशे का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक आरके अग्रवाल, अरूण गुप्ता, राजीव बाजपेयी, कैलाश पाण्डेय के साथ ही सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कल होने वाले कार्यक्रमों में बीबीडी शिक्षण समूह के छात्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुतियां दी जायेगी।


बीबीडी परिसर में श्री गणेश महोत्सव के तीसरे दिन भजन प्रस्तुत करते गायक पुनीत


सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करतीं गायिका मालविका हरिओम



बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव पर भजन प्रस्तुत करते गायक पुनीत व गौरव

# सॉलिड वेस्ट किसी भी दशा में ड्रेन में न जाये : मनोज कुमार सिंह

## मुख्य सचिव ने नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा- 2024 अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में सभी नगर आयुक्तों के साथ की वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा वर्ष 2024 अभियान की थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य विगत वर्षों की भांति

- **यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य चलाया जायेगा**

चलाया जायेगा। अभियान के तहत मोहल्ला और शहर को स्वच्छ बनाया जाये। यह सुनिश्चित कराना होगा कि सॉलिड वेस्ट किसी भी दशा में ड्रेन में न जाये।



मुख्य सचिव सोमवार को नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा, 2024 अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में सभी नगर आयुक्तों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निकाय स्तर पर ऐसा मॉडल तैयार करना चाहिए सालिड वेस्ट वार्ड अथवा मोहल्ले के बाहर न जाये। आर्गेनिक सॉलिड वेस्ट वार्ड लेवल अथवा मोहल्ले स्तर पर कम्पोस्टिंग की व्यवस्था हो। कुछ सॉलिड वेस्ट जैसे प्लास्टिक, लोहा और लकड़ी को जिला स्तर पर एकत्रित कर ट्रीटमेंट की व्यवस्था की जा सकती है। यह बिल्कुल साफ होना चाहिए कौन सा कूड़ा वार्ड के बाहर जायेगा और कौन सौ कूड़ा वार्ड में ही निस्तारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में ऐसा कोई भी घर नहीं होना चाहिये, जिसके ट्वायलेट का पानी सीधे नाले या नदी में प्रवाहित हो।

ऐसे घरों को चिन्हित किया जाये, जिनके ट्वायलेट का पानी सीधे नाले में गिर रहा है, उन्हें तत्काल नोटिस इश्यू किया जाये कि वह सोक पिट के साथ सेफ्टी टैंक बनायें। अगर सेफ्टी टैंक के लिए जगह नहीं है, तो वह बलराम मॉडल अपना सकते हैं, यह बहुत ही कम जगह में बन जाता है। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर होना चाहिये। यह भी कहा कि सभी नगर निगमों द्वारा सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले व्यक्तियों को इम्पैनल्ड किया जाये और जहां-जहां एसटीपी हैं, वहां पर जल निगम के द्वारा पम्पिंग स्टेशन पर ट्रीटमेंट फैसिलिटी डेवलप किया जाये। बैठक में बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा 2024 के तीन मुख्य घटक है, प्रथम स्वच्छता की भागीदारी, द्वितीय संपूर्ण स्वच्छता तथा तृतीय सफाई मित्र सुरक्षा शिविर। स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगणों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं व स्कूल कॉलेजों द्वारा स्वच्छता के प्रति साफ-सफाई करते हुए विभिन्न स्थलों पर श्रमदान किया जाएगा। युवाओं की भागीदारिता एवं स्वच्छता की जागरूकता के लिए विभिन्न आईईसी कार्यक्रम कराये जायेंगे। आईईसी कार्यक्रम के तहत प्लॉगरन, मैराथान, साईक्लॉथान, पौधरोपड़, जीरो वेस्ट ईवेंट, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा वार्डों में जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह भी बताया गया कि वर्तमान में लगभग 5000 स्वच्छ सारथी क्लब प्रदेश में स्थापित किये गये हैं। विभिन्न अभियानों के माध्यम से क्लबों की सहभागिता करायी जायेगी। स्कूल परिसरों को प्लास्टिक मुक्त, शिक्षण संस्थानों के परिसर की साफ-सफाई तथा छात्रों को स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलायी जायेगी। स्वच्छता लक्षित इकाई के अंतर्गत निकायों में ऐसे समस्त स्थान जहां नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं हो पाती है, को पोर्टल पर ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न स्वयं सहायता समूह व अन्य स्टेक होल्डर के माध्यम से स्वच्छ बनाया जायेगा। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत स्वच्छता कर्मियों को स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य बीमा कराया जायेगा तथा उनके लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक किया जायेगा।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने की शिष्टाचार भेंट

# सपा सामाजिक न्याय और सद्‌भाव की पक्षधर : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व सोमवार को महाराष्ट्र एनसीपी (अजीतगुट) के दर्जनों पदाधिकारी एनसीपी के राज्य महामंत्री इरशाद भाई जागीरदार के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

एनसीपी अजीतगुट छोड़कर सपा में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से राज्यमहामंत्री इरशाद भाई जागीरदार, प्रदेश सचिव नरेन्द्र भाई चौहान, प्रदेश सचिव सामाजिक न्याय महेन्द्र दादा

- **एनसीपी के कई नेता सपा में हुए शामिल**
- **एनसीपी नेताओं ने कहा कि महाराष्ट्र में सपा की बड़ी पहचान**

सिरसात, नगर अध्यक्ष कैलाश भाई चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष जयाताई सालोके, युवा अध्यक्ष तेजस रण सिंह, सामाजिक न्याय जिलाध्यक्ष राहुल पोल, जिलाध्यक्ष सामाजिक न्याय सुरेश अहीरे, राज्य सोशल मीडिया समीर खान, सामाजिक न्याय महिला अध्यक्ष वंदना ताई केदार, धुले से पार्षद



उमेश महाले, आदिवासी जिलाध्यक्ष गणेश धुलेकर, युवा सामाजिक कार्यकर्ता आदिवासी अध्यक्ष अभिजीत देओरे, राष्ट्रसेवा दल जिलाध्यक्ष नीलेश चौधरी आदि हैं।

एनसीपी नेताओं ने कहा कि महाराष्ट्र में सपा की बड़ी पहचान है। अखिलेश यादव की लोकप्रियता का कोई मुकाबला नहीं। सभी उनके नेतृत्व के प्रशंसक है और उन पर सभी को भरोसा है। इस बार इंडिया गठबंधन की महाराष्ट्र में सरकार बनेगी। महाराष्ट्र के नेताओं का यह भी कहना था कि महाराष्ट्र में किसान परेशान है। नौजवान संकट में है। जनसामान्य तबाह है। व्यापारी शिक्षक सभी उत्पीड़न के शिकार हैं। उद्योगधंधे चौपट हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महाराष्ट्र की जनता अब बदलाव चाहती है। इरशाद भाई जागीरदार, जया ताई सोलाके, कैलाश भाई चौधरी के अलावा श्री किशोर अहिरे प्रवक्ता एवं महेंद्र सिरसात ने भी अपने विचार रखे और श्री अखिलेश यादव जी का आभार व्यक्त किया।

अखिलेश यादव ने एनसीपी नेताओं को सपा में शामिल होने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि इनके आने से सपा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सपा सामाजिक न्याय की लड़ाई शुरू से ही लड़ती आई है। जातीय जनगणना की मांग पूरी होने पर ही समानुपातिक भागीदारी तय हो सकेगी और सभी को हक तथा सम्मान मिलेगा। भाजपा आरक्षण समाप्त करने का कुचक्र कर रही है। सपा लोकतंत्र और समाजवाद के लिए प्रतिबद्ध है। सपा सामाजिक न्याय और सद्भाव की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि सपा महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में विस्तार के पक्ष में है। सपा को राष्ट्रीय पार्टी की स्वीकृति दिलाने के लिए अन्य राज्यों के चुनावों में पूरी सक्रियता से भाग लेंगे।

# गांधी जयंती पर 12 कोच की स्पेशल सचल प्रदर्शनी ट्रेन होगी संचालित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में काकोरी ट्रेन एक्शन की स्मृति ताजा करने तथा जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर के अवसर पर स्पेशल सचल प्रदर्शनी ट्रेन का संचालन कराया जायेगा। इसके तहत 12 कोच की

- **छात्रों, युवाओं एवं आमजनता में काकोरी ट्रेन एक्शन के माध्यम से राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति की भावना संचार करने का किया जायेगा प्रयास : जयवीर सिंह**

स्पेशल ट्रेन के माध्यम से सचल प्रदर्शनी पूरे राज्य भर में संचालित कर काकोरी ट्रेन एक्शन के प्रति युवाओं, विद्यार्थियों तथा जनमानस को इसका इतिहास बताया जायेगा। इस सचल रेल प्रदर्शनी के लिए अध्यक्ष एवं सीईओ रेलवे बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति की ओर से 5 सितम्बर को पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी वाले स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिताओं, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली आदि का आयोजन किया जायेगा। इसमें स्कूल एवं कालेज की छात्र-छात्राओं को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा, ताकि उनके मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना एवं नई ऊर्जा का संचार हो सके। जयवीर सिंह ने बताया कि सचल रेल प्रदर्शनी के लिए 12 कोच की एक विशेष रेलगाड़ी की आवश्यकता होगीए जिसमें 11 कोच प्रदर्शनी के उद्देश्य से प्रयोग में लाये जायेंगे तथा 1 कोच एसी-3 भी लगाया जायेगा, जिसमें संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रतिनिधि यात्रा करेंगे। इस ट्रेन की साज-सज्जा एवं प्रदर्शनी के लिए विनायल आदि की व्यवस्था विभाग द्वारा की जायेगी।पर्यटन मंत्री ने यह भी बताया कि भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की महत्वपूर्ण घटना काकोरी टेज्न एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ 9 अगस्त से काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया था।


सीएम योगी से मिले पैरलंपिक रजत पदक विजेता आईएएस सुहास एलवाई

# कानून व्यवस्था को लेकर सपा, भाजपा के नाटक से सावधान रहें : मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने सुलतानपुर में एक सर्राफा व्यापारी के यहां डेढ़ करोड़ रुपये की लूट के मामले में एक अभियुक्त की पुलिस के साथ मुठभेड़ में हुई मौत को लेकर एक दूसरे पर आरोप मढ़ रहे भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि कानून व्यवस्था के मुद्दे पर इन दोनों दलों के नाटक से सभी को सावधान रहना चाहिए। मुठभेड़ में मंगेश यादव नामक अभियुक्त की मौत के बाद सपा ने इसे जाति देखकर की गयी फर्जी मुठभेड़ करार दिया था, जबकि भाजपा ने सपा पर अपराधियों को बचाने का आरोप लगाया था। मायावती ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, कि उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में मुठभेड़ की घटना के बाद से भाजपा व सपा में कानून-व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं तथा अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है, जबकि इस मामले में ये दोनों चोर-चोर मौसेरे भाई जैसे हैं। उन्होंने कहा, कि यानी भाजपा की तरह सपा सरकार में भी तो कई गुणा ज्यादा कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों, गरीबों व व्यापारियों आदि को सपा के गुण्डे, माफिया दिन-दहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे, ये सब लोग भूले नहीं हैं।

# गोआश्रय स्थलों की शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर हो कार्रवाई : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देश दिये कि जिन गौ आश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल संबंधी कोई भी शिकायत संज्ञान में

- **अब तक गोआश्रय स्थलों पर 1190965 निराश्रित गोवंश संरक्षित किये गये हैं**
- **मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गोवंशों को रेडियमयुक्त पट्टी डालने की कार्ययोजना बनाई जाये**

आए वहां तत्काल सुधार किया जाए। मुख्य पशु चिकिसाधिकारी ये सुनिश्चित करें कि केयरटेकर द्वारा गौवंश के लिए आवश्यक कार्य सुचारू रूप से पूरे किए जाएं।

गोवंश भूखा-प्यासा न रहे और बीमार पशु को पर्याप्त चिकित्सा उपलब्ध हो। गौवंश आश्रय स्थलों का



संचालन व्यवस्थित और विधिवत तरीके से किया जाए। वर्तमान में अब तक प्रदेश के 7557 गोआश्रय स्थलों पर 1190965 निराश्रित गोवंश संरक्षित किये गये हैं।

सिंह ने पशुधन विभाग के अधिकारियों को मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राज्यमार्ग व अन्य राज्यमार्गों के समीपवर्ती ग्रामों में पशुपालकों एवं किसानों के गोवंश को रेडियमयुक्त पट्टी डाले जाने पर चर्चा करते हुए आवश्यक एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

श्री सिंह ने कहा कि टीकाकरण एवं बधियाकरण के लक्ष्यों को पूरा किया जाए और इन कार्यों में लगे पैरावेट्स को निर्धारित धनराशि समय पर दी जाए। धर्मपाल सिंह ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थल तक पहुंचाने, गोशालाओं में चारा, भूसा, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश, औषधि उपलब्धता, प्रत्येक जिले में कृत्रिम गभार्धान के लक्ष्य निर्धारण आदि की गहन समीक्षा की। सिंह ने कहा कि मंडलीय अपर निदेशक प्रतिदिन अपने मंडल में कम से कम एक जनपद का भ्रमण कर गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण करें। सिंह ने गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिये।

बैठक में दुग्ध विकास विभाग पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक ने मंत्री को विभाग की योजनाओं की अद्तन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशो का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।

## सिंथेटिक दूध पर प्रभावी अकुंश के लिए चलेगा अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन के साथ ही पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त दूध आम जनता को उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है।

इसलिए सिंथेटिक दूध पर प्रभावी अकुंश लगााने के लिए दूध की जांच विभाग द्वारा कराये जाने के संबंध में प्रस्ताव बनाया जाए और जांच कार्यों के लिए संबंधित विभागों से भी समन्वय स्थापित कर सहयोग लिया जाए। एक सप्ताह का अभियान चलाकर जांच कार्य सम्पादित किया जाए। सिंह ने प्राथमिकता के आधार पर किसानों एवं पशुपालकों को दुग्ध मूल्य का भुगतान करने, दुग्ध समितियों के सुव्यवस्थित संचालन एवं प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के संबंध में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री ने सोमवार को विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में

- **बन रहा प्रस्ताव, जांच कार्यों के लिए संबंधित विभागों से भी समन्वय स्थापित कर लिया जाए सहयोग**

दुग्ध विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। सिंह ने डेयरी विकास को बढ़ावा देने तथा दुग्ध संघों, डेयरी प्लांट्स के संचालन एवं प्रबंधन के लिए तकनीकी जनशक्ति के अभाव के दृष्टिगत पीसीडीएफ की व्यवसायिक गतिविधियों में सहायता और मार्गदर्शन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीसीडीएफ द्वारा मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाए और मित्व्ययिता का ध्यान रखते हुए दक्ष एवं तकनीकी रूप से कुशल विशेषज्ञों की सहायता ली जाए। सिंह ने कहा कि समितियों के गठन, सुदृढ़ीकरण एवं संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जितनी अधिक संख्या में समितियों का गठन किया जायेगा उतना ही किसानों और पशुपालकों को लाभ होगा और दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी। पीसीडीएफ द्वारा दुग्ध उपार्जन एवं दुग्ध उत्पादों की सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए और एनडीडीबी से सहयोग स्थापित कर आवश्यक कार्य किया जाए।

# पीएम विश्वकर्मा- सह-ट्रेड फेयर का आयोजन

**लखनऊ।** एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर ने 10 से 12 सितंबर तक पीएम विश्वकर्मा-सह-ट्रेड फेयर का आयोजन कार्यालय परिसर में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के 25 जिलों के विश्वकर्मा कारीगर अपनी कला और उत्पाद का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 70 विश्वकर्मा प्रतिभाग करेंगे।प्रधानमंत्री द्वारा 17 सितंबर 23 को शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य 18 व्यवसायों से जुड़े विश्वकर्मा को आधुनिक तकनीक, ऋण, टूलकिट और मार्केटिंग के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमईए खादी ग्रामोद्योग, हथकरघा विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान द्वारा 10 सितंबर को 11 बजे दीप प्रज्वलित करके किया जाएगा।

# ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में 15 सितम्बर तक ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित

**लखनऊ।** उप्र प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के दृष्टिगत अनुसंधान एवं विकास व नवाचार के लिए यूपीनेडा द्वारा विभिन्न इकाइयों से 15 सितम्बर तक आनलाइन प्रार्थना पत्र व प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने बताया कि इस संबंध में संबंधित इकाइयों को निर्धारित शुल्क के साथ आनलाइन प्रार्थना पत्र देना होगा। इसमें सेन्टर फॉर एक्सीलेंस के लिए 35 हजार रुपये, स्टार्टअप के लिए 10 हजार रुपये व इन्क्यूबेटर के लिए 25 हजार रुपये प्रार्थना पत्र शुल्क के रूप में जमा करना होगा। यह शुल्क यूपीनेडा ग्रीन हाइड्रोजन पोर्टल पर आनलाइन पेमेन्ट करना होगा अथवा निदेशक यूपीनेडा, विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ के नाम देय डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से भी शुल्क जमा किया जा सकता है।

# अखिलेश यादव को भेंट की कारपेट

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव से आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में संतोष गोयल ने अखिलेश यादव को भदोही की सुन्दर सी कारपेट भेंट की। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री वैश्य शैलेन्द्र अग्रहरि, संतोष गोयल एवं शिवम बरवाल ने भेंट की।

संक्षेप

## अवैध आरा मशीनों के संचालन को लेकर एसडीएम से शिकायत

प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र में अवैध आरामशीनों के संचालन व हरे पेड़ो की कटाई को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोविन्दराम व घुइसरनाथ धाम क्षेत्र में आरामशीन का अवैध संचालन हो रहा है। वहीं शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में हरे पेड़ो की कटाई भी हो रही है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, अधिवक्ता दयाराम वर्मा, विपिन शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल आदि ने एसडीएम से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने तहसीलदार को जांच कर आख्या के निर्देश दिये हैं।

## प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

प्रतापगढ़। खेलकूद प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। लालगंज के रामपुर बावली स्थित रामानंद सरस्वती इण्टर कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कबडडी, बैडमिण्टन, लम्बी व ऊंचीकूद, खो-खो आदि की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में जनपद के आधा दर्जन विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। विजेता खिलाड़ियों व टीम को विद्यालय के प्रबन्धक अजय शंकर मिश्र ने विहिप कार्यकर्ता नागेन्द्र के साथ पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संयोजन संजय मयंक व संचालन विभाकर ओझा ने किया। इस मौके पर आचार्य कृपाशंकर, अभय शंकर मिश्र, जितेन्द्र, नीरज धुरिया, संजय आदि मौजूद रहे।

## बरही उत्सव में मनमोहक भजनों की बंधी समां

प्रतापगढ़। नगर के बैलना बाबा कुटी के समीप गौतमपुर वार्ड के शिवकुटीपुरम् में रविवार की शाम भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर बरही धूमधाम से मनायी गयी। धार्मिक उत्सव में प्रयागराज से आये लोक कलाकार रणजीत के द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरे कृष्णा हरे रामा के सुमधुर भजन से हुई। वहीं गणेश वंदना तथा कन्हैया की स्तुति से जुड़े भजनों पर दर्शक भी झूमने को मजबूर दिखे। मनमोहक प्रस्तुतियों के मध्य भगवान श्रीकृष्ण का जयघोष भी गुंजायमान हुआ दिखा। वहीं वार्ड के लोगों की ओर से सामूहिक भण्डारे में देर रात तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। समाजसेवी राजकुमार शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन उत्कर्ष शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में आचार्य राजेश पाण्डेय, सभासद दारा सिंह, सत्यम सिंह, राजमणि मिश्र, हिमांशु शुक्ला, डा. रमाशंकर शुक्ल का सराहनीय योगदान दिखा। इस मौके पर समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, शिक्षक नेता प्रदीप पाण्डेय, इं. हिमाशु ओझा, प्रदीप त्रिपाठी, डा. विनोद शुक्ल, बृजेश द्विवेदी, राकेश सिंह, पवन सिंह, डा. एसपी मिश्र, अरूण शुक्ल, राजेश सिंह, राजमणि मिश्र, उत्तम सिंह, बृजेश द्विवेदी आदि रहे।

## रंजिशन दुकान में तोड़फोड़ के साथ मारपीट

प्रतापगढ़। आरोपियों ने रंजिशन दुकान में तोडफोड के साथ पीड़ित को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़ित चुटहिल के भाई ने घटना को लेकर सांगीपुर पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के सराय तिहाईत निवासी राहुल सिंह पुत्र जय बहादुर सिंह ने तहरीर में कहा है कि सोमवार की सुबह उसका भाई दीपक लखरांव बाजार में दुकान पर था। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने उसकी दुकान पर पहुंचकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी डण्डे तथा लोहे की राड से हमला कर दिया। तहरीर में आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी दुकान से नकदी व उसके चुटहिल भाई की अंगूठी भी छीनकर भाग निकले। सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। इधर घायल को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद चुटहिल की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सांगीपुर एसओ मनीष का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# वंदे भारत का इंजन फेल : डाउन ट्रैक घंटों रहा बाधित

## कई ट्रेनें हुईं लेट, यात्रियों को परेशानियों का करना पड़ा सामना



**भरथना, इटावा।** दिल्ली हावड़ा का डाउन रेलवे ट्रैक सोमवार को सुबह 9 बजे उस समय पूरी तरह बाधित हो गया, जब दिल्ली से वाराणसी जा रही ट्रेन संख्या 22436 बंदे भारत का इंजन तकनीकी खराबी आने के कारण फेल हो गया और बंदे भारत ट्रेन भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर स्थित डाउन रेलवे ट्रैक की मैन लाइन पर खड़ी हो गई। उक्त ट्रेन का इंजन फेल होने की सूचना से रेल प्रशासन में जहां हड़कंप मच गया, वहीं ट्रेन में यात्रा कर रहे रेल यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। वहीं उक्त रेलवे ट्रैक पर पीछे दौड़ रही एक अन्य बंदे भारत संख्या 22424 जो दिल्ली से लखनऊ जा रही ट्रेन को भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर रुकना पड़ा। इसके अलावा दिल्ली से लखनऊ जाने बाली सुपर फास्ट ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन सहित कई अन्य ट्रेनों को भी ट्रैक पर ही घंटों खड़ा रहना पड़ा।

### अतिरिक्त इंजन से बंदे भारत की ट्यूचिंग

रेल प्रशासन ने कई घंटे के बाद एक इंजन मंगवाया, और भरथना पूर्वी आउटर पर इंजन फेल खड़ी दिल्ली वाराणसी बंदे भारत ट्रेन को ट्यूचिंग कर खींचकर भरथना स्टेशन की लूप लाइन पर लाकर खड़ा करा दिया।

### वंदे भारत के यात्रियों ने किया हंगामा

डाउन मैन लाइन पर आगे इंजन फेल खड़ी बंदे भारत ट्रेन को खींचकर पीछे स्टेशन की डाउन लूप लाइन पर लाकर जैसे ही खड़ा किया गया, इसी बीच ट्रेन में सवार रेल यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक व स्टेशन मास्टर के कार्यालय पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया, बंदे भारत ट्रेन के यात्रियों का कहना था, कि समय से पहुंचने के उद्देश्य से व्यापारी और जरूरत मंद अतिआधिक महंगा टिकट खरीद कर बंदे भारत ट्रेन में सफर करता है, जिसकी यह दशा है, और रेल प्रशासन मुक दर्शक बना हुआ है।

रेल यात्रियों ने रेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कई उद्योगपतियों और बड़े व्यापारियों का आज लाखों का नुकसान हुआ है वहीं समय से नही पहुंचे के कारण कई की नौकरियां अधर में फस गई हैं। राज्यसभा सांसद गीता शाक्य सोमवार को दिल्ली से कानपुर पार्टी के एक कार्यक्रम में भाग लेने बंदे भारत से यात्रा कर रहीं थीं, लेकिन ट्रेन का इंजन फेल होजने के कारण राज्यसभा सांसद शाक्य भी उक्त ट्रेन में फसी रह गई, जब काफी समय तक इंजन ठीक होता नही दिखा और रेल प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों को समय रहते गंतव्य को पहुंचने की कोई व्यवस्था नही हो सकी तब राजसभा सांसद शाक्य ने भरथना निवासी अपने खास समर्थक युवा समाजसेवी रहीस वारसी अन्ना को फोन कर अवगत कराया जिसपर रहीस वारसी ने अपनी कार भेजकर राज्यसभा सांसद को कानपुर पार्टी के कार्यक्रम में पहुंचाया।

### वंदे भारत के यात्री घंटों रहे परेशान

भरथना के आउटर पर और स्टेशन पर घण्टों से खड़ी दोनो बंदे भारत ट्रेनों के कारण दिल्ली से कानपुर, लखनऊ और वाराणसी तक यात्रा कर रहे सैकड़ों रेल यात्री चाय, नाश्ता, जल पान और अन्य खाने पीने की वस्तुओं के लिए परेशान होते देखे गए, लेकिन भरथना छोटी स्टेशन होने के कारण यात्रियों को उनकी अवस्यकता के अनुसार खाने पीने की वस्तु नहीं मिल सकी, जिसपर यात्री रेल प्रशासन को कोश्ते दिखे।

### शताब्दी में शिफ्ट किए यात्री

भरथना के पूर्वी आउटर पर और स्टेशन पर घण्टों से खड़ी दोनो बंदे भारत ट्रेनों के यात्रियों द्वारा हंगामा करने के बाद रेल प्रशासन ने कई घंटे बाद करीब एक बजे मैन डाउन लाइन पर खड़ी ट्रेन संख्या 22424 बंदे भारत में कुछ यात्रियों को शिप्ट कर ट्रेन को रवाना किया, फिर इसके पीछे आ रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में शिप्ट कर शेष बचे यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना किया।

### ट्रेन में शिप्टिंग की सूचना से मची अफरा तफरी

भरथना में खड़ी दोनो बंदे भारत ट्रेनों के यात्रियों के जोरदार हंगामा के बाद जैसे ही रेल प्रशासन ने रेलवे ट्रैक का यातायात दुरुस्त किया और यात्रियों को अन्य ट्रेनों में शिप्ट करने की सूचना इंक्वारी से जारी हुई ट्रेनों में सवार और ट्रेनों के बाहर खड़े यात्रियों में अफरा तफरी मच गई, हालांकि प्रशासन ने पहले से मैन लाइन पर खड़ी बंदे भारत में कुछ यात्रियों को शिप्ट किया बाद में पीछे से आई सुपरफास्ट शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में शिप्ट कर सभी यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना किया।

### इंजन फेल बंदे भारत लूप लाइन में खड़ी

तकनीकी खराबी के कारण बंदे भारत ट्रेन का इंजन फेल होजने के बाद रेल प्रशासन ने उक्त ट्रेन को पूर्वी आउटर से अतिरिक्त इंजन लगाकर ट्रेन को पीछे खिंचवाकर भरथना स्टेशन की लूप लाइन पर सुरक्षित खड़ा करा दिया है, प्रशासन के अनुसार ट्रेन का इंजन दुरुस्त होने के बाद बंदे भारत को उसके स्टेशन के लिए रवाना किया जायेगा।

## करंट लगने से युवक की मौत

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लालपुरा तवैला पजैया निवासी एक युवक की बलराम सिंह चैराहा पर स्थित ममता हास्पिल के सामने होटल में काम करते समय फ्रीजर में करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। होटल कर्मचारी व परिवारीजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे डाक्टरों ने काफी देर तक उसकी देखभाल व इलाज करते रहे हालत गंभीर देख डाक्टर नितिन कुमार ने सैफई पीजीआई रिफर कर दिया। जहां उसकी सैफई अस्पताल में मौत हो गई। परिजन शव को एंबुलेंस से घर ले आए। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लालपुरा तवैला पजैया निवासी अभय शंखवार उर्फ युवराज पुत्र संजीव कुमार बलराम सिंह चैराहा पर स्थित ममता गुप्ता स्थित होटल पर विगत दो साल से काम करता था आज सोमवार लगभग दोपहर सवा तीन बजे होटल में रखे फ्रीजर खोलते ही करंट लग गया वह गिर गया तभी होटल कर्मचारी व सूचना पर पहुंचे परिजन जिला अस्पताल इलाज के लिए युवक को लाए जहां डाक्टरों की देखरेख में इलाज चला।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवा अधिवक्ता की मौत, कोहराम

## शिक्षक विधायक समेत अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों ने जताया शोक



प्रतापगढ़। नेशनल हाइवे पर बेकाबू टैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवा अधिवक्ता की सरेबाजार दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही साथियों में शोक छा गया। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत पर गहरा दुख जताया है। वहीं अधिवक्ता की मौत की सूचना घर पहुंची तो बिलखते परिजन ट्रामा सेण्टर आ पहुंचे। जिले के देल्हूपुर थाना के देवनगर मदरा निवासी मनीष मिश्र मारूत 36 जिला मुख्यालय पर प्रैक्टिस किया करते थे। मनीष मारूत कोतवाली नगर के पूरे ईश्वरनाथ में भी अपने मकान में रहा करते थे। मृतक अधिवक्ता देवनगर मदरा में एमकेडी एजुकेशनल एकेडमी के प्रबन्धक भी थे। सोमवार की सुबह वह पडोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के पण्डित का पुरवा पारी गांव में स्थित अपनी ससुराल से बाइक से प्रतापगढ़ जा रहे थे। सुबह करीब नौ बजे लालगंज बाजार में नेशनल हाइवे पर हनुमत निकेतन के समीप एक ईरिक्शा और बेकाबू टैक्टर ट्राली से बचने में मनीष की बाइक ट्राली में टकरा गयी। वह गंभीर रूप से चुटहिल होकर गिर पड़े। बाजार के लोगों ने आननफानन में उन्हें लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचवाया। यहां चिकित्सक उनके चुटहिल हाथ में डेजसिंग कर रहे थे तभी मनीष की सांसे थम गयी। इधर तहसील में अधिवक्ता की दुर्घटना मौत की खबर पहुंची तो साथी आवाक रह गये। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र फौरन ट्रामा सेण्टर पहुंचे। वहीं तहसील में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। शोक सभा के बाद गमजदा वकीलों ने अपने को न्यायिक कामकाज से विरत रखने का प्रस्ताव पारित किया। संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। इधर जानकारी मिलने पर मृतक अधिवक्ता मनीष के बड़े भाई एवं प्रतापगढ़ जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज मिश्र पूर्व महामंत्री विवेक त्रिपाठी के साथ ट्रामा सेण्टर पहुंचे। पत्नी अनामिका भी रोते बिलखते ट्रामा सेण्टर पहुंची। पिता बैजनाथ मिश्र ट्रामा सेण्टर में बेटे का शव देख मूर्छित हो उठे। मृतक मनीष की मौत से पांच वर्षीया पुत्री मान्या व दो माह के मासूम बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया। इधर दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत की जानकारी मिलते ही लालगंज कोतवाल नीरज यादव भी भारी फोर्स के साथ वहां पहुंच गये। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर जिला मुख्यालय भेजवाया। अधिवक्ता मनीष की मौत को लेकर जिले भर में अधिवक्ताओं में शोक छा गया। वहीं दुर्घटना में स्कूल प्रबंधक की मौत को लेकर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने गहरा दुख जताया है। शिक्षक विधायक के निर्देश पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ट्रामा सेण्टर पहुंचे और परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। मुख्यालय के अधिवक्ता लालगंज के स्थानीय साथियों से लगातार फोन पर दुर्घटना के बाबत जानकारियां जुटाते दिखे।

# ऐतिहासिक अजगरा मेले में दूसरे दिन भी उमड़ी भीड़



जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** ऐतिहासिक अजगरा मेले में दूसरे दिन भी ग्रामीणों की भीड रही। मेले मे आये ग्रामीणों ने मेले का आनन्द लिया और जमकर खरीददारी की। ऋषि पंचमी से शुरू होकर तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में इस बार महोत्सव का आयोजन न होने से लोगों में मायूसी भी है। वहीं दूसरे दिन सोमवार को खुशनुमा मौसम के बीच मेले में आये महिला, पुरूष, युवा व बच्चे झूला, सरकस, नृत्य आदि का आनन्द लेते दिखे। वहीं चाट व चुटहिया जलेबी तथा फास्ट फूड की दुकानों पर भी युवाओं व महिलाओं की खासी भीड़ रही। मेले में सजे गृहस्थी की दुकानों व श्रृंगार की दुकानों पर खरीददारी को लेकर महिलाओं की भीड रही। मेले में आये लोगों ने ग्रामीण पुरातात्विक संग्रहालय का भी अवलोकन किया। वहीं इंद्रदेव ने बारिश कर मेले में खलल भी डाली लेकिन बारिश बंद होने के बाद लोग फिर से मेले का लुफ्त उठाते नजर आये। मेले की व्यवस्था को लेकर संयोजक साहित्यकार डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय निर्झर प्रतापगढ़ी जायजा लेते दिखे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महिला व पुरूषकर्मी भी मुस्तैद रहे।

## बाइक ट्रक में घुसी

उदी, इटावा। थानां बढ़पुरा क्षेत्र इटावा-ग्वालियर मार्ग स्थित ग्राम नगला गौर के समीप असंतुलित होकर एक बाइक खड़े ट्रक में घुस गई। स्कूटी सवार पति, पत्नी व दो वर्षीय पुत्र सहित तीन घायल। बढ़पुरा थानां के ग्राम मदायन निवासी राजवीर पुत्र गजराज अपनी पत्नी आंचल एवं दो वर्षीय पुत्र सूरज को बाइक से इटावा दवाई लेने जा रहे थे कि तभी बाइक उक्त ग्राम नगला गौर में समीप मार्ग पर खड़े मिलट्री ट्रक में पीछे से टकरा गई। जिसमें पिता -पुत्र व पत्नी तीनो घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदी भर्ती किया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायल को डॉ भीमराव आंबेडकर जिलाचिकित्सालय इटावा रेफर किया।

# जिला कमांडेट पर भारी पड़ रहा जवान

## तत्कालीन एसपी ट्रैफिक ,दारोगा ,थानेदार कर चुके हैं जिला कमांडेड से शिकायत

मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ । उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में होमगार्ड का एक जवान सिपाही, दरोगा, थानेदार, कंपनी कमांडर से लेकर जिला कमांडेंट तक को पिछले लगभग 4 वर्षों से नजरअंदाज कर अपनी मनमानी पर तुला हुआ है और होमगार्ड विभाग को अपनी उंगली पर नचा रहा है । करीब सवा साल पूर्व 3 फीत हटाने के आदेश के बावजूद आज तक फीत लगाकर लोगों पर रोक गालिब कर रहा है । वर्तमान मे होमगार्ड अब्दुल्लापुर स्थित राजकीय संप्रेषण किशोर गृह में तैनात है । सूत्रों की माने तो राजकीय संप्रेषण गृह के केयरटेकर ने भी विगत अप्रैल 2024 को मारपीट का आरोप लगाते हुए होमगार्ड के खिलाफ सहायक अधीक्षक से शिकायत की है । सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक होमगार्ड जो कंपनी नगर 6 में तैनात है वर्ष 2021 में यातायात ड्यूटी के दौरान भी हापुड़ अड्डे पर एक टेंपो चालक के साथ मारपीट, गाली गलौज, लाइट तोड़ने आदि की शिकायत टेंपो चालक ने तत्कालीन टीएसआई से की तो टीएसआई के साथ भी इस होमगार्ड के जवान ने अभद्र व्यवहार किया बताया जाता है कि इसकी शिकायत तत्कालीन टीएसआई ने तत्कालीन एसपी ट्रैफिक से करते हुए शराब पीकर ड्यूटी करने की बात शिकायती पत्र में लिखी जिस पर तत्कालीन एसपी ट्रैफिक ने तत्कालीन जिला कमांडेड राजेंद्र सिंह को अवगत कराते हुए कार्यवाही के लिए पत्र लिखा लेकिन जिला कमांडेंट द्वारा कारण बताओं नोटिस तो जारी किया गया लेकिन इस होमगार्ड का निलंबन नहीं हुआ उसके बाद विगत 2022 को नौचंदी थाने में तैनात तत्कालीन उप निरीक्षक ने जिला कमांडर को एक शिकायती पत्र देकर शिकायत की थी उस समय इस जवान की ड्यूटी फैंटम पर थी जो रात्रि समय में सोहराब गेट बस डिपो पर आने जाने वाली सवारी के साथ बदतमीजी गाली गलौज कर रहा था जब उसके साथ सिपाही ने इस बात का होमगार्ड का विरोध किया तो होमगार्ड जवान ने सिपाही के साथ भी अभद्र व्यवहार किया तथा गालियां तक दी बाद में तत्कालीन उप निरीक्षक ने इस होमगार्ड के जवान को पकड़ने का प्रयास किया था तो दरोगा के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भाग गया इस मामले में भी जिला कमांडेंट ने होमगार्ड के जवान को कारण बताओं नोटिस जारी किया था लेकिन इस होमगार्ड के जवान पर जिला कमांडेंट के आदेशों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा । सूत्र बताते हैं कि 2023 को कंपनी कमांडेंट की रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन जिला कमांडेंट राजेंद्र सिंह द्वारा इस होमगार्ड को सीक्यूएम पद से हटा दिया गया था क्योंकि कंपनी कमांडेंट द्वारा अपनी रिपोर्ट में यातायात उपनिरीक्षक, कांस्टेबल ,थानेदार द्वारा शराब पीने की शिकायत रिपोर्ट मे भेजी गई थी लेकिन जब इन सब के बावजूद इस जवान पर कोई कार्रवाई निलंबन की नहीं हुई और ने ही इसने अपने तीन फीत तक नहीं हटाए । होमगार्ड अधिकारियों की क्या मजबूरी है जो इस होमगार्ड की उंगलियों पर नाच रहे हैं । वैसे भी देखा जाए तो पिछले लगभग 4 वर्ष में पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों ने कंपनी नगर 6 के होमगार्ड पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कमांडेड से शिकायत की है इसके बावजूद होमगार्ड पर कोई बड़ी कार्यवाही विभाग ने नहीं की है । इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विवादित रहे होमगार्ड की पकड़ होमगार्ड विभाग में कहां तक है ।

*जिला कमांडेंट ( होमगार्डस )सिद्धार्थ चौधरी का कहना है कि होमगार्ड मनोहर सिंह पर पूर्व में लगे आरोपों का मामला उनके संज्ञान में आया है जिसमें वह खुद जांच कर रहे हैं दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही होगी ।*

## एसपी ने सुनी गई आम-जनों की शिकायतें



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायतकर्ता/आम-जनों की सम्भावित समस्याओं का अवलोकन कर तत्काल सुनवाई की गई तथा राजस्व सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीमें गठित कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन के प्रति किया गया जागरुक



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निदेर्शानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान* के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर श्री बृजनन्दन रॉय* के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र वर्मा थाना गौरा चौराहा के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 अभय कुमार पाण्डेय मय हमराह प्रमोद कुमार व मनोज कुमार यादव द्वारा *मु0अ0 स0 125/24 धारा 137(2),64(1) इठर व 3/4 पॉक्सो एक्ट* थाना गौरा चौराहा जनपद से संबंधित वांछित कन्हैया लाल पुत्र रामधनी पासवान नि0 नौबस्ता कलां थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

## प्रान्तीय विज्ञान मेले में मेधावियों के सराहे गये मॉडल



प्रतापगढ़। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में तीन दिवसीय प्रान्तीय विज्ञान मेले के तहत सोमवार को मेधावियों ने विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रतापगढ़ समेत विभिन्न जनपदों से मेले में प्रतिभाग कर रहे छात्र छात्राओं का वैज्ञानिक मॉडल देख अतिथि व निर्णायक मण्डल प्रसन्न दिखे। मेधावियों ने प्रर्दशनी को लेकर अपने मॉडल से जुड़े प्रश्नों का भी निर्णायक मण्डल को संतोषजनक जबाब दिया। प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी व विज्ञान प्रमुख आचार्य बलवंत ने छात्र छात्राओं के माडल को सराहा। सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने मेले में प्रतिभाग कर रहे छात्र छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियों की जानकारियां दी। प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने मेले का संयोजन किया। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह ने विज्ञान मेले के दूसरे दिन के आयोजनों की कार्यवृ्ि्त प्रस्तुत की। इस मौके पर प्रभाकर शुक्ल, केशवराम ओझा, उमेशपाल मिश्र, प्रमोद पाण्डेय, सतीश मिश्र आदि रहे।

## साउथ एशिया चैंपियनशिप में भारत का दबदबा



गोरखपुर। नेपाल के काठमांडू में स्थित दशरथ रंगशाला नेशनल स्टेडियम में साऊथ एशियन कांम्बैट चैंपियनशिप 2024 का तीन दिवसीय आयोजन हुआ। इस तीन दिवसीय इवेंट में भारतीय पहलवानो ने कुल 125 पदक जीते। पहली बार नेपाल के काठमांडू मे आयोजित साउथ एशियन कांम्बैट चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। साउथ एशियन कॉम्बैट चैंपियनशिप का आयोजन 30 अगस्त से 1 सितंबर तक काठमांडू नेपाल में नेपाल कॉम्बैट फेडरेशन एवं साउथ एशियन कॉम्बैट फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ जिसमें 8 एशिया देश शामिल हुई। भारत व नेपाल सहित साउथ एशियाई देशों में भूटान बांग्लादेश पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, मालदीव, देशों के टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें भारत के खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी भी अपने नाम किया। भारत को 1 सितंबर को पहला गोल्ड 24साल के धर्मेंद्र चाहर ने 72 कैटेगरी में दिलाया. भारत के आगरा से आने वाले धर्मेंद्र ने अफगानिस्तान के तौफीक को हराकर भारत को पहला गोल्ड दिलाया, वही सीनियर वर्ग मे कर्मजीत ने नेपाल के वासुदेव थापा को हराकर भारत के लिए सिल्वर प्राप्त किया, 96 के जी में प्रतिक पांडेय ने गोल्ड मेडल ,92 के जी में भारतीय थल सेना के अमित मिश्रा ने कांस्य पदक ,88 के जी में भारतीय थल सेना के विवेक राय ने रजत पदक, एवं वेद प्रकाश यादव ने कास्य पदक प्राप्त किया बालिका जूनियर वर्ग मे भारत के लिए नित्या राय ने भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल दिलाया।

संक्षेप

## अखिल भारतीय क्षेत्र पंचायत संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने विमल कांत गौतम

पिपरौली, गोरखपुर। अखिल भारतीय क्षेत्र पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष मो0 साजिद ने पत्र जारी कर विकास खण्ड पिपरौली के ग्राम पंचायत मल्हीपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य बिमल कांत गौतम को ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। अभाक्षेपंसं के नव मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष श्री गौतम ने कहा कि संगठन ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी गई है हम उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करने की कोशिश करूंगा। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इनके मनोनय पर अमित सिंह, रंजय मौर्य, संतोष कुमार, अब्दुल रज्जाक, सत्यपाल सिंह, सीमा चौरसिया, विनोद पांडे, इसरार उल हक, सहित सभी सदस्यों ने बधाई दी हैं।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के बड़गो गांव निवासी एक युवक का शव आम के पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी और मामले की जांच पड़ताल में जुटी रही। जानकारी के मुताबिक, बड़गो गांव निवासी 23 वर्षीय कल्लू पुत्र राधे सोनकर मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करता था। रविवार को काम करके लौटा था। शाम को वह चौराहे पर देखा गया था। अगले दिन सुबह उसका शव चौराहे से कुछ दूरी पर स्थित आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सुबह महिलाएं टहलने निकली तो शव देख शोर मचाने लगीं। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मुकाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मजदूर की साइकिल में मारी टक्कर, मौत

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के लखना चकरनगर मार्ग स्थित ईट भट्ठा से साइकिल से लखना आते समय 50 वर्षीय मजदूर के ग्राम दाउदपुर के पास ट्रैक्टर चालक ने साइकिल में टक्कर मजदूर की मौके पर ही मौत गयी। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**सूचना**

मैं, विवेक कुमार निवासी गुलाब खेड़ा, कुरौनी, बंथरा पिन : 226401 उत्तर प्रदेश ने अपने नाबालिग बेटे का नाम कृष्ण वाशुदेव यादव से बदलकर कृष्ण विवेक यादव कर दिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पति स्वः प्यारेलाल पुत्र स्वः चन्दी की मृत्यु 28.10.1991 को हो गई है। जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र भूलवश पूर्व मे नही बना है। जिसको आपत्ति हो वो सूचित करे। **रुकमणी पत्नी स्वः प्यारेलाल निवासी-के/644, कटरा, बढ़ियन टोला, बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम आशुतोष कुमार है जबकि हाईस्कूल के अंकपत्र में आशुतोष अंकित है। मेरा वास्तविक नाम आशुतोष कुमार है। आशुतोष कुमार एवं आशुतोष दोनों नाम मेरे ही है। आशुतोष कुमार पुत्र प्रदीप बाजपेई नि.-142/16, बताशे वाली गली, अमीनाबाद, लखनऊ

# जब ब्रांड एम्बेसडर मुख्यमंत्री तो क्यों न इतराये टेराकोटा

## इंटरनेशनल ट्रेड शो में भी लगेंगे गोरखपुरी टेराकोटा के चार स्टॉल

- योगी सरकार की ओडीओपी योजना में शामिल टेराकोटा की बढ़ेगी ग्लोबल रीच
- सीएम ने पहली बार गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति को टेराकोटा की गणेश प्रतिमा गिफ्ट की

**घनश्याम कुमार**



गोरखपुर। जिस उत्पाद के ब्रांड एम्बेसडर खुद मुख्यमंत्री हों, उसका इतराना तो स्वाभाविक होगा। गोरखपुर की माटी के अद्भुत शिल्प टेराकोटा के साथ यही स्थिति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पहले इसे ओडीओपी में शामिल किया गया और फिर स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक हर मंच पर ऐसी ब्रांडिंग की कि टेराकोटा शिल्पकारों के लिए काम की कोई कमी नहीं है।

टेराकोटा के डिमांड की रीच अब ग्लोबल होने जा रही है। इसका जरिया बनेगा नोएडा में होने वाला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में गोरखपुर के टेराकोटा के चार स्टाल लगाए जाएंगे। ब्रांडिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीएम योगी ने अभी गत दिनों पहली बार गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को टेराकोटा शिल्प से बनी गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। योगी सरकार टेराकोटाकी लोकल के साथ ही ग्लोबल मार्केट में ब्रांडिंग के लिए प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण में गोरखपुर की ओडीओपी में शामिल टेराकोटा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस ट्रेड शो में विश्व भर से खरीदार जुटेंगे। इस आयोजन में स्टाल लगने से टेराकोटा शिल्पकारों के हुनर को ग्लोबल मार्केट मिलेगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के सम्मानित टेराकोटा शिल्पकार राजन प्रजापति का कहना है कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के पहले भो टेराकोटा शिल्पकारों के पास क्षमता तो थी लेकिन शासन के प्रोत्साहन और उचित प्लेटफार्म की कमी से इसका दायरा संकुचित होता जा रहा था। 2017 तक दम तोड़ रहे इस माटी शिल्प के लिए तारणहार बनकर आए। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने 2018 में टेराकोटा को एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल किया और फिर तबसे यह शिल्प नई ऊंचाई को छू रहा है। ओडीओपी में शामिल होने के बाद सरकार से मिल रहे प्रोत्साहन के चलते टेराकोटा का कारोबार साल दर साल विस्तृत होता जा रहा है। इस साल की बात करें तो दिवाली के मद्देनजर सात करोड़ रुपये से अधिक के बाहरी राज्यों के ऑर्डर की सप्लाई की जा चुकी है और शिल्पकार अब त्योहार की स्थानीय आपूर्ति के लिए माल तैयार करने में जुटे हैं। सरकार (खुद सीएम योगी द्वारा) की तरफ से लगातार की जा रही ब्रांडिंग का असर यह है कि आज पुराने शिल्पकारों के पास काम की कोई कमी नहीं है। यही नहीं, टेराकोटा की भविष्य से जुड़ी संभावना को देखकर बड़ी संख्या में नए शिल्पकार और कारोबारी भी इससे जुड़े हैं।

## टेराकोटा की ब्रांडिंग का कोई मौका नहीं चूकते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का टेराकोटा की मिट्टी शिल्प से बेहद लगाव है। वह इसकी ब्रांडिंग का कोई भी मौका नहीं चूकते हैं। अभी हाल ही में उन्होंने सैनिक स्कूल का उद्घाटन करने गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को टेराकोटा से बनी गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। इसके पहले 5 जून 2022 को गोरखपुर दौरे पर आए तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी उन्होंने टेराकोटा की मूर्तियां भेंट की थीं। यही नहीं राष्ट्रपति के परिवार के लिए उन्होंने सर्किट हाउस में टेराकोटा के स्टाल भी लगवाए थे जहां राष्ट्रपति के परिवार और स्टाफ ने टेराकोटा उत्पादों की खूब खरीदारी की थी।

# कुश्ती प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम

## श्रीराम सूर्य सिंह इंटर कालेज पर तहसील स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



उरुवा बाजार, गोरखपुर। उरुवा क्षेत्र के अरांव जगदीश स्थित श्रीराम सूर्य सिंह इंटर कॉलेज पर आयोजित तहसील स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपना दम दिखाया। कुश्ती प्रतियोगिता में कुल 32 जोड़ की कुश्ती हुई। जिसमें अंडर 35 किलोभार में पीएच इंटर कॉलेज कुशलदेईया के शुभम यादव प्रथम, 38 किलोभार में यश भारती इंटर कॉलेज के अभय प्रथम, 41 किलोभार में कमला देवी इंटर कॉलेज के सुरेश प्रथम, 44 किलोभार में सेंट जोसेफ के शौर्य प्रथम, 48 किलोभार में श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के शेषनाथ प्रथम, तथा 17 वर्ष के 45 किलोभार में कमला देवी इंटर कॉलेज के अंकित पाल प्रथम, 48 किलोभार में मोतीलाल इंटर कॉलेज के पंकज प्रथम, 51 किलोभार में श्रीराम इंटर कॉलेज के महेश यादव प्रथम, 55 किलोभार में अजय पाल, 65 किलोभार में शिवा, 71 किलोभार में रामसूर्य इंटर कॉलेज के दयानंद यादव प्रथम रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी अखिलेश तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि मायाशंकर शुक्ल ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि सभी लोग अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार मिश्र, डॉ अनिल कुमार मिश्र, बेचन प्रसाद दुबे, प्रमोद सिंह, नागेंद्र, लाल साहब सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, विश्वजीत सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य अशोक सिंह, इन्द्रजीत पाण्डेय, सोनू गोस्वामी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कुश्ती प्रतियोगिता बनी मारपीट का अखाड़ा

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के खानिमपुर इण्टर कालेज में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों के दम दिखाने की बजाय मारपीट का अखाड़ा बन गया। प्रतियोगिता के दौरान ही जमकर मारपीट की गयी। जिसमें खेल रेफरी को मनबढ़ युवकों ने पीटकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार, सोमवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के इण्टर कालेज खानिमपुर में तहसील स्तरीय कुश्ती अंडर 14, 17 व 19 बालक/ बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा था। जिसमें क्षेत्र के अनेकों विद्यालय के टीमों को आमंत्रित किया गया था। इण्टर कालेज खानिमपुर प्रधानाचार्य द्वारा नगवा निवासी कृष्ण मुरारी सिंह को कुश्ती कोच बनाया गया था। जहा खेल के दौरान ही कुछ युवकों द्वारा वहा उपस्थित लड़कियों के साथ अभद्रता कर रहे थे और शोर मचा रहे थे। इस पर खेल कोच ने उन लोगों से इस प्रकार कार्य न करने को कहा जिस पर मनबढ़ों यह नागवार लगी और कोच को खेल के दौरान ही मारने पीटने लगे। जिस पर विद्यालय में अफरातफरी का माहौल बन गया।

इस संदर्भ में पीड़ित कृष्ण मुरारी सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने कुश्ती रेफरी के लिए मुझे बुलाया था। खेल के दौरान ही कुछ युवक लड़कियों से अभद्रता कर रहे थे। मना करने पर दर्जनों की संख्या में मनबढ़ों ने एकजुट होकर मुझे मारने लगे। इस घटना की सूचना फोन द्वारा थाने पर दिया हू, मौके पर पुलिस आयी थी। लिखित शिकायत मंगलवार को करूंगा।

इस संदर्भ में एसएचओ गीडा विजय सिंह ने बताया कि मारपीट की जानकारी नहीं है और न ही किसी प्रकार की तहरीर मिला हैं। तो वहीं खानिमपुर इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य ध्रुव चंद्रा का पक्ष जानने के लिए उनके दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नही हो पाया। उनका पक्ष आने पर प्रकाशित किया जाएगा।

# बगहा देवार पहुंचे डीएम, कटान स्थल का किया निरीक्षण

## कटान प्रभावितों से बात कर ली जानकारी, हर संभव मदद का जताया भरोसा



गोरखपुर। गोला तहसील अन्तर्गत विकास खंड के बगहा देवार में सरयू नदी में हो रहे कटान का निरीक्षण करने सोमवार को जिलाधिकारी गोरखपुर कृष्णा करूणेश पहुंचे। उन्होने कटान स्थल का निरीक्षण किया और कटान प्रभावितों से बात कर जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा जताया। संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बड़हलगंज के कछार क्षेत्र अन्तर्गत बगहा देवार में सरयू नदी की कटान की जद में आकर नदी में कुछ छप्पर बह जाने की सूचना पर डीएम बगहा देवार गांव का निरीक्षण करने पहुंचे थे। सोमवार दोपहर गांव में सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचे डीएम ने कटान रोधी कार्य में तेजी लाने का निर्देश बाढ़ खंड दो के अधिकारीयो को दिया। प्राथमिक विद्यालय के तरफ कटान निरीक्षण करने के बाद डीएम आबादी की तरफ पहुंचे तो बचाव कार्य अभी प्रारंभ नही हुआ था, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए बाढ़ खंड के अधिकारीयो पर बिफर पड़े। उन्होनें मौजूद बाढ़ खंड के अधिकारियो को सख्त हिदायत दी कि गांव को हर हाल में बचाना हैं। कटान रोधी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। डीएम ने ग्रामीणो को आश्वस्त किया की परीयोजना के तहत गांव को कटान से बचाने की प्रक्रिया चल रही हैं। इस दौरान एडीएम वित्त व फाइनेंस विनीत सिंह, एसडीएम गोला राजू कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड वैभव सिंह, खंड विकास अधिकारी बडहलगंज घीसम प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डेरवा श्रवण तिवारी, जेई बाढ़ खंड सुनील सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल गुप्ता, योगेन्द्र सरोज, प्रधान सुभाष यादव, संजय गुप्ता, पुर्व प्रधान कमलेश सिंह, अरविंद सिंह, आशीष सिंह, भाजपा नेता आनंद त्रिपाठी आदि लोग मौजुद थे।

## सांसद ने इलाज के लिए दिलाई आर्थिक मदद

इटावा। सांसद जितेंद्र दोहरे ने कुर्मी समाज पुरबिया टोला में पूर्व सभासद मनोज कुमार वर्मा एडवोकेट के इलाज हेतु प्रधानमंत्री सहायता कोष से दो लाख पच्चीस हजार की आर्थिक मदद प्रदान करवाई। पुरबिया टोला निवासी पूर्व सभासद मनोज कुमार वर्मा पिछले काफी समय से कैंसर की गंभीर बीमारी से ग्रसित है। श्री वर्मा का इलाज गुरुग्राम स्थित वेदांता अस्पताल में चल रहा है। मनोज वर्मा की आर्थिक मदद के लिए सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे से 27 जुलाई को अनुरोध किया था। सांसद जितेंद्र दोहरे ने प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार को पत्र लिखकर इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए अनुरोध किया था। जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार ने मनोज कुमार वर्मा के इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में रुपया जारी कर दिया है। पूर्व सभासद व सपा नेता आशीष पटेल ने सांसद जितेंद्र दोहरे का आभार व्यक्त किया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

इटावा। थाना चैबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत वीना में पति-पत्नी का आपस में विवाद होने के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। वह अपने पीछे एक वर्ष के एक पुत्र को छोड़कर गई है। आरती देवी उम्र 25 साल का अपने पति सुदेश कुमार निवासी बीना से कल रात्रि में झगड़ा हो गया था। झगड़े का कारण पति घर में मांसाहारी भोजन बनाना चाहता था इसी बात का पत्नी ने विरोध किया तो दोनों का आपस में झगड़ा हुआ इसके बाद पति मांसाहारी भोजन बनाकर खाने के बाद घर से बाहर चला गया तभी पत्नी आरती देवी घर के अंदर बने कमरे में गई । और लटक रहे पंखे से दुपट्टा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब रात्रि में पति घर पर लौटा तो यह सब देखकर दंग रह गया ।आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए।

ग्रामीणों ने मृतक महिला के मायके में सूचना दी घटना की जानकारी थाना चैबिया पुलिस को दी गई। चैबिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शब को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पहाड़पुर सराय भीखम, विकास खंड-मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-08.09.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पहाड़पुर सराय भीखम विकास खंड-मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना अर्न्तगत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक 15.09.2024 के अपरान्हः 02:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्हः 03:00 बजें निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जायेगी। दरे पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है.

(1) **कार्य का नाम** - फतुहा खंडजा से राम सिहासन के घर के बगल से कृष्णा व राम मिलन के घर से इंटर लॉकिंग कार्य। माप. 185 मीटर। **अनुमानित लागत**-8,99,220 रुपया, **सामग्री**- ईंट, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री।

(2) **कार्य का नाम** - शिव सिंह के घर से आकाश सिंह के घर से सीसी रोड निर्माण कार्य। **माप**-100 मीटर। **अनुमानित लागत**- 238300 रुपए। **सामग्री**- ईंट, इंटरलाकिंग ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री।

(3) नहर की पटरी से राम हिमांचल के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य। **माप**-110 मीटर। **अनुमानित लागत**- 426374 रुपए। **सामग्री**- ईंट, इंटरलाकिंग ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री।

(4) फतुहा खंडजा से शिव मंगल सिंह के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य। **माप** -150 मीटर। **अनुमानित लागत**- 640511 रुपए। **सामग्री**- ईंट, इंटरलाकिंग ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री

(5) प्रधानमंत्री रोड सरैया में पंच राज के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य। **माप**- 41 मीटर। **अनुमानित लागत**- 175085 रुपए। **सामग्री**- ईंट, इंटरलाकिंग ईंट, मोरंग, बालू, सीमेंट, गिट्टी व अन्य सामग्री

**नोट**-सभी नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.-पहाड़पुर सराय भीखम वि.ख.-मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

## कुंडेश्वर मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर : सरिता भदौरिया



उदी, इटावा। बढ़पुरा पारपट्टी क्षेत्र के अति प्राचीन कुंडेश्वर महादेव धाम पर प्रतिवर्ष भाद्र माह की मौर छठ से लगने बाले पंद्रह दिवसीय मेले का सोमवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया ने हवन-पूजन के बाद फीता काटकर उद्घाटन (शुभारंभ) किया गया। सदर विधायका भदौरिया ने कहा कि पारपट्टी क्षेत्र में स्थापित उक्त कुंडेश्वर महादेव धाम अति प्राचीन धरोहर है तो यहाँ लगने बाला मेला पूर्वजों की परंपरा है जिसे संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। इस प्राचीन धरोहर के सरंक्षण व विकास के लिए हम हमेशा प्रयासरत भी हैं। सदर विधायक द्वारा इस कुंडेश्वर महादेव धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने के साथ यहां काफी विकास भी कराया गया है। पर्यटन विभाग के सौजन्य से विशाल पर्यटक भवन का निर्माण व परिसर का सौंदर्यीकरण भी कराया गया। विधायक निधि के अलावा क्षेत्र पंचायत आदि के माध्यम से यहां स्थित विशाल तालाब (कुंड) को बृहद तरीके से सुंदरता प्रदान की गयी है। उक्त स्थल व तालाब के आसपास बृहद रूप में बृक्षारोपण एवं पर्यटकों के विश्राम से लेकर पेयजल आदि की सुगम व्यवस्था भी की गई है। परंपरा के अनुसार आज मौर छठ के दिन नव दंपत्तियों द्वारा तालाब में मौर-मौरी को विसर्जन करने के लिए भी सीढ़ियां बनाकर महिलाओं के लिए जो सुरक्षित व्यवस्था की गई है उसकी बहुत प्रशंसा की जा रही है। मेले में प्रातः से ही यहां स्थित तालाब में मौर-मौरी विसर्जन करने वाले नव विवाहिता जोड़ो व उनके परिजनों के अलावा महादेव दर्शन करने बालों की भारी भीड़ भाड़ देखी गई तो इसी बीच सदर विधायक द्वारा मंदिर प्रांगण में हवन पूजन किया तथा मेले का उद्घाटन (शुभारंभ) किया।

## 30 टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित



इटावा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निजी क्षेत्र के चिकित्सालय गंगा ऑर्थो केयर एंड रिसर्च सेंटर के संचालक डॉ. डीके दुबे उनकी माता गंगा देवी पुत्र डॉ. अनुराग दुबे एवं पुत्रवधू हिमानी दुबे के द्वारा 30 टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की गई। पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम गंगा अर्थो केयर एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के जिला क्षय रोग अधिकारी डा. शिवचरण हेंब्रम ने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है नियमित दबा खाने के साथ साथ पोषण युक्त आहार लेना चाहिए। निक्षयमित्र डॉ. डीके दुबे ने कहा की दान गुप्त रूप से करना चाहता था परंतु सरकारी योजना के अंतर्गत प्रचार प्रसार के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए खुलकर सामने आना पड़ा है। उन्होंने कहा ईश्वर ने मुझे इस योग्य बनाया कि मैं लोगों की मदद कर पा रहा हूं। जिला कार्यक्रम समन्वयक कंचन तिवारी ने कहा कि टीबी मरीजों को सरकार निक्षय पोषण योजना के लिए डीवीटी के माध्यम से 500 प्रतिमाह खाते में देती है। जिला पीपीएम समन्वयक निर्मल सिंह ने कहा कि टीबी मरीजों को अधिक से अधिक गोद लेने के लिए सामाजिक संगठनों उद्योगपतियों, निजी चिकित्सालयों, प्रबुद्ध वर्गों, शैक्षिक संगठनों आदि से संपर्क स्थापित करते हुए निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में टीबी क्लीनिक के चिकित्सा अधिकारी डॉ सोहम गुप्ता ने मरीज को अच्छा पोषण लेने की और समय पर दवा लेने की सलाह दी। संचालन जिला पीपीएम समन्वयक निर्मल सिंह ने किया। इस अवसर पर एसटीएस हिमांशु कुमार, योगेन्द्र सिंह, आलोक कुमार, आशुतोष कुमार, वैभव त्रिपाठी एवं अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चे फेसबुक, ट्विटर व इंस्टाग्राम न चलाएं : एसपी क्राइम



इटावा। साइबर क्राइम से बचने के लिए फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम का उपयोग आवश्यकतानुसार व सोच समझ कर करें और बच्चे तो कतई न करें। यह उद्गार सेंटमेरी इंटर कॉलेज में साइबर बचाव और सुरक्षा विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे जनपद इटावा के एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि साइबर क्रिमिनल्स द्वारा मोबाइल में कई तरह से लालच देकर लोगों को ठग लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल में बात करते समय ओटीपी और पासवर्ड शेयर नहीं करना चाहिए, यदि जाने अनजाने आप ठगी का शिकार हो गए हैं तो तुरन्त बिना समय गंवाए साइबर थाने में आकर अपनी कंप्लेंट दर्ज कराएं। साइबर सुरक्षा और बचाव पर आयोजित सेमिनार में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए नेशनल साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट डा. रक्षित टंडन ने अपने उद्बोधन में साइबर अपराधों पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही मोनिटर पर उनके बारे में सत्यता की पुष्टि करते हुए कहा कि बच्चों में जागरूकता के लिए स्कूल में समय समय पर साइबर सुरक्षा के लिए क्लासेज होनी चाहिए। साइबर क्लब की अध्यक्ष कु. मीमांशा चतुर्वेदी (छात्रा) ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। साइबर सेमिनार कार्यक्रम का प्रारंभ कु. आर्तिका के स्वागत भाषण से हुआ। छात्रा कृति ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटमेरी परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## तालाब के घाट पर मोर छठ की पूजा करतीं महिलाएं



जसवन्तनगर, इटावा। सोमवार को क्षेत्र में मोर छठ का पर्व मनाया गया। महिलाएं सूप में रखकर पूजा की थाली लेकर रिश्तेदार, परिवारी जनों के साथ तालाबों पर पहुंचीं और छठ की पूजा कर मोर का विसर्जन किया। क्षेत्र में तालाबो के साथ भोगनीपुर गंग नहर, यमुना नदी, रजवाहा में मोर विसर्जन हुआ। महिलाओं ने तालाबों के घाटों के बीच में बैठकर पूजा की। फिर तालाब में मोर का विसर्जन किया। इतने बड़े पर्व पर भी तालाबों के घाटों की सफाई तक नहीं थी। इससे पहले यह दुर्दशा और इतनी बड़ी लापरवाही कभी देखने को नहीं मिली। इस पर्व को लेकर जनता से चुनकर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की छठ के दिन मोर छठ पर्व मनाया जाता है। जिन घरों में बेटा, बेटियों का इसी साल विवाह होता है उनके मोर जोकि विवाह में दूल्हा व दुल्हन के सिर पर सजता है, उसका विसर्जन होता है। मोर छठ के विसर्जन के लिए सगे संबंधियों, समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाता है। पहले नव दंपत्ति को तालाब, नदी किनारे ले जाकर उनके साथ संयुक्त पूजा कराई जाती है फिर मोर विसर्जन होता है। महिलाएं मोर छठ के गीत गाती हैं, घर पर भोजन कराया जाता है।

## जायंट्स ग्रुप ने किया शिक्षकों का सम्मान

इटावा। जायंट्स ग्रुप ऑफ द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय पंचायतराज राजकीय महिला महाविद्यालय के सभागार में फेडरेशन 5 के पूर्व अध्यक्ष डॉ.ज्ञान चंद्र सक्सेना की स्वर्गीय पत्नी राधा सक्सेना की पुण्य स्मृति में शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. प्रभात कुमार सिंह उपकुलपति उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई ने कहा कि हमारे देश में शिक्षकों का आदर और सम्मान आदिकाल से रहा है, क्योंकि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता है ।वह अपने विशिष्ट ज्ञान से परिवर्तनशील समाज का मार्गदर्शन करता है। जायंट्स ग्रुप और डा. सक्सेना ने शिक्षकों एवं विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान करके एक अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत किया है। इस कार्यक्रम में आकर वास्तव में मैं स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 21/ECTC/2024-25 :** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवं पार्ट- II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 21 कार्य का नाम-: 220 के.वी. उपकेन्द्र, दातागंज बदायूं पर 01 अदद 132 के.वी. अवाडा सोलर ''बे'' के जानपदीय कार्य। कार्य की अनुमानित लागत :- रू. 03.44 लाख, कार्यावधि-: 1 माह। उक्त निविदा की Technical Bib एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.up-ptcl.ogr पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 25.09.2024 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/ अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 26.09.2024 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें' (पत्रांक : 3275, दिनांक 09.09.2024)**

संक्षेप

## दबंगों ने युवती को पीटा

आजमगढ़। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गुरुटोला मोहल्ले में शनिवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में 18 वर्षीय शालीनी गौड पुत्री विरेन्द्र गौड निवासी गुरूटोला गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज हेतु परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## 14 बकरियां उठा ले गये चोर

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव के दो घरों से रविवार की देर रात को चोर 14 बकरियों को उठा ले गए घटना से गांव में दहशत व्याप्त है पुलिस को इस मामले की जानकारी दे दी गयी है। गांव निवासी बरसाती राजभर अपने 10 बकरियों को पतरे से बनाये गए कमरे में बकरियों को बांधकर घर के बरामदे में सोया था रात को आये चोरों ने पतरे के कमरे का दरवाजा का ताला तोड़कर उसमें बंधी दस बकरियों को उठा ले गए उसके पड़ोसी राजपत राजभर की चार बकरियों को भी उठा ले गए बताया जा रहा है कि जब चोर बकरियों को उठा कर ले जा रहे थे तब बस्ती के एक व्यक्ति की आंख खुल गई उसने चोरों से कहा कि बकरियों को कहा ले जा रहे हो तब उन चोरों ने उसे तमंचा सटा कर चुप रहने को कहा। वह व्यक्ति डर कर चुप रह गया। जब चोर बकरियों को लेकर चले गए तब हो षोर मचना षुरू हो गया।

## बाइक के धक्के से महिला की मौत

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के बनुवाडीह बसवरिया निवासी महिला की बाइक के धक्के से मौत हो गयी। बताते है कि 35 वर्षीया अनिता देवी पत्नी विजय कुमार गौतम सब्जी लेने के लिए बसवरिया बाजार में गई थी जैसे ही वह सब्जी लेकर अपने घर की तरफ आ रही थी की पीछे से आरही बाइक जिसे गांव का ही एक व्यक्ति चला रहा था से धक्का लग गया और वह वहां पर गिर पड़ी बाइक सवार को पकड़ने के लिए ग्रामीण दौड़ें लेकिन बाइक सवार वहां से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। आनंन फानन में अपनी निजी वाहन से शाहगंज किसी प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर भरती कराया था जहां पर उनकी मौत हो गई परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही आरोपी बाइक सवार अभी पुलिस के पकड़ से बाहर है उसकी बाइक पुलिस के कब्जे में है।

## संवर्गीय विभागों की डीएम ने की मासिक समीक्षा

आजमगढ़। डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं संवर्गीय विभागों की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी। विभागवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में कृषक हित में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का समय से उनको लाभ दिया जाय। जनपद में उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित किये जाने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किये जाय। खेत-तालाब योजना के लाभार्थियों को मत्स्य पालन से जोड़ने हेतु भूमि संरक्षण अधिकारी एवं मत्स्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने जनपद में उर्वरक की सुनिश्चिता बनाये रखने हेतु जिला कृषि अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। वृहद गौ-संरक्षण के सम्बन्ध में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये कृषक उत्पादक संगठन (एफ0पी0ओ0) एवं निर्यात सम्बन्धित कलस्टर निर्माण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अन्नदाता कृषकों द्वारा विभिन्न फसलों का अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है, जिसे स्थानीय बाजार में मांग के अनुसार पूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है, लेकिन जनपद के कृषि उत्पादन के क्षेत्र में विश्व पटल पर पहचान बनाने हेतु निर्यात की सम्भावनाओं पर बल दिये जाने की आवश्यकता है। क्योंकि जिस कृषि उत्पाद का जनपद से एक बार निर्यात शुरू हो जायेगा तो उस उत्पाद पर इस आशय का होलोग्राम/ लोगो एक्सपोर्ट क्वालिटी अंकित किया जा सकता है, इससे स्थानीय उपभोक्ता भी क्रय करने में गर्वान्वित महसूस करेंगें। इस कार्य हेतु जनपद के सभी विकास खण्डों में कृषकों के उत्थान हेतु गठित कृषक उत्पादक संगठन महति भूमिका सुनिश्चित कर सकता है। निर्यात के सम्बन्ध में जो भी आवश्यक कार्य हों, उसको जनपद के कृषि संवर्गीय अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करायें जिससे कृषकों/एफ0पी0ओ0 को तत्काल लाभान्वित किया जा सके।

# चिकित्सालय के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों की लगायी जाये सूची



सोनभद्र। डीएम बीएन सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक की, श्री सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों की सूची रोस्टर के अनुसार लगाई जाए, जांच एक्स-रे से संबंधित लगने वाले शुल्क की भी सूची लगाई जाए, जिससे कि अस्पताल में आने वाले मरीज को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अनटाईड फंड खर्च का विवरण और कार्य योजना के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक से जानकारी ली तो कार्य योजना संबंधित पत्रावली घोरावल व चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रभारी द्वारा ही प्रस्तुत की गई, अन्य केंद्र के प्रभारी द्वारा कोई कार्य योजना प्रस्तुत नहीं की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने घोरावल और चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को छोड़कर बाकी सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत जनपद के चिन्हित 19 प्राइवेट चिकित्सालयों के निरीक्षण के संबंध में संबंधित प्रभारी अधिकारी व डॉक्टर से जानकारी प्राप्त की तो वह अस्पताल के निरीक्षण के सम्बन्ध में संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, जिस पर डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड योजना हेतु प्रभारी डॉक्टर द्वारा चिन्हित अस्पतालों का निरीक्षण नियमानुसार नहीं किया जाता है, तो संबंधित डॉक्टर व प्रभारी के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी जाए। उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि डिलेवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सब सेन्टरों पर ही हो, जिससे कि प्रसव के दौरान महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें, उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व डी0पी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सब सेन्टरों पर मानक के अनुरूप ए0एन0एम0 की तैनाती सुनिश्चित की जाये, जिन सब सेन्टरों पर पानी, बिजली आदि से सम्बन्धित समस्या हो, उसका शीघ्र ही निराकरण कराया जाये। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों के प्रगति की निगरानी रोस्टर बनाकर निर्माण कार्य की प्रगति की जॉच सभी डिप्टी सीएमओं के माध्यम से जांच कराई जाए। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का शत प्रतिशत भुगतान किया जाए, आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा नियमित रूप से भ्रमण किया जाए और आरबीएसके. की टीम के कार्यों की मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से कराई जाए।

## चकबंदी समिति की बैठक



करमा(सोनभद्र)। राबर्ट्सगंज तहसील अंतर्गत कसया खुर्द गांव मे चल रही चकबंदी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए धारा 11 के क्रम मे कसया खुर्द गांव के सार्वजनिक स्थान ब्राह्मबाबा मंदिर परिसर में गांव के सम्पूर्ण किसानो व चकबंदी समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ कानूनगो ओम पासी की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे मुख्य रूप से गांव में आवश्यकतानुसार सार्वजनिक रास्ता हेतु स्थल का चिन्हाकन किया गया।

कानूनगो श्री पासी ने बताया कि किसानो को उनकी सुविधा को देखते हुए आये हुए प्रस्तावो के मुताबिक सार्वजनिक रास्ता व चक तक पहुँचने के लिए चकरोड की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि कसया खुर्द की चकबंदी तीन माह के अंदर फाइनल कर दिए जाने की पूरी उम्मीद है। इस मौके पर लेखपाल रोहित तिवारी, शौरभ सिंह, ग्राम प्रधान नागेंद्र सिंह, चकबंदी सदस्य राजेश मिश्र, त्रिपुरारी, उमाकांत मिश्र, प्रभाशंकर मिश्र, प्रभुनारायण सहित एक दर्जन से अधिक किसान गण उपस्थित रहे।

# खेत में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

मीरजापुर। थाना विंध्याचल क्षेत्र के सगरा गोसाई पुरवा रेल पटरी से 100 मीटर दूर एक खेत में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही है। बताते हैं कि कोतवाली थाना क्षेत्र के सगरा गोसाई पुरवा पुरानी रेल पटरी के समीप सुबह गांव की संतोषी देवी व अन्य महिलाएं घास काटने गई हुई थीं। घास काटते समय दुर्गंध आने पर महिलाओं को एक खेत के मेड़ के नीचे झाड़ी में एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखा। महिलाओं ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान उमाशंकर यादव को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर विंध्याचल पुलिस मौके पर पहुंची। शव के पास मिठाई का डिब्बा पड़ा था। उसे डिब्बे पर क्लासिक इंडियन अंकित था। पास में एक झोला भी बरामद हुआ। जिस पर विनोद वस्त्रालय चौराहा माता मंदिर के सामने देईपुर बरोड़ा बाजार भदोही चौराहा वाराणसी लिखा था। शरीर पर काले रंग का फुल पैंट, खाकी कलर का शर्ट है। शव देखने से लग रहा था कि लगभग 10 दिन पहले ही मौत हुई होगी। आस-पास के लोगों ने बताया कि उसकी हत्या कर दी गई है। गले में तार के चोट के निशान भी हैं। पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की। थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश पांडेय ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पहचान के लिए 72 घंटे पोस्टमार्टम में रखा जाएगा। सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से सूचना दी गई है। जल्दी ही पहचान कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## अध्यक्ष डॉ.संजय मौर्या और डॉ.मनोज सिंह सचिव निर्वाचित



मीरजापुर। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन मीरजापुर शाखा की आम सभा की बैठक होटल भगवती रेजीडेंसी में अध्यक्ष डॉ. ए के सिंह की अध्यक्षता में सम्पन हुई, जिसमे आम सहमति में नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन हुआ, जिसमें अध्यक्ष डॉ संजय मौर्या, सचिव डॉ मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ.के सी वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.राजेश मौर्या, उपाध्यक्ष डॉ विनीत द्विवेदी, उपाध्यक्ष डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, वरिष्ठ संयुक्त सचिव डॉ.आलोक पाण्डेय, संयुक्त सचिव डॉ. रेशमा निगार, संयुक्त सचिव डॉ एस के बागची, वरिष्ठ सहायक सचिव डॉ सुनील गुप्ता, सहायक सचिव डॉ रितेश चौरसिया, सहायक डॉ तपन अधिकारी, आय व्यय निरीक्षक डॉ राजेश मौर्या, विमेंस फोरम चेयरमैन डॉ शोभना श्रीवास्तव, प्रांतीय प्रतिनिधि डॉ अरविंद श्रीवास्तव, संरक्षक डॉ डी एल श्रीवास्तव डॉ एल एम सिंह डॉ अफजाल अहमद कार्यकारिणी सदस्य डॉ एस के मिश्रा, डॉ शिव दयाल, डॉ अनूप कुमार, डॉ रवि दुबे, डॉ भान प्रताप, डॉ आरिफ, डॉ एस के गुप्ता, डॉ के के सिंह, डॉ शेख रजा, डॉ सी एल बिन्द डॉ अदिति जैन निर्वाचित हुए, आई पी पी डॉ ए के सिंह नें समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारी गण को माल्यार्पण पर नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

# श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन




आजमगढ़। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कार भारती आर्यमगढ़ द्वारा श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन श्री अग्रवाल धर्मशाला पुरानी कोतवाली में सकुशल सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद अग्रवाल द्वारा दीप जलाकर पुष्पार्चन से हुआ। इसके पश्चात शरद तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना एवम डॉ पूनम तिवारी, रश्मि डालमियां द्वारा संस्था का ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ डीपी तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अंशु अस्थाना एवं विजयेंद्र श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें शिशु वर्ग, बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग के प्रतिभागी बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसके संयोजक एडवोकेट अभयदत्त गोंड़ व डॉ पूनम तिवारी रहीं, सहसंयोजक के रूप में अनिता श्रीवास्तव, दीपशिखा पांडेय और अंशु अस्थाना जी रहीं।

कार्यक्रम के बारे में बताते हुये संस्था अध्यक्ष डॉ डी पी तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बीच प्रतियोगिता नही है बल्कि उनके अंदर श्री कृष्ण के भाव एवम संस्कार को जगाना है जिससे उनके अंदर भारतीय संस्कृति के संस्कार प्रवाहित हो सके और बच्चे सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक हो सकें।

निर्णायक मंडल द्वारा शिशु वर्ग में श्रेयांश अग्रवाल प्रथम, अनन्या उपाध्याय द्वितीय एवम यशस्वी जैसल तृतीय स्थान, बाल वर्ग में अक्षत गुप्ता प्रथम, जान्हवी राय द्वितीय और रुद्र उपाध्य तृतीय स्थान, किशोर वर्ग में कृष्ण चौबे प्रथम, प्रखर उपाध्याय द्वितीय और प्रियम मौर्य तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में ममता राय, मनन पांडेय व अनिता द्विवेदी उपस्थित रहीं। इस अवसर संस्था के सभी सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टार हेल्थ की ओर से तीज क्वीन का हुआ सम्मान



गओबरा(सोनभद्र)। स्थानीय इनरव्हील क्लब ओबरा ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ तीज महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीपिका तिवारी ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर तीज महोत्सव की धूमधाम को और बढ़ाया। क्लब की सदस्यों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से त्योहार की महत्ता और परंपराओं को जीवंत किया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण शतीज क्वीनश प्रतियोगिता रही, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं तीज क्वीन का खिताब प्रियंका सिंह ने अपने नाम किया, मीनाक्षी फर्स्ट रनरअप रही, दीपिका तिवारी को बेस्ट डांसर अवार्ड से नवाजा गया तौकीर फातिमा को बेस्ट वॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया। संगीता केसरी को बेस्ट ड्रेस अवार्ड से सम्मानित किया गया स्वाति को बेस्ट सिंगिंग अवॉर्ड मिला प्रतिभागियों ने अपनी अदाओं, पहनावे और प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा ने पूर्व प्रधानाचार्य राम यादव, कमला सिंह, अन्नपूर्णा सिंह, शीला श्रीवास्तव को सम्मानित किया निर्णायक मंडल की भूमिका में शशि द्विवेदी एवं परमजीत कौर द्वारा शतीज क्वीनश का चयन किया गया और तीज क्वीन विजेता को स्टार हेल्थ के मैनेजर जितेंद्र श्रीवास्तव की ओर से सम्मानित किया गया। स्टार हेल्थ की टीम ने विजेता को सम्मानित करते हुए महिलाओं की स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया।

## सिरसी बांध के डूब क्षेत्र में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

मीरजापुर। थाना सन्तनगर क्षेत्र के बनकी गांव में सिरसी बांध के डूब क्षेत्र में पानी में उतराया हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। बताते हैं कि ग्रामीण बनकी गांव के सिरसी बांध डूब क्षेत्र में पशुओं को पानी पिलाने ले गए थे। वहां पानी में शव उतराया दिखने पर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। प्रधान के प्रतिनिधि दीपक पटेल ने संतनगर थानाध्यक्ष को फोन कर शव मिलने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस 45 वर्षीय व्यक्ति का शव पानी से निकलवाकर पहचान कराने में जुटी रही। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। शिनाख्त न होने पर 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव और शरद चंद्र महासचिव मनोनीत

जौनपुर। कायस्थ समाज की राष्ट्रीय संस्था राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद की कार्यकारणी की बैठक यहां मंगलम लॉन मियापुर में आयोजित की गई। अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव ने की जिसमें राष्ट्रीय व प्रदेश के पदाधिकारी ने प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में जौनपुर की कार्यकारणी का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया गया। तदोपरांत संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश महा सचिव संजीव श्रीवास्तव ने संस्था के उद्देश्य और विस्तार के बारे में बताया। प्रदेश अध्यक्ष राकेश ट्विकले माथुर ने पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर सम्मानित किया। प्रेसीडेंट पंकज श्रीवास्तव व महासचिव शरद चंद्र श्रीवास्तव ने कार्यकारणी सदस्यों का परिचय कराया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार श्रीवास्तव दादा, कोषाध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डा विजय श्रीवास्तव, नवीन कुमार श्रीवास्तव, संजय अस्थाना, आशीष श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव हिमांशु अस्थाना, लोकेश श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, को नियुक्ति पत्र सम्मान पत्र दिया गया। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने किया।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर हुई प्रतियोगिता



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव दिनांक 07 सितंबर 2024 से 16 सितंबर 2024 तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे-फैन्सी ड्रेस, नृत्य, शंखनाद, चित्रकला प्रतियोगिता, पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता, मूर्तिकला, गीत-गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्री प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुजा समिति द्वारा बाल वर्ग कक्षा 03 तक एवं कक्षा 04 से कक्षा 08 एवं कक्षा 09 से ऊपर तक के बच्चों हेतु गणेश थीम पर आधारित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रातः 11.00 बजे से मंदिर प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में बच्चों ने गणेश भगवान जी की मनमोहक चित्र बनाकर अपनी-अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। साथ ही सायं 8.00 बजे से फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ज्यादा संख्या में बच्चों नें विभिन्न परिधानों में सज-संवरकर भाग लिया।

# नदियों के संरक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन



आजमगढ़। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा संचालित जिला गंगा समिति आजमगढ़ सामाजिक वानिकी विभाग आजमगढ़ एवं राजकीय पॉलिटेक्निक आजमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में नदियों के संरक्षण हेतु प्लास्टिक उन्मूलन एवं अपशिष्ट प्रबंधन के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संबंधित विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक के शिक्षक एवं जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अपशिष्ट प्रबंधन की समस्या एवं समाधान के विषय पर बताया। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को जलाने पर जहरीले गैस निकलती है, जो गंभीर बीमारियों को जन्म देती है। सिंगल यूज प्लास्टिक को डीकंपोज होने में सैकड़ों वर्ष लगते हैं, यह नदियों में जाकर पानी को प्रदूषित करते है। आज पानी में खाने पीने की चीजों में माइक्रो प्लास्टिक पाए जा रहे हैं। भारत दुनिया में सबसे अधिक प्लास्टिक कचरा पैदा करने वाला देश बन गया है। इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने इस विषय पर समाधान के विषय में भी बताया। उन्होंने रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल के सिद्धांत के तहत पॉलिथीन एवं प्लास्टिक बोतल से ईको ब्रिक बनाने के विषय में छात्रों को सिखाया। श्री सिंह ने बताया की राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्रों एक लाख पॉलिथीन से ईको ब्रिक बनाएंगे तथा इसका उपयोग दीवाल बनाने व अन्य स्ट्रक्चर बनाने में करेंगे। श्री सिंह ने प्लास्टिक बोतल ग्लूकोस बॉटल को रीयूज करके छात्रों को ड्रिप इरिगेशन किट बनाना भी सिखाया। जिससे छात्र संस्था एवम अपने घर भी पौधों की सिंचाई भी करेंगे। छात्राओं ने कार्यशाला में पुराने कपड़ों से घर पर कपड़े का बैग बनाकर बांटने का भी संकल्प लिया तथा चतराओ ने नमकीन एवं चिप्स के रैपर से यूटिलिटी बॉक्स बनाना भी सीखा।

## राजा यादवेंद्र दत्त दूबे की पुण्य तिथि मनायी

जौनपुर। राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर में आज स्व राजा जौनपुर की पचीसवी पुण्य तिथि मनाई गयी। महाविद्यालय के नव निर्वाचित प्रबंधक सत्यराम प्रजापति प्राचार्य डॉ शंभू राम ने दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभी शिक्षक एवम शिक्षणेतर कर्म चारियों ने राजा साहब की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पुण्यतिथि पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महविद्यालय के प्रबंधक सत्यराम प्रजापति ने कहा कि स्व राजा साहब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कुशल राजनीतिज्ञ महादानी विद्यानुरागी, जानकार प्रखर राष्ट्रवादी विचार धारा के पोषक थे। स्वतंत्र भारत के इतिहास में भी राजा साहब का महत्व पूर्ण योगदान था। आप तीन बार विधायक एक बार सांसद व विधानसभा में नेता विरोधी दल भी रहे। महाविद्यालय की स्थापना करके आपने शिक्षा के क्षेत्र में महत्व पूर्ण योगदान दिया है। प्रबंधक जी ने कहा कि राजा साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाए यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शंभू राम ने कहा कि राजा साहब राजनीति के पुरोधा थे। राजनीति, समाज और शिक्षा के क्षेत्र में आपका अमूल्य योगदान रहा है। जिसे आज भी याद किया जाता है। आप विभिन्न विद्यायो के जानकर के साथ साथ ओजस्वी वक्ता भी थे। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 अवधेश द्विवेदी ने अपने संबोधन में राजा साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# मंगेश यादव एनकाउंटर की जांच को लेकर आगे आया यादव महासंघ



- जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन: दिनेश फौजी
- जांच करके पीड़ित परिवार को न्याय के साथ दोषी को सजा मिले: डा. यदुवंशी

जौनपुर। मंगेश यादव एनकाउंटर की न्यायिक जांच कराने को लेकर यादव महासंघ के तत्वावधान में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

इस मौके पर बताया गया कि मंगेश यादव निवासी अगरोरा थाना बक्सा जनपद जौनपुर को पीड़ित परिवार के अनुसार विशेष टास्क फोर्स तथा बक्सा थाना पुलिस द्वारा डकैती का मामला दिखाकर रात्रि 2 बजे घर से पूछताछ के लिये ले जाकर थाना में दो दिन रखा जाता है। इसके बाद मुठभेड़ दिखाकर हत्या कर दिया जाता है।

महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव फौजी ने कहा कि जिस लूट में मंगेश यादव का एनकाउंटर किया गया, उसमें अन्य जाति के लोग भी आरोपी थे। यहां तक कि मुख्य आरोपी को सही सलामत आत्मसमर्पण करवाया गया और मंगेश को यादव होने की सजा भुगतनी पड़ी। यदुवंशी परिषद के संयोजक डा. ब्रजेश यदुवंशी ने कहा कि मंगेश यादव प्रकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार न्यायिक जांच करवाये जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। वहीं जो भी दोषी हो, उसे दण्डित भी किया जाना चाहिये। राजेश यादव लोहिया प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, डॉ जंग बहादुर यादव, जवाहर लाल यादव, फूलचन्द यादव, बृजेश यादव जिला पंचायत सदस्य, अनिल यादव प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, अरुण यादव एडवोकेट, श्रवण जायसवाल, पंकज यादव, नीरज यादव, राम साहब यादव प्रधान, राकेश यादव, अवधेश यादव, मैन बहादुर यादव, राजनाथ यादव, कृष्ण कुमार यादव सभासद, कमलेश यादव फौजी, हवलदार यादव फौजी, अनिल यादव फौजी, संतोष यादव फौजी, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## नव नियुक्त लेखपालों का प्रशिक्षण शुरू

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में नव नियुक्त लेखपालों को प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी नवनियुक्त लेखपालों से कहा कि पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे कि फील्ड में जाने पर किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक ज्ञान किताबी ज्ञान से अधिक महत्वपूर्ण होता है।



शासन और आमजनमानस की लेखपालों से उम्मीदें जुड़ी होती है। सभी लेखपाल कास्तकारो से अच्छा व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद सिंह ने बताया कि लेखपाल भर्ती परीक्षा में 249 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 229 अभ्यर्थियों द्वारा जनपद की विभिन्न तहसीलों में कार्यभार ग्रहण किया गया है। प्रशिक्षण हेतु लेखपालों का 02 बैच बनाया गया है। प्रशिक्षण इस प्रकार से कराया जायेगा कि अभ्यर्थी 06 माह का क्लासरूम प्रशिक्षण तथा 06 माह का क्षेत्र प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। श्रीमती अर्चना ओझा, डिप्टी कलेक्टर, ज्ञानप्रकाश यादव, डिप्टी कलेक्टर पवन कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जौनपुर व सौरभ कुमार, तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।

## औद्योगिक मैत्री बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल के स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित औद्योगिक मैत्री बैडमिंटन टूनार्मेंट का समापन एक रोमांचक फाइनल मैच के साथ



हुआ। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त 2024 से 31 अगस्त 2024 तक आयोजित किया गया, जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल, एनटीपीसी रिहंद, एनटीपीसी सिंगरौली, रिलायंस पावर (सासन), अदानी पावर (सिंगरौली), हिंडाल्को (महान एल्युमीनियम), नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड और सिंगरौली जिला प्रशासन की टीमोंने भाग लिया। इस टूर्नामेंट को दो श्रेणियों में बांटा गया, जिसमें ग्रुप-ए से एनटीपीसी विंध्याचल, हिंडाल्को एवं सिंगरौली जिला प्रशासन की टीमों ने भाग लिया। वहीं ग्रुप-बी से एनटीपीसी रिहंद, एनटीपीसी सिंगरौली, रिलायंस एवं नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की टीमों ने भाग लिया। उपस्थित जन-समूह को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने टूनार्मेंट के सफल आयोजन हेतु खेल परिषद, विंध्याचल के पदाधिकारियों और सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा परियोजना द्वारा इस प्रकार की खेल गतिविधियों के आयोजन को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की। सर्वप्रथम यह प्रतियोगिता ग्रुप-ए से एनटीपीसी विंध्याचल और ग्रुप-बी से नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के बीच रोमांचक मुकाबला के साथ खेला गया, जिसमें पहले क्वालीफायर में एनटीपीसी विंध्याचल ने एनसीएल को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और दूसरे क्वालीफायर में एनसीएल ने रिहंद को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड नें एनटीपीसी विंध्याचल को हराकर विजयी हुई।

संक्षेप

## ट्रेन की चपेट मे आने से युवती की मौत

**भटनी(देवरिया)** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर -3 पर सायंकाल बैशाली एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट मे एक 20वर्षीया युवती की दर्दनाक मौत हो गयी ।

बताया गया है कि लगभग 3:30 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन के लाइन संख्या 5 पर एक 20 वर्षीयायुवती रन थ्रू जा रही वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी होने पर जीआरपी थाने पर तैनात उप उप निरीक्षण योगेश कुमार यादव मौके पर पहुंचकरशव प्लेटफार्म संख्या तीन पर लाकर छानबीन शुरू किया तो पता चला गया की युवती बनकटा थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली बघेल निवासी स्वर्गीय शंकर राजभर की पुत्री लक्ष्मी कुमारी है । घटना की सूचना शीघ्र परिजनों को दी गयी।परिजन मौके पर पहुंच गये है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है।

# राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी है भाजपा : कामेश्वर

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा जिला पंचायत सभागार में आयोजित सदस्यता अभियान में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने उपस्थित किसानों को मिस्ड काल के माध्यम से

**● किसान मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान आयोजित**

पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मुखलाल ने किसानों को प्रेरित करने वाला सुंदर गीत भी प्रस्तुत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही साथ ही राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी भी है। कोई राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से हर 6 साल में सदस्यता अभियान नहीं करता।



उन्होंने कहा कि भाजपा के संविधान के मुताबिक, हर 5-6 साल बाद नए सिरे से सबको फिर से पार्टी का सदस्य बनाया जाता है। कोरोना संकट के समय यह सदस्यता अभियान सीमित रूप से नही चल पाया था, लेकिन अब 2 सितंबर से पार्टी फिर से पूरे देश में अपना सदस्यता अभियान शुरू कर चुकी है और पिछले तीन दिन में ही पार्टी ने 1 करोड़ सदस्य बना लिए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2014 तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हुआ करती थी लेकिन 2014 में जब भाजपा के 11 करोड़ सदस्य बने, उसके बाद भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई।इस बार किसान मोर्चा की जिले की इकाई को हर मंडल में 1100 सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है ।इस हिसाब से मोर्चे की जिला इकाई 35 हजार सदस्य बनाने का संकल्प लेकर चल रही है । जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे जनपद में पार्टी के कार्यकर्ता हर बूथों पर जाकर सदस्यता का कार्य कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर पार्टी कैंप लगाकर भी सदस्यता कर रही है, मुझे पूरा विश्वास है सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य हमे मिला है उससे कहीं अधिक सदस्य बनाकर हम पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे । कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री काशीपति शुक्ला ने किया । कार्यक्रम को किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बंधु उपेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया । इस दौरान किसान मोर्चा के जिला महामंत्री भगवान यादव, रविंद्र कुंवर राय, दिनेश पांडे, हृदय लाल शर्मा, मुकेश कुमार राय, ओमप्रकाश चौरसिया, विवेक मणि, अजय दुबे वत्स, गिरिजेश सिंह, वाई के तिवारी, सुमंत चतुवेर्दी, विद्यासागर मिश्रा, सुनील चतुवेर्दी, सुशील सिंह, दिवाकर चंद्र यादव, बलवंत सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## कृषि मंत्री ने वरिष्ठ कार्यकर्ता को सदस्यता ग्रहण कराई

भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत सोमवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने देवरिया में अपने राघव नगर स्थित आवास पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नथुनी सिंह कुशवाहा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान के बाइक की डिक्की तोड़कर 2 लाख 60 हजार उड़ाए

**रूद्रपुर, देवरिया।** मकान बनवाने के लिए बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रहे बाइक सवार ग्राम प्रधान की डिक्की तोड़कर लुटेरों ने 2 लाख 60 हजार रुपया उड़ा दिया और चंपत हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डाला के प्रधान मुलायम यादव पुत्र सत्यनारायण यादव यूनियन बैंक के दो खाते से 1 लाख 40 हजार और 1 लाख 20 हजार रुपए निकाल कर बाइक की डिग्गी में रख लिया। घर जाते समय खजुहा चौराहे पर एक मिठाई की दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर स्टेशनरी की दुकान से लिफाफा खरीदने चले गए। पहले से पीछा कर रहे बदमाशों ने बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखा पैसा उड़ा लिया और दूर खड़ी मोटरसाइकिल पर सवार होकर चंपत हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया। पुलिस ने बैंक से लेकर घटनास्थल तक कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले किंतु लुटेरों का पता नहीं चल पाया। हालांकि पुलिस सीसी फुटेज के आधार पर घटना के शीघ्र पदार्फाश का दावा कर रही है। लगभग 11:30 बजे दिन में खजुहा चौराहे पर हुई इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

## महा सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**देवरिया** । भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा महा सदस्यता अभियान 2024 के अवसर पर भूमि विकास बैंक क्वापरेटिव चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सम्बोधित कर अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान हेतु समर्पित भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के लिए सभी से अपील किया ।मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सहकारी विकास बैंक के अध्यक्ष व संगठन के जिला प्रभारी संतराज यादव, सहकारिता के सदस्य और अन्य नेता गण उपस्थित रहे ।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 10 को

**देवरिया** । जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया है कि 10 सितंबर को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया एवं माडल कॅरियर सेन्टर, देवरिया के संयुक्त तत्वाधान में पूर्वाह्न 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर देवरिया में आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार की कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेला में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थी विभिन्न कम्पनियों या पदों के लिए आवेदन करने के लिए (१ड्ड१२ल्लें.४स्त्र.ड्ड५.ल्ल) रोजगार संगम पोर्टल या एन०सी०एस०पोर्टल पर आवेदन कर निर्धारित तिथि को प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

## उर्वरक एवं बीज लाइसेंस कैंप का आयोजन 12 को

**देवरया** । जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि जनपद में संचालित सभी एफ०पी०ओ० (कृषक उत्पादन संगठन) को उर्वरक एवं बीज के प्राधिकार पत्र लाइसेन्स जारी करने हेतु 12 सितंबर को जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे से सांय 5 बजे तक कैम्प का आयोजन किया जा रहा है ।जिस कृषक उत्पादक संगठन का अब तक उर्वरक एवं बीज का लाइसेन्स नही जारी हुआ है, वे कैम्प में उपस्थित होकर लाइसेन्स के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## छात्रा ने सेमरा पुल से नदी में लगायी छलांग

**रूद्रपुर, देवरिया।** मदनपुर थाना अंतर्गत सेमरा पुल से सोमवार को दिन में लगभग 11 बजे एक छात्रा ने नदी में छलांग लगा दी। उसने अपना बैग पुल के रेलिंग पर ही रख दिया था। जिससे उसकी पहचान नेहा पुत्री रामनिवास निवासी भदिला दोयम के रूप में हुई। छलांग लगाने के बाद नदी में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने छात्रा की खोजबीन की किन्तु कहीं पता नहीं चला। मछुआरों के अनुसार उक्त छात्रा मोबाइल से बात करते करते पुल से कूद गयी। सूचना पाकर पुलिस ने भी छानबीन करनी शुरू किन्तु समाचार लिखने तक छात्रा का पता नहीं चल पाया था। बैग से मिले कागजात के आधार पर उक्त छात्रा किसी कॉलेज में 12वीं क्लास में पढ़ रही थी।

# विनेश फोगाट पर बृजभूषण शरण सिंह के बयान पर भड़की कांग्रेस



**अयोध्या।** एथलीट विनेश फोगट के राजनीतिक में आते ही कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा के पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह हमलावर हो गए हैं। जिस पर कांग्रेस नेताओं ने आड़े हाथों लिया है। विनेश फोगट हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हैं।

कांग्रेस के महासचिव जयकरण वर्मा ने सोमवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में भाजपा के पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह पर जमकर भड़ास निकाली। चुनौती दी है कि हरियाणा आकर भाजपा का प्रचार करें, अपनी शक्ति दिखाएं व जीत दर्ज कराएं। कहा कि विनेश फोगाट जो हमारे तिरंगे के लिए लड़ने का काम करती हैं। बृजभूषण शरण सिंह का बयान आया था कि अगर ओलंपिक में मेडल नहीं आया तो बृजभूषण शरण सिंह को खुशी होती है। क्या देश के लिए मेडल लाना गलत है। जो देश का तिरंगा ऊंचा करती है, उस पर बृजभूषण शरण सिंह का बयान शर्मनाक है। बयान पर उन्हें शर्म आनी चाहिए। उनका दिया गया बयान क्या देश के खिलाफ नहीं है। क्या यह बीजेपी का बयान माना जाए। क्या यह देशद्रोह के श्रेणी में नहीं आता है। यह भी बात सामने आ रही है कि बृज भूषण शरण सिंह हरियाणा में जाकर देश की बेटी को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेंगे। तो मैं भी कांग्रेस का प्रदेश सचिव बृजभूषण शरण सिंह को हरियाणा में आने का आमंत्रण भेजता हूं। आप लोगों के माध्यम से उनको आमंत्रण दे रहा हूं कि वह आएं और अपनी शक्ति का प्रदर्शन करें।

# आजमगढ़ के सांसद ने किया मथुरा में पौधरोपण

## सपा नेता ने चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के आजमगढ़ लोकसभा से सांसद धर्मेंद्र यादव का मथुरा आगमन हुआ सभी समाजवादी साथियों में उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया तथा इस मौके पर सांसद ने कालिंदी ग्रीन कॉलोनी स्थित कार्यालय पर वृक्षारोपण भी किया।



सांसद ने कहा प्रत्येक समाजवादी कार्यकर्ता और नेताओं की जिम्मेदारी है मान सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए तथा संविधान की रक्षा के लिए पीडीए को एकजुट होकर 2027 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव को प्रदेश की बागडोर सोपनी होगी और भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश से उखाड़ फेंकना होगा। जिस तरीके से लगातार प्रदेश की कानूनी व्यवस्था मां बहन बेटियों की इज्जत भारतीय जनता पार्टी की सरकार में तार तार हो रही है ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर प्रदेश में जंगल राज चल रहा है ।इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता प्रदीप चैधरी व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने सांसद श्रीयादव का चांदी का मुकुट और पगड़ी पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया तथा संचालन जिला महासचिव सुभाष पाल ने किया। तमाम समाजवादी साथी वरिष्ठ नेता प्रहलाद यादव रवि यादव डॉक्टर अबरार हुसैन विभोर गौतम मुन्ना मलिक पवन चैधरी गगन रावत शिवचरण तोमर मनीष अग्रवाल महेंद्र चैधरी प्रशांत चैधरी कृपाल चैधरी गौरव गोस्वामी कृष्ण मुरारी मैथिल आर शर्मा दर्शन यादव शैलेंद्र यादव ओम प्रकाश यादव दिनेश यादव राजकुमार वर्मा ब्रजकिशोर कन्हैया बघेल पोपसिंह सचिन पहलवान सोनू यादव सोनू ठाकुर धर्मेंद्र चैधरी धीरेंद्र यादव काले खान साबिर कमरुद्दीन मलिक सतीश पटेल मुरारी लाल यादव मुरारी लाल शर्मा कन्हैया शर्मा चेतन चैधरी गोविंद सिंह जितेन सेगर अनिल अग्रवाल सहित तमाम समाजवादी साथी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

# परशुराम शोभा यात्रा समिति ने वामन भगवान शोभायात्रा को सफल बनाने का किया आह्वान

**मथुरा।** भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा के निवास पर आयोजित हुई जिसमें द्वितीय बार 15 सितंबर को निकलने वाली निकलने वाली वामन भगवान शोभा यात्रा को सफल बनाने का आवाहन किया गया पं राम गोपाल शर्मा ने कहा कि समाज के युवाओं द्वारा द्वितीय बार निकल जा रही भगवान वामन की शोभायात्रा का सभी समाज को सहयोग करना चाहिए मैं उनके उत्साह को प्रणाम करता हूं समाज के ऐसे कार्यक्रम बंधुत्व की भावना को मजबूत करते हैं।



हिंदूवादी नेता पं संजय हरियाणा ने कहा कि सभी को इस आयोजन को भव्यता प्रदान करनी है हम ब्राह्मण समाज से आवाहन करते हैं कि वह वह एक झुकता का प्रदर्शन कर 15 सितंबर को भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम शर्मा महामंत्री अर्जुन पंडित ने कहा कि वामन भगवान भगवान विष्णु के अवतार हैं इसलिए सभी बृजवासी इस कार्यक्रम को सफल बनाएं क्योंकि भगवान को किसी जाति के बंधन में बंधा नहीं जा सकता। बैठक का संचालन अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के ब्रज क्षेत्र महामंत्री पंडित राजेश पाठक ने किया बैठक में प्रमुख रूप से विजय शर्मा पार्षद, कुलदीप शास्त्री, ज्योति चतुवेर्दी, सुमेंद्र शर्मा, मनीष गुप्ता, रोहित यादव, प्रमोद दीक्षित , प्रमोद दीक्षितआशीष चतुवेर्दी आशीष शर्मा , सर्वेश चतुवेर्दी,राज नारायण , पंकज चतुवेर्दी आदि उपस्थित थे।

# प्राचीन शिव हनुमान मंदिर का हुआ भूमि पूजन

**अयोध्या।** सीतापुर आँख अस्पताल स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर का भूमि पूजन सोमवार को भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन के यजमान लालजी वैद एवं उनकी पत्नी पूनम वैद रही।

मुख्य अतिथि की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जी व अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ, विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहा कि मंदिर निर्माण भव्य एवं दिव्य किया जाएगा किसी भी प्रकार की धन की अड़चन नही आने दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायती ट्रस्ट मंदिर के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश वैध ने की, तथा संचालन भाजपा नेता दिनेश जायसवाल द्वारा किया गया सभी रामभक्तों, हनुमान भक्तों और भोलेनाथ के भक्तों ने जय श्रीराम, जय हनुमान, जय भोलेनाथ का उद्घघोष किया। मीड़िया प्रभारी अभिषेक वैध व अधिवक्ता राजीव शुक्ल ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से नगर निगम अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पार्षद राजेश गौड, बार एशोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बब्बन चैबे, पंचायती मंदिर के दशरथ लाल, लालजी वैध, भाजपा के पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल (अन्नू), अधिवक्ता परिषद् अवध प्रान्त के उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव शुक्ला, आनन्द किशोर, विमल किशोर, विशाल वैद, बद्री प्रसाद, भारत भूषण, अंकित वैध, जितेन्द्र कुमार, रितेश कुमार, मुकुल वैध, वैध निषाद, गोपाल दास, अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, वैध राम प्रकाश पाण्डेय, सरद कुमार पाठक, अधिवक्ता मार्तण्ड प्रताप सिंह, शारदा प्वैध, तिवारी सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## ब्लूमिंग रोज एकेडेमी में निःशुल्क चर्म रोग शिविर आयोजित



**देवरिया** । शहर के ब्लूमिंग रोज ऐकेडमी, नेहरू नगर विद्यालय में निःशुल्क चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधा चौधरी ने विद्यालय के बच्चों एवं उनके विभागों के कैसे नाखून स्क्रीन आज का जांच कर मुफ्त में दवाएं वितरित की। इसके पूर्व विद्यालय की प्रिंसिपल अंजली यादव ने बुके देकर, माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर डा0 सुधा चौधरी सहित अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता अजय उपाध्याय जी रहें। विद्यालय के प्रबन्धक विजय पटेल ने आये हुए अतिथिगण का स्वागत कर शिविर का शुभारंभ किया। निःशुल्क हेल्थ चेक-अप कैम्प के माध्यम से लगभग 200 लोगों का जांच किया गया। डॉ0 द्वारा बरसात के मौसम और गर्मी में होने वाले स्किन से सम्बंधित बीमारी से बचने के उपाय और सावधानी बताया गया। प्रबंधक ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, हिमांशु सिंह, अजय जायसवाल संतोष गुप्ता, अनूप गुप्ता, के साथ विद्यालय के टीचर्स मिस प्रियंका बरनवाल, मिस सलोनी राय, श्रीमती ज्योति, मिस नाजिया खातून, मिस पूजा वर्मा, मिस प्रिया सिंह, श्रीमती चंदा शुक्ला, श्रीमती पूर्णिमा शाही, मिस रोशनी सिंह, पुष्कर प्रयाग शर्मा, धीरज तिवारी, विनय सिंह, आशीष त्रिपाठी, आनंद शर्मा, महेश्वर शर्मा शिवम सिंह, अभिनीत कुमार आदि उपस्थित रहें।

## जिले में दो माह के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू

देवरिया ।अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने आगामी वारावफात, दशहरा महानवमी, विजयदशमी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, छठ पूजा पर्व, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं विभिन्न संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किये जाने के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा की धारा-163 के अंतर्गत आदेश जारी किया है, जो पूरे जनपद में प्रभावी रहेगा।

एडीएम प्रशासन ने निर्देशित किया है कि जिन स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र यथा लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग किया जाना हो, उसकी आवाज धीमी एवं निर्धारित डेसिबल मानक के अनुसार रखी जायेगी, ताकि इससे अन्य किसी को कोई परेशानी न हो। जनपद में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी धार्मिक स्थल को न तो क्षति पहुंचायेगा और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। जनपद में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी धर्म विशेष की भावनाओं को उद्वेलित करने अथवा साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने का कार्य नहीं करेगा ।जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्टर न चिपकायेगा, न किसी दीवार पर कोई धार्मिक उन्माद पैदा करने वाली बातें लिखेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न ही किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ अपने पास रखेगा। विशेष परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने के बाद ही कोई व्यक्ति लाइसेन्सी अस्त्र-शस्त्र लेकर चल सकेगा।

परीक्षा केन्द्र पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार के शस्त्रादि लेकर परीक्षा स्थल पर जाने की अनुमति न दी जाय तथा इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को दण्डित करने की कार्यवाही की जायेगी। जनपद में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा किसी अन्य के घर की छत पर ईंट-पत्थर आदि एकत्र नहीं करेगा

जनपद में कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार की पंचायत/महापंचायत बुलायेगा और न ही इस प्रकार के किसी पंचायत में भाग लेगा ।उक्त आदेश का उल्लंघन दण्डनीय अपराध होगा।

# आत्महत्या है महापाप जिसे करें न हम, ना ही करें आप : डॉ. महेश कुमार

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** इस भौतिकवादी इक्कीसवीं सदी में जिस तरह से वैश्विक स्तर पर लगातार आत्महत्या के बढ़ते मामले सामने आ रहे हैं यह मानव जाति के लिए खतरा व भविष्य को अंधकार की ओर ले जाने वाला

**● विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष**

संकेत है इस वैश्विक संकट को कम करने के लिए वैश्विक जागरूकता की आवश्यकता है इस लिए प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका उद्देश्य मानस समाज में आत्महत्या के प्रयास करने वाले लोगों को रोकना व ऐसे विचार व्यक्ति के मन में उत्पन्न ना हों , ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है यदि आत्महत्या के इतिहास की बात करें तो यह कोई नया संकट नहीं है भले ही वर्तमान में इसका विकराल रूप दिखाई दे रहा हो लेकिन इसकी शुरूआत काफी पहले ऐतिहासिक तथ्यों के साथ दिखाई देती है वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी देखा जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर आत्महत्या के जो आंकड़े हैं वह बताते हैं कि विश्व में प्रतिवर्ष एक लाख आत्महत्याएं होती हैं इन के पीछे जो कारण है वह कोई एक कारण नहीं है मानसिक तनाव , सामाजिक प्रतिष्ठा ,कार्य का दबाव आत्मग्लानी , शारीरिक रोग , गरीबी , कर्ज , नशा गलत संगत गैर कानूनी कार्य करने , समाज द्वारा आत्महत्या करने पर मजबूर किया जाना व अन्य कई और भी कारण है जो इस महा पाप को करने पर मजबूर करते हैं इन करणों को आज जानने समझने और निराकरण के लिए तत्पर रहना आवश्यक हो जाता है।



आईए जानते हैं इसे विस्तार से इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन ने साल 2003 में पहली बार 10 सितंबर के दिन विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाने की शुरूआत की थी. इस इवेंट को वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ और वर्ल्ड ऑगेनाईजेशन ने स्पॉन्सर किया था. वैश्विक मंच पर इस पहल को काफी सराहना मिली थी. जिसके बाद अगले साल 2004 में वर्ल्ड हेल्थ ऑगेनाईजेशन ने औपचारिक रूप से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस को स्पॉन्सर किया था. तब से हर साल 10 सितंबर को वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे मनाया जाता है.विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 2024 के लिए थीम है ा्रा्रकार्रवाई के माध्यम से आशा पैदा करना ा्रा्र यह थीम आत्महत्या की रोकथाम में निवारक उपायों और सहयोगात्मक प्रयासों के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर देती है। तो आइए हम अपने परिवार, दोस्तों, स्वास्थ्य कर्मियों, धार्मिक और राजनीतिक नेताओं के साथ मिलकर सक्रिय परामर्श और सहायता के माध्यम से आत्महत्या को रोकने के लिए काम करें। अब समय आ गया है कि हम दूसरों को अपने जीवन की जिम्मेदारी लेने और अपने पास मौजूद एक जीवन को महत्व देने के लिए सशक्त बनाएँ। आत्महत्या जानबूझकर अपने जीवन को समाप्त करने का कार्य है। समाज आत्महत्या को कैसे देखता है यह संस्कृति और धर्म के अनुसार व्यापक रूप से भिन्न होता है। उदाहरण के लिए, कई पश्चिमी संस्कृतियां, साथ ही मुख्यधारा के यहूदी धर्म, इस्लाम और ईसाई धर्म आत्महत्या को काफी नकारात्मक रूप से देखते हैं। आत्महत्या के बारे में एक मिथक जो इस दृष्टिकोण का परिणाम हो सकता है वह यह है कि आत्महत्या (आत्महत्या के विचार) को हमेशा एक मानसिक रोग का परिणाम माना जाता है। कुछ समाज आत्महत्या के प्रयास को भी अपराध मानते हैं। हालांकि, कभी-कभी आत्महत्या को कुछ परिस्थितियों में समझने योग्य या यहां तक कि सम्मानजनक माना जाता है, जैसे उत्पीड़न के विरोध में (उदाहरण के लिए, भूख हड़ताल), लड़ाई या प्रतिरोध के हिस्से के रूप में (उदाहरण के लिए, द्वितीय विश्व युद्ध के आत्मघाती पायलट, आत्मघाती हमलावर। आत्महत्या रोकथाम के कुछ कारगर उपाय है जैसे आत्महत्या के विचारों को दशार्ने वाले शब्दों या कार्यों को कभी भी कम या कम न आँकें। उन्हें अनदेखा करने से वे दूर नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त, व्यवहार में किसी भी बदलाव पर नजर रखें, और ध्यान रखें कि ऐसे बदलाव सिर की चोटों के बाद भी हो सकते हैं, जिसमें मस्तिष्काघात भी शामिल है। यदि आपके बच्चे को खेल या अन्य चोट लगी हो, जिसमें हल्का मस्तिष्काघात भी शामिल हो, तो अतिरिक्त सतर्क रहें। आत्महत्या के विचारों और अवसाद और चिंता की भावनाओं के बारे में बात करते समय अपने एएसडी और सामान्य बच्चों दोनों के साथ खुलकर और स्पष्ट रहें। किसी स्वास्थ्य सेवा पेशेवर, पादरी, शिक्षक, चिकित्सक आदि से मदद लेने से न डरें ।अपने बच्चे के स्कूल या कार्यस्थल पर निगरानी रखें तथा शिक्षकों या नियोक्ताओं के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की बदमाशी की पहचान हो जाए और उसे समाप्त कर दिया जाए। सामाजिक अलगाव को कम करें , सामाजिक संबंध बनाएं, समुदाय-आधारित गतिविधियों तक पहुंच बनाएं, और सामाजिक कौशल और सहकर्मी मार्गदर्शन को प्राथमिकता दें।

स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें अच्छा पोषण, दैनिक व्यायाम, नियमित नींद और माइंडफुलनेस अभ्यास मूड और व्यवहार को नियंत्रित करने में बहुत मददगार साबित होते हैं। आत्म-सशक्तिकरण और आत्म-जागरूकता कार्यक्रमों को लागू करें जो आपके बच्चे को जीवन के तनावों को बेहतर ढंग से संभालने में सक्षम बनाते हैं। सार्थक, लगातार काम भी एक बफर के रूप में कार्य करता है। इसके अलावा, शराब और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के संकेतों के प्रति सतर्क रहें और जरूरत पड़ने पर पेशेवर सहायता लेने के लिए तैयार रहें। दवा के साइड इफेक्ट पर नजर रखें व्यवहार या मूड संबंधी समस्याओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कुछ दवाएँ आत्महत्या के विचार को बढ़ा सकती हैं। अगर कोई चिंताजनक लक्षण दिखाई दें तो डॉक्टर से नजदीकी बातचीत बनाए रखें। घातक साधनों पर अवरोध लगाएं यदि आपको चिंता है या आप किसी संकट की स्थिति में प्रवेश कर रहे हैं, तो आग्नेयास्त्रों और नुकीली वस्तुओं को ताले में बंद करके रखें। अपने घर में किसी भी जहरीली वस्तु - जिसमें दवाइयां भी शामिल हैं - के प्रति सचेत रहें, जिसे सुरक्षित रखने की आवश्यकता है।

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 की समाप्ति के ठीक पांच साल बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। यह चुनाव कई मायने में ऐतिहासिक है, पहली बार हो रहे हैं और तब हो रहे हैं जब दिल्ली में एक मजबूत सरकार है जो आतंकियों, अलगाववादियों व कश्मीर की परिवारवादी पार्टियों के दबाव में नहीं है। 5 अगस्त 2019 के पहले अगर हम जम्मू-कश्मीर की क्षेत्रीय पार्टियों, अलगाववादियों और उपद्रवी तत्वों की हरकतों पर गौर करें, तो एक बात स्पष्ट थी कि जैसे भारत में रहने के बदले उनको मनमानी की छूट मिली थी। भारत के संविधान को न मानने, पत्थरबाजी करने, आतंकियों को छोड़ देने और भारतीय झंडे का अपमान आम बात थी। श्रीनगर के लाल चौक पर कोई तिरंगा नहीं फहरा सकता था, उपद्रवी खुलेआम पाकिस्तान और आईएसआईएस के झंडे लहराते, पत्थर बाजी करते, सरकार उनको छोड़ देती, आतंकियों के अगुवा करोड़ों-अरबों की संपत्तियां बना रहे थे, परिवारवादी पार्टियों के नेता खुलेआम धारा-370 से छेड़छाड़ करने पर अंजाम भुगतने, तिरंगे को कंधा नहीं मिलने जैसी धमकियां देते थे। लेकिन जब दूसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी, तो इस मजबूत सरकार ने एक ही झटके में सारा नशा उतार दिया।



**जम्मू-कश्मीर में सरकार चाहे जिसकी बने लेकिन अब पहले जैसी मनमानी करने की छूट केन्द्र सरकार नहीं देगी।**

आतंकियों को नेस्तनाबूद करना शुरू कर दिया, पत्थरबाजों को जेल में ठूंस दिया, राजनीति की आड़ लेकर अलगाववाद को हवा देने वाली पार्टियों के नेताओं को नजरबंद कर दिया गया और धारा-370 को तो खत्म किया ही साथ ही दस कदम आगे जाकर 35-ए भी खत्म कर दिया, जम्मू-कश्मीर का स्टेटहुड भी खत्म किया और जिस कश्मीर में कभी वजीर-ए-आजम और सदर-ए-रियासत होते थे, उसे यूनियन टेरोटरी बनाकर एलजी को शासक बना दिया। कुल मिलाकर मोदी सरकार ने देश को उम्मीद से अधिक दिया और कश्मीर के मनबढ़ नेताओं की हेकड़ी निकाल दी। कश्मीर में सरकार के इस निर्णायक और राष्ट्रवादी कदम के बाद स्थितियां बदल गयी हैं। जम्मू-कश्मीर फिलहाल भारत का एक संघ शासित क्षेत्र है और यहां पहली बार विधानसभा चुनाव भारतीय संविधान के तहत सामान्य रूप से हो रहा है। पहले विधानसभा का कार्यकाल छह वर्ष का होता था, अब पांच साल का ही होगा। पहले एससी-एसटी आरक्षण लागू नहीं था अब यह लागू हो गया है। पहले विशेष दर्जे वाले राज्य का शासन चलाने के लिए चुनाव होता था लेकिन अब संघ शासित क्षेत्र के प्रतिनिधियों के लिए चुनाव होगा जिसमें एलजी अपेक्षाकृत मुख्यमंत्री से अधिक सशक्त होगा। ऐसे में कोई भी सरकार बने, उसे पहले जैसी मनमानी की छूट नहीं होगी। अब जम्मू-कश्मीर की सरकार के पास अच्छा करने के लिए तो पूरे अधिकार होंगे लेकिन देश के खिलाफ काम करना चाहे, तो उसकी नकेल कसने के लिए पावरफुल एलजी श्रीनगर के राजभवन में बैठा होगा। कुल मिलाकर भले यहां की स्थानीय पार्टियों ने 370, 35 ए, बहाल करने, पाकिस्तान से बातचीत करने और मारे गये आतंकियों के साथ सहानुभूति जता रहे हों लेकिन वास्तव में यह सब कर नहीं पायेंगे। चुनाव में सभी दलों ने पूरी ताकत झोंकी है। एक तरफ कांग्रेस और एनसी का गठबंधन, पीडीपी और छोटी पार्टियां हैं, तो दूसरी तरफ राष्ट्रवादी एजेंडे के साथ भाजपा ने भी पूरी ताकत लगा दी है। जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए भाजपा के घोषण पत्र में 370 कभी वापस नहीं आने देने के साथ युवाओं के लिए पांच लाख रोजगार, महिलाओं को सालाना 18000 हजार देने, दो एलपीजी सिलेंडर प्रतिवर्ष मुफ्त देने, छात्रों को सालाना 3000 यात्रा खर्च, उच्च शिक्षा में नामांकन पर टेबलेट/लैपटॉप देने और कोचिंग फीसद देने जैसे वायदों के लिए भाजपा कश्मीरी युवाओं को सुनहरा भविष्य दिखा रही है। भाजपा के वायदे जनता कितना पसंद करेगी यह 18 सितम्बर और 8 अक्टूबर के मतदान से तय होगा लेकिन इतना तय है कि मोदी सरकार अब कश्मीर को प्रतिबद्धता के साथ आगे ले जाना चाहती है।

# खौफनाक है मणिपुर हिंसा में ड्रोन का इस्तेमाल

**डॉ. अनिता राठौर**

> यह राहत की बात है कि असम राइफल्स ने मणिपुर में एंटी-ड्रोन सिस्टम्स तैनात किये हैं और सीआरपीएफ ने भी एक एंटी-ड्रोन सिस्टम सुरक्षा बलों को दिया है ताकि राज्य में हिंसा को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ और एंटी-ड्रोन गन्स मणिपुर में भेजे जाने की संभावना है। सुरक्षा उपायों के साथ यह भी जरूरी है कि मणिपुर में स्थायी शांति स्थापित करने के तरीके भी तलाश किये जाएं।

पिछले तीन माह की तनावपूर्ण शांति के बाद सितंबर के आरंभ होते ही मणिपुर में एक बार फिर देशज हिंसा की लहर शुरू हो गई है। 1 सितंबर 2024 को संदिग्ध कूकी मिलिटेंट्स ने इम्फाल वेस्ट के गांव कौत्रुक में गोलियां चलायीं और ड्रोन की मदद से ग्रेनेड गिराये, जिसमें 1 व्यक्ति की मौत हो गई और 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। 2 सितम्बर को फिर ड्रोंस का प्रयोग किया गया इम्फाल ईस्ट के सिनाम में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) को निशाना बनाने के लिए। इस हमले में 3 व्यक्ति घायल हुए व 3 असाल्ट राइफलें चुरायी गईं। 6 सितंबर को मिलिटेंट्स ने दो जगहों पर रॉकेट दागे, जिनमें से एक रॉकेट राज्य के पहले मुख्यमंत्री के घर पर दागा गया। 7 सितंबर 2024 को मिलिटेंट्स ने जिरिबाम जिले में एक गांव पर हमला किया, जिससे उनके और ग्रामीण वालंटियर्स व राज्य पुलिस के बीच जबरदस्त गोलीबारी हुई और 6 व्यक्तियों की मौत हो गई।

इस पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की आपात बैठक बुलायी ताकि राज्य में निरंतर बिगड़ती कानून व्यवस्था पर विचार किया जा सके। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए उचित कदम उठायें। सिंह ने केंद्र से यह भी आग्रह किया कि वह कूकी, जो गुटों की अलग प्रशासन की मांग कर रहा है, उसे स्वीकार न करे। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में एक ज्ञापन राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को दिया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि केंद्र को मणिपुर में शांति सुनिश्चित करनी चाहिए और राज्य की चुनी हुई सरकार को पर्याप्त पॉवर देनी चाहिए। ज्ञापन में एक अन्य महत्वपूर्ण मांग यह की गई है कि केंद्र 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस' समझौते को निरस्त कर दे। यह समझौता 2008 में कूकी समुदाय के दो गुटों, कूकी नेशनल आर्गेनाईजेशन (केएनओ) व यूनाइटेड पीपल्स फ्रंट (यूपीएफ) और केंद्र व मणिपुर सरकारों के बीच हुआ था, जिसकी अवधि में समय समय पर विस्तार किया जाता रहा है। मणिपुर में 3 मई 2023 को जो हिंसा आरंभ हुई थी, वह अभी तक जारी है। इसे रोकने के लिए अलग अलग सुझाव दिए जा रहे हैं, जैसे पहले मिलिटेंट्स से हथियार लो, राज्य को सेना के सुपुर्द कर दो, कूकी-जोमी को अलग राज्य दे दो, आदि आदि। लेकिन मणिपुर की वर्तमान स्थिति पहले शांति की मांग कर रही है।



**मणिपुर हिंसा**

गौरतलब है कि गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि वह मैतेई समुदाय की मांग की सिफारिश केंद्र को भेजे। इससे राज्य के आदिवासियों को लगने लगा कि उन्हें जो आरक्षण लाभ मिल रहे हैं, उनमें बहुत कमी आ जायेगी। इसलिए 3 मई 2023 को आल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) ने आदिवासी एकता मार्च का आयोजन किया, जिसके बाद राज्य में हिंसा अचानक भड़क उठी, जो अभी तक नहीं रुकी है। जबकि अब तक सैंकड़ों जानें जा चुकी हैं, हजारों घायल हैं, लाखों लोग सुरक्षा बलों के कैम्पों में शरण लिए हुए हैं और हजारों घरों व अन्य प्रतिष्ठानों को जलाकर राख कर दिया गया है। मैतेई समुदाय मुख्यतः इम्फाल घाटी में रहता है, जो कि राज्य के कुल भूमि क्षेत्र का मात्र दसवां हिस्सा है। अधिकतर आदिवासी समुदाय पहाड़ों में रहते हैं। इस तरह यह घाटी बनाम पहाड़ी टकराव हो जाता है। उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर असम, नागालैंड, मिजोरम व म्यांमार के बीच में है। मणिपुर का अधिकांश हिस्सा पहाड़ों से घिरा हुआ है और इसके बीच में तश्तरीनुमा उपजाऊ घाटी है। इसके 10 पहाड़ी जिलों में विभिन्न आदिवासी कबीले रहते हैं। राज्य की 28 लाख आबादी (2011 की जनगणना) में से लगभग 40 प्रतिशत पहाड़ों में रहती है। राज्य का बहुसंख्यक मैतेई समुदाय, जिसमें मैतेई पंगल (मुस्लिम) भी शामिल हैं, छोटी लेकिन घनी आबादी वाली घाटी में रहता है, जिसे मैतेई राजाओं के समय से ही सत्ता का केंद्र समझा जाता रहा है। राज्य में 34 मान्यता प्राप्त अनुसूचित जनजातियां हैं, जो कि मुख्यतः नागा व कूकी-चिन या कूकी आदिवासी गुटों के अधीन हैं और इनमें मिजो भी शामिल हैं। मणिपुर में 2016 तक 9 जिले थे, जिनमें 7 अन्य जिले और बना दिए गये। आदिवासी समूहों का आरोप है नये जिले उनके पूर्वजों की भूमि पर कब्जा किये हुए हैं। राज्य सरकार इस आरोप का खंडन करती है।

बहरहाल, मणिपुर में हिंसा की नई लहर से एक नई सुरक्षा चिंता उत्पन्न हो गई है। ताजे हमलों में देखने में आया है कि मिलिटेंट्स ड्रोंस व रॉकेट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। ड्रोंस का इस्तेमाल सुरक्षाबलों पर बम गिराने के लिए भी किया जा रहा है। यह अति चिंताजनक है। इस पर तुरंत नियंत्रण करने की आवश्यकता है। ड्रोन हमलों को रोकने व उन्हें काउंटर करने के तरीके तलाश करने के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। मणिपुर इस समय टिंडरबॉक्स बनकर रह गया है। पिछले 15-माह से चल रहा देशज टकराव रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। ड्रोंस व रॉकेट्स ने इस टकराव को खतरनाक नया डायमेंशन दे दिया है, जिसे बहुत होशियारी से काउंटर किया जाना चाहिए। दुनियाभर के टकराव क्षेत्रों में ड्रोंस साझा फीचर बन गये हैं। लाल सागर में जहाजों को परेशान करने के लिए यमन के हूती ने ड्रोंस का प्रयोग किया है। साल 2020 में, अजरबैजान व आर्मेनिया के बीच दूसरे नागोरनो-काराबाख युद्ध में अजेरी बलों ने जमकर ड्रोंस का इस्तेमाल किया था। रुसी घुसपैठ के विरुद्ध यूक्रेन ने भी ड्रोंस का प्रभावी प्रयोग किया है। इसके अतिरिक्त, पिछले कुछ वर्षों से पाकिस्तानी ड्रोंस नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार हथियार व ड्रग्स गिराते आ रहे हैं, जोकि भारतीय सुरक्षा एजेंसीज के लिए बड़ा सिरदर्द है। इस सबसे यही मालूम होता है कि ड्रोंस से अब छुटकारा आसान नहीं है।

दरअसल, ड्रोंस को यह बात अधिक खतरनाक बना देती है कि इनका निर्माण सस्ते में किया जा सकता है और इन्हें खास काम के लिए भी बनाया जा सकता है। इसके डीआईव्हाई (डू इट योरसेल्फ) गुण का अर्थ यह है कि जिसे भी बुनियादी तकनीक की समझ है वह ड्रोंस बना सकता है। ध्यान रहे की ड्रोंस के पार्ट्स भी बहुत सस्ते में उपलब्ध हैं, विशेषकर चीन से। भारत की रक्षा व्यवस्था इसे काउंटर करने की कोशिश कर रही है। लेकिन ड्रोंस को काउंटर करने की मुख्य सुरक्षा चुनौती यह है कि शौकिया ड्रोंस को भी घातक कार्य के लिए मोडीफाई किया जा सकता है। मणिपुर के मामले में शक यह है कि जो ड्रोंस हमले के लिए प्रयोग किये गये, उनमें वह बम फिट किये गये थे जो राज्य के शस्त्रगार से लूटे गये थे। लेकिन इसके आधार पर भारत सरकार को अपनी 2021 की उदार ड्रोन नीति को बदलना नहीं चाहिए। ड्रोन हमलों को नियंत्रित करने के तरीके अपनाने चाहिए। ड्रोन उद्योग का आधार नई चीजों का अविष्कार करने में है। खेल में आगे रहने के लिए जरूरी है कि सुरक्षा की दृष्टि से उचित एंटी-ड्रोन सिस्टम्स तैयार किये जाएं। साथ ही यह भी जरूरी है कि ड्रोंस के निजी प्रयोग व विकास को प्रोत्साहित किया जाये। ड्रोंस भविष्य हैं- नहाने के पानी के साथ बच्चे को बाहर फेंकना अक्लमंदी नहीं है।

## सोशल मीडिया



पैरालंपिक-2024 में अपने ऐतिहासिक और अभूतपूर्व प्रदर्शन के द्वारा भारत के बेहतरीन पैरा-एथलीटों ने 29 पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम.



उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के एक मंत्री के द्वारा मेरठ में सेवा निवृत्त सैनिकों एवं गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने की खबर शर्मनाक है।

-अखिलेश यादव, सपा.



देश भर में अमृत सरोवर जल संरक्षण और की आवश्यकता को पूरा करने के अलावा ग्रामीणों के लिए आजीविका के स्रोत भी बन गये हैं।

-केशव प्रसाद मौर्य.

# बॉलीवुड की यादगार सात प्रेम कहानियां...



**सिनेमा**

भारत में जब से फिल्में बनना आरंभ हुई हैं, तब से ही बॉलीवुड और रोमांस का रिश्ता गहरा होता गया है। लगभग हर फिल्म में प्रेम की एक नई परिभाषा सुनने को मिलती है। यहां हम क्लासिकल प्रेम कथाओं (हीर-रांझा, लैला-मजनूं आदि) को छोड़ देते हैं और 'प्यासा', मुगले-आजम, 'आवार' 'कभी-कभी' जैसी कालजयी प्रेम कहानियों को भी। देखते हैं कि पिछले दो दशकों के दौरान हिंदी फिल्मों ने प्यार की तारीफ किस तरह से की है, यानी हम 'प्यार दोस्ती है' (कुछ कुछ होता है) या 'एक तरफा प्यार की ताकत' (ए दिल है मुश्किल) जैसी नई प्रेम व्याख्याओं की बात करने जा रहे हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी **'ये जवानी है दीवानी'**(2013) बन्नी (रणबीर कपूर) और नैना (दीपिका पादुकोण) की कहानी है कि वह किस प्रकार अपने जीवन के दो महत्वपूर्ण चरणों में एक दूसरे से मिलते हैं और एक दूसरे से प्यार कर बैठते हैं। यह फिल्म प्रेम और दोस्ती का जश्न मनाती है। इसकी कहानी व गाने भी अच्छे हैं और निर्देशन भी कमाल का है, जिससे यह फिल्म मनोरंजन भी भरपूर करती है। संजय लीला भंसाली की फिल्म **'राम लीला'** शेक्सपियर की 'रोमियो एंड जूलिएट' का हिंदी रूपांतर है। राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) का संबंध दो ऐसे परिवारों- रजादी व सनेरा से है, जो आपस में एक दूसरे के दुश्मन हैं। लेकिन दोनों को आपस में प्यार हो जाता है और अपने प्रेम की खातिर उन्हें कुर्बानियां भी देनी पड़ती हैं। इस फिल्म ने भारतीय फिल्मों में कहानी कहने की नई सीमाएं निर्धारित कीं हैं।

**'मनमर्जियां'**(2018) नये युग की प्रेम कथा है, बावजूद इसके कि इसमें परम्परागत प्रेम त्रिकोण है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तापसी पन्नू, अभिषेक बच्चन और विक्की कौशल की प्रमुख भूमिकाएं हैं। इसमें प्रेम व संबंध पर एकदम नया व ताजा दृष्टिकोण अपनाया गया है, जो दर्शकों के दिल को स्पर्श कर जाता है। उलझन व भावनाओं से कोई व्यक्ति अछूता नहीं है। फिल्म में इस तथ्य पर अधिक जोर दिया गया है। करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म **'ए दिल है मुश्किल'** निःस्वार्थ प्रेम, दिल टूटने व सबक सीखने से संबंधित है। यह एकतरफा प्रेम की कहानी है, जो दर्शकों को इसलिए भी पसंद आयी, क्योंकि इस प्रकार के प्रेम का हम सभी ने अपने अपने जीवन में कभी न कभी अनुभव किया होता है। यह कहानी अयान (रणबीर कपूर) और अलिजेह (अनुष्का शर्मा) की है, जो दोस्त बन जाते हैं और अयान को उससे प्रेम हो जाता है।

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी **'आशिकी 2'** इसी नाम से बनी पहली फिल्म से एकदम भिन्न है। यह क्लासिक प्रेम कथा है, जिसमें शुद्ध, तीव्र, निःस्वार्थ व भावनाओं से भरा प्रेम है। यह फिल्म दर्शकों को जज्बात के रोलरकोस्टर पर ले जाती है। श्रद्धा कपूर व आदित्य रॉय कपूर के बीच अच्छी केमिस्ट्री है और दोनों ने बहुत अच्छा काम किया है। जब रोमांटिक फिल्मों की बात होती है तो इम्तियाज अली पर आंखें बंद करके भरोसा किया जा सकता है। वह ऐसा अनुभव प्रदान करते हैं, जिसे दर्शकों के समय व पैसे का सदुपयोग कहा जा सकता है। जब वी मेट, 'लव आज कल' तो अपनी जगह मास्टरपीस हैं हीं, **'रॉकस्टार'** भी इसी श्रेणी में आती है। यह फिल्म जेजे (रणबीर कपूर) के बारे में है जो संगीत सनसनी बनना चाहते हैं। वह इस सिलसिले में अपने कॉलेज कैंटीन के प्रबंधक की बात मान लेते हैं कि 'दिल टुटवाने के बाद वह रॉकस्टार बन जायेंगे'। जेजे फिर कैंपस की सबसे सुंदर लड़की हीर (नर्गिस फाखरी) के पास जाते हैं और जटिलताओं से भरी उनकी प्रेम कथा आरंभ होती है। अपने सपनों के राजकुमार या राजकुमारी से शादी करने की कल्पना कौन नहीं करता। शशांक घोष के निर्देशन में बनी फिल्म **'खूबसूरत'** ऐसी ही फंतासी की कहानी है। डा. मिली (सोनम कपूर) फिजियो थेरेपिस्ट हैं, जिन्हें राजस्थान के राजा शेखर सिंह राठौर (आमिर रजा) का उपचार करने के लिए हायर किया जाता है, जहां उनकी मुलाकात राजा के बेटे विक्रम (फवाद खान) से हो जाती है, जो उनके एकदम विपरीत है। जहां मिली हंसमुख व बिंदास लड़की है वहीं विक्रम शालीन राजकुमार हैं। कहानी यह है कि दो विपरीत ध्रुव एक दूसरे से कैसे प्यार कर बैठते हैं।

**कैलाश सिंह.**

## विचार

अगर कोई व्यक्ति दृढ़ रहता है तो उसे पतन का गम नहीं होना चाहिए। वह उठकर फिर से चल देगा।

-महर्षि अरविन्द.

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा ही एक बड़ा राष्ट्रीय पाप है।

-स्वामी विवेकानन्द.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना, दूसरों के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड्स.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी आवश्यकता है जितनी शरीर को व्यायाम की।

-जोसेफ एडीसन.

जहां दया रहती है, वहां धर्म रहता है। जहां लोभ रहता है, वहां पाप का वास होता है। जहां क्रोध रहता है, वहां मृत्यु रहती है और जहां क्षमा रहती है, वहां भगवान रहते हैं।

-संत कबीर.

# आत्म निरीक्षण

**अंतर्दृष्टि**

ईश्वर की अनुभूति ही हमे आत्म परिष्कार की प्रेरणा देती है। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए?

इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# दलाल देवता की महिमा

**व्यंग्यलोक**

मंत्रीजी की आंखों में भ्रष्टाचार की कचोरी खाने का सपना तैर रहा है। अहा! रसना-रसीली कुरकुरी कचोरी की पीयूषा वाणी कर्ण में प्रविष्ट होते ही मंत्री जी आनन्दमग्न हो गए हैं। अमृत से भी अधिक मधुर, चन्द्रमा से भी अधिक शीतल, कचोरी भक्षण की हींगमयी सुगंधित महक युक्त वाणी मंत्री जी के हृदय के समस्त दुःखों का हरण कर लेती है। वे कुर्सी से उठते तक नहीं है। बैठे-बैठे ही दलाल को पूछते हैं- 'तात तुम्ह कचोरी कहां ते लाए। परम प्रिय कचोरी बचन सुनाए।' आश्चर्य होता है कि इतना मंगलमय समाचार लाने वाले दलाल से स्वागत कथन भी नहीं किया जाता है। न ही कोई प्रणाम। इस समय मंत्री जी की स्थिति बड़ी दारुण हुई जा रही है। कचोरी की याद में उनके समस्त अंगों ने अपनी सुध-बुध खो दी है। कमल के समान सुंदर नेत्र बंद है। नेत्रों से अत्यंत हर्ष के आंसू बरस रहे हैं। शरीर का रोम-रोम जिह्वा बन गया है। कचोरी के एक-एक अंश का स्वाद लेने के लिए रोम-रोम लालायित हो गया है। कचोरी नाद से मंत्री जी एकाएक ही समस्त सुखों के स्वामी बन गए हैं। उसी समय सारंग समान सुंदर कानों में कचोरी शब्द नाद सुनाई पड़ता है- मंगलमय, रसमय जिह्वा सुंदरी कचोरी, सब संताप हरने के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है। दलाल अपने सुंदर हाथों में कचोरी लिए मंत्री जी का अनेकों प्रकार से स्तुति गान कर रहे हैं। किन्तु कचोरी प्रेमी मंत्री जी को प्रसन्नता के साथ सन्देह है कि कहीं मेरी व्याकुलता, कचोरी के प्रति संपूर्ण आसक्ति या भावना के कारण ऐसा भ्रम तो सुनाई-दिखाई नहीं पड़ रहा है? पर हृदय कहता है- 'कल्पना ही सही! किन्तु नेत्र इस भय के मारे नहीं खोलते कि कहीं सचमुच भ्रम की भावना सिद्ध न हो जाए! दलाल के शब्द सुनकर उन्हें यही भय होता है कि यह मेरे मानसिक भ्रम की अवस्था ही है। कोई विरहिणी नायिका शयन कक्ष में कचोरी आसक्त पड़ी स्वप्न रत है। स्वप्न में उसे कढ़ी-कचोरी के दर्शन होते हैं। कचोरीयातुर नायिका जागने का उपक्रम करती है। किन्तु भावमयी मृग नयनी नेत्र नहीं खोलना चाहती है। क्यों? क्या रूठी है? नहीं, नहीं, नहीं! नेत्र खोलने में उसे भय लगता है। भय किस बात का? सपने में कचोरी खाते हुए नायिका बेसुध है- 'सोवत सोवत हे सखि, कोई लिया जगाय। आंख न खोलूं डरपती, मत सपना होइ जाय।' अहा! कैसी करुण व्यथा है! वह कचोरी के विरह में अपनी सुध-बुध खो बैठी है। अपने प्रियतम से कह रही है। हे प्रियतम! कुछ नहीं तो मुझे सपने में ही इस दुर्लभ कचोरी का कढ़ी के साथ मिलान करके आनंद लेने दो। दलाल देवता भ्रष्टाचार की कचोरी के लिए व्यवस्था कर रहा है। मंत्री जी भ्रष्टाचार की कचोरी खाने के लिए आकुल हैं, व्याकुल हैं, बड़े आतुर हैं।



**रामविलास जॉगिड़**

## आप की बात

### बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### उद्यमिता को प्रोत्साहन

प्रदेश में एक बार फिर निवेश योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी चल रही है। इससे प्रदेश में निवेश बढ़ेगा और औद्योगिक विकास को भी पंख लगेंगे और रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। प्रदेश में निवेश के जो प्रयास हो रहे हैं उससे प्रगति तेज होगी और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम फजीवाड़ा भी बहुत होता है, इसे रोकना होगा।

**राकेश कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

## शिक्षा के बिना समाज की प्रगति असम्भवः यश पाठक

**अयोध्या।** रामलला गुरुकुल वैदिक पाठशाला में युवा भाजपा नेता यश पाठक ह्नबाबाह्न एक विशेष हवन में मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वेदपाठी ब्रह्मचारियों के साथ हवन पूजन किया।इस अवसर पर महंत जय राम दास, आचार्य सदाशिव तिवारी, अनुज प्रतीक व आदित्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गुरुकुल हमारे सनातन धर्म की नींव के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महंत जय राम दास ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए गुरुकुल की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।इस तरह के संस्थानों से हमारे बच्चे सनातन धर्म पर केंद्रित और अपनी भाषा एवं संस्कृति पर आधारित शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ संस्कारवान और नैतिक रूप से सुदृढ़ होंगी।हवन के यजमान यश पाठक ने कहा कि आज के आधुनिक युग में शिक्षा के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। इसी प्रकार, गुरुकुल के बिना सनातन संस्कृति की प्रगति भी संभव नहीं है। महंत जय राम दास ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक शिक्षा देना है, बल्कि बच्चों को संस्कार युक्त अत्याधुनिक शिक्षा प्रदान करना भी है।

# दुष्कर्म पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है सरकारः हरिओम पांडेय



जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** अयोध्या जनपद के खंडासा थाना क्षेत्र में हुई 16 वर्षीय दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना में उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार घटना में शामिल दरिंदों को ऐसी सजा देगी कि उनकी आने वाली नस्लें उसे याद रखेंगी।

रिमझिम फुहार के बीच खंडासा थाना क्षेत्र के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे ने यह बातें पत्रकारों से बात करते हुए कही ,उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही निंदनीय है और समाज में इस तरह की घटनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी

- एमएलसी ने कहा-घटना शामिल आरोपियों को ऐसी सजा मिलेगी की उनकी नस्लें याद रखेंगी

घटना करने वालों का कोई जाति धर्म और मजहब नहीं होता है अपराधी सिर्फ अपराधी होता है वह किसी भी जाति संप्रदाय से हो उन्होंने पीड़ित परिवार की सभी मांगों को ध्यान से सुना और कहा कि सरकार उनकी सभी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कार्यवाही करेगी, उनके साथ बीकापुर के विधायक अमित सिंह उनके प्रतिनिधि सूर्य प्रताप श्रीवास्तव मिल्कीपुर की पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा आशुतोष मिश्रा अनुपम भाजपा नेता शैलेंद्र मोदी त्रिपाठी हरकेश कुमार शुक्ला बब्बन श्याम बहादुर अन्नू पूर्व प्रधान विष्णु कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

### मुख्यमंत्री से मिला दुष्कर्म पीड़िता का परिवार

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई 16 वर्षीय दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म व धमकी की घटना के बाद मामले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर बीकापुर से विधायक डॉ अमित सिंह चैहान भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी अमानीगंज की ब्लॉक प्रमुख श्रीमती श्रीदेवी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह के साथ दुष्कर्म पीडिता के माता-पिता व उसके भाई भाभी ने आज मुख्यमंत्री के सरकारी कार्यालय पर उनसे मुलाकात की, दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को लेने के लिए दोपहर 1 बजे के लगभग बूंदाबांदी के बीच बीकापुर विधायक अमित चैहान उनके के घर पहुंचे और परिजनों को लेकर के वहां से रवाना हुए जबकि परिवार के कुछ लोग सुबह ही घर से निकल चुके थे।

आपको बताते चले की भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने घटना के दूसरे दिन ही मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री के ओएसडी को पूरे मामले से अवगत कराया था इसके बाद जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुख्यमंत्री कार्यालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी, पीड़ित परिवार की प्रमुख मांगों में से एक कृषि व आवासीय पट्टे सड़क बिजली व आर्थिक सहायता की बात कही गई है जिसको सरकार ने स्वीकार कर लिया है अब 10 सितंबर को जिला प्रशासन के अधिकारी पीड़ित के घर पहुंच कर उसे आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।

जबकि विकासखंड कार्यालय द्वारा पीडिता के घर तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा बिजली की व्यवस्था में पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को शक्ति के साथ काम करने का निर्देश प्रदान किया गया है वहीं मिल्कीपुर का तहसील प्रशासन आज दिन भर पीडिता के गांव में खाली पड़ी जमीनों का सत्यापन करता रहा जिससे उसे कृषि योग्य भूमि का पट्टा दिया जा सके।

पीड़ित के मुख्य रूप से यही मांगी थी यहां यह बात भी गौर करने लायक है कि मिल्कीपुर विधानसभा में उपचुनाव होना है जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है यह मुद्दा ऐसे समय में प्रकाश में आया है जब पीडीएफ फामूर्ले के तहत विपक्षी समाजवादी पार्टी दलित ओटो को अपने पाले में करने के लिए प्रयास कर रही है इस घटना के बाद से मिल्कीपुर में दलित वोटो के ध्रुवीकरण की संभावना बढ़ गई है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण



**बहराइच ।** मजिस्ट्रेट/सक्षम प्राधिकारी भूमि अध्याप्ति शालिनी प्रभाकर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के निर्माण के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली तहसील-कैसरगंज के पांच ग्रामों तप्पेसिपाह, आदमपुर, झुकिया, रिढौठा व मुस्तफावाद की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय तहसीलदार कैसरगंज, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन व एन.एच.ए. आई के स्थानिक अभियन्ता, अपनी सर्वे टीम के साथ उपस्थित रहें।

सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित शासकीय भूमि तथा अनुसूची में अंकित अकृषक भूमि का गाटावार निरीक्षण कराया गया। मौके पर अर्जन प्रभावित खातेदार व अन्य स्थानीय कृषकगण मौजूद रहें। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सक्षम प्राधिकारी नगर मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानिक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित भूमि की निशानदेही हेतु मौके पर पत्थर लगाये जायें। निरीक्षण के समय जिन भू-खण्डों में मौके पर परिसम्पत्तियां पाई गयी है उनकी ग्रामवार सूची उपलब्ध कराया जाय।

## दीवानी न्यायालय में बारावफात का स्थानीय अवकाश 16 को

**बहराइच ।** जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुवेर्दी ने बताया कि जिला बार एसोशिएशन के पत्र 06 सितम्बर 2024 द्वारा प्रस्ताव किया गया है कि पूर्व में स्थानीय अवकाश के रूप में 17 सितम्बर 2024 को बारावफात का अवकाश घोषित किया गया था। चन्द्रदर्शन के अनुसार बारावफात त्यौहार 16 सितम्बर 2024 को पड़ रहा है इसलिए पूर्व में 17 सितम्बर 2024 को घोषित स्थानीय अवकाश के तिथि में परिवर्तन कर 16 सितम्बर 2024 को बारावफात का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाय। बार एसोशिएशन के पत्र के क्रम में पूर्व में 17 सितम्बर 2024 को घोषित बारावफात के स्थानीय अवकाश के स्थान पर बारावफात का स्थानीय अवकाश 16 सितम्बर 2024 घोषित किया जाता है।

## अयोध्या से प्रतापगढ़ तक बनेगी एक्सेस कंट्रोल के साथ नई 6-लेन सड़क

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह के प्रयासों से रामनगरी से प्रतापगढ़ तक ग्रीन फील्ड 6 लेन एक्सेस कन्ट्रोल हाईवे निर्माण के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वीकृत दे दी है।6 लेन की इस सड़क के निमार्ण हो जाने से अयोध्या से प्रयागराज के मध्य आवागमन में यात्रियों की सुविधाओं में विकास होगा। नई बनने वाली सड़क वर्तमान सड़क के समानान्तर बनाई जाएगी। वर्तमान में अयोध्या से प्रतापगढ़ टू-लेन तथा प्रतापगढ़ से प्रयागराज 4 लेन की सड़क से आवागमन होता है। अयोध्या-प्रयागराज मार्ग में पूर्व सांसद के प्रयासों से प्रतापगढ़-सुल्तानपुर 4-लेन की स्वीकृत हो चुका था। अयोध्या से प्रतापगढ़ मार्ग 4-लेन प्रस्तावित था। पूर्व सांसद के प्रयासों से अयोध्या से प्रतापगढ़ तक 6-लेन हाईवे की स्वीकृत प्राप्त हो गई है। नए 6-लेन हाईवे की स्वीकृत मिलने के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने संत-महंतों तथा अयोध्यावासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी का आभार व्यक्त किया है। पूर्व सांसद ने बताया कि अयोध्या प्रयागराज तथा बनारस धार्मिक तथा अध्यात्मिक महत्व के क्षेत्र है। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु तीनों स्थलों में दर्शन पूजन करना चाहते है। नए 6-लेन हाईवे के निर्माण हो जाने से अयोध्या-प्रयागराज के मध्य आवागमन आसान होगा। जिससे श्रद्धालु आसानी से अयोध्या से प्रयागराज जा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। एयरपोर्ट के निर्माण के बाद वायु मार्ग से अयोध्या पूरे देश से जुड़ गया है।

## कुर्क हो चुकी जमीन पर प्रशासन की शिथिलता से हो रहा निर्माण कार्य

**सोहावल-अयोध्या।** पिछले करीब दो वर्षों से दो राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के बीच चल रही रस्साकसी प्रशासन के सरदर्द का कारण बनती जा रही है। मामला यहाँ तक पहुँच चुका है कि अब प्रशासन भी दोनों लोगों

- दो पक्षों के बीच वर्षों से चल रहे विवाद का नहीं हो रहा है पटाक्षेप
- राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बन चुकी है प्रशासन के सिर दर्द का कारण

के विवाद से उकता कर अपने हाँथ पीछे खींचते हुये नजर आ रहा है। मामला सोहावल की ग्राम पंचायत गोंडवा गाँव का है ।जहाँ दो पक्षों अनुज मिश्रा व आनंद तिवारी के बीच जमीन का विवाद वर्षों से थमने का नाम नहीं ले रहा है।जिसके चलते उक्त गाँव आये दिन सुर्खियों में बना रहता है। वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्रा ने पूर्व प्रधान आनंद तिवारी के ऊपर आरोप लगाते हुये बताया कि ग्राम सभा के हाईवे पर स्थित गाटा संख्या 356 व 357 पर कन्या प्राइमरी पाठशाला व पंचायत भवन के नाम से दर्ज है।जिस पर जबरन आनंद तिवारी द्वारा भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा था। जिस पर राजस्व टीम द्वारा लिखित रूप से किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करने की रोक लगाई गई थी। लेकिन फिर भी आनंद तिवारी चोरी छुपे निर्माण कार्य कर थे । जिसके चलते उप जिलाधिकारी सोहावल ने 11/11/2022 को उक्त जमीन का कुर्की का आदेश दे दिया था। जिसके संबंध में आनंद तिवारी द्वारा न्यायालय में वाद भी दाखिल किया गया था। अनुज के के अनुसार न्यायालय द्वारा उनके पक्ष को निरस्त कर दिया गया था। परंतु फिर भी आनंद तिवारी द्वारा निर्माण कार्य जारी है। तथा प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की रोक उनके ऊपर नहीं लगाई जा रही है। ऐसे में अब देखना यह है कि क्या प्रशासन उक्त विवाद को लेकर किसी भी निर्णायक स्थिति में पहुँचेगा। किसी एक पक्ष के प्रति अपनी विशेष कृपा दृष्टि बनाये रखेगा। इस प्रकरण पर प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्रा का आरोप है की आनंद तिवारी के बन रहे मैरिज हॉल का क्षेत्रफल कन्या प्राइमरी पाठशाला की रिक्त पड़ी जमीन के नक्शे में संशोधन कराकर उसे छोटा कर दिया गया।इसी आधार पर कन्या प्राइमरी की जमीन पर कबजेदारी हो रही है। जबकि पूर्व प्रधान आनंद तिवारी के छोटे भाई आशीष तिवारी ने बताया नक्शा बड़ा करने की कूट रचित रचना अनुज मिश्रा ने की है। उनके विरुद्ध पूर्व में अधिकारियों की कई स्तर के जांच के बाद रपट भी दर्ज की गई है। जिसका प्रकरण न्यायालय में लंबित है तथा मुझे अनायास अपनी जमीन पर निर्माण नहीं करने दिया जा रहा है।इस बारे में थाना अध्यक्ष रौनाही पंकज कुमार सिंह ने बताया कि निर्माण करना अथवा रोकना जिलाधिकारी के आदेश पर निर्भर है।मेरा कोई रोल नहीं है। जबकि एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया कि दोनों पक्षों को पुनः बुलाया गया है।बातचीत के जरिए मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

### सांड़ से टकराई बाइक भाई-बहन हुए घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर, आस्तीकन को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के किनारे स्थित एक निजी विद्यालय के पास सांड़ से बाइक के टकरा जाने के कारण एक युवक घायल हो गया जबकि उसकी बहन को मामूली चोटे आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजरामऊ निवासी 21 वर्षीय सुमित यादव अपनी बहन को लेकर आस्तीकन रिश्तेदारी में जा रहे थे।ग्राम सभा मवई खुर्द स्थित एक निजी विद्यालय के पास अचानक झाड़ियों से निकलकर सड़क पर सांड़ आ जाने के कारण सुमित की बाइक सांड़ से टकरा गई और बगल स्थित गड्ढे में पलट गई।

## लेखपालों के एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ




**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर जनपद में नवनियुक्त 105 लेखपालों का महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित 01 वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, प्रशिक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य/तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव सहित प्रशिक्षु मौजूद रहे।इस अवसर पर महाराज सिंह कालेज के शिक्षक नान बाबू पाण्डेय द्वारा मत्रोच्चार का वाचन किया।जबकि शिक्षिका शिवांगी राज द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुईं डीएम मोनिका रानी ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण अंग हैं।डीएम ने कहा कि लेखपाल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य भूमि की पैमाईश एवं अंश निर्धारण है।गांवों में लोगों के बीच अधिकतर वाद-विवाद भूमि पैमाईश एवं अंश निर्धारण को लेकर सामने आते हैं। डीएम ने प्रशिक्षण के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रशिक्षुओं को भूमि पैमाईश कार्य में पूरी तरह से दक्षता प्रदान करें। डीएम ने सीआरओ को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान पैमाईश कार्य में दक्ष लेखपालों को बुलाकर प्रशिक्षुओं को भूमि पैमाईश का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिलाया जाय। डीएम ने प्रशिक्षुओं का आहवान किया कि पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि आप अपने पदेन उत्तरदायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर सकें।डीएम ने कहा कि सरकारी सेवा को मात्र सेवा तक ही सीमित न रखें बल्कि इसे लोगों की सेवा के अवसर के रूप में देखें। डीएम ने प्रशिक्षु लेखपालों को सुझाव दिया कि भू-लेख नियमावली, राजस्व संहिता के बारे में भी विधिवत जानकारी प्राप्त करें।

## समूहों के माध्यम से लाखों परिवारों के आर्थिक स्तर में हुआ सुधार

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** दीन दयाल अन्त्योदय योजना-एनआरएलएम भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। एनआरएलएम का प्रारम्भ पूर्व में संचालित स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना की कमियों जैसे कि ग्रामीण परिवारों का असामान्य गठन, सदस्यों का अनुपयुक्त क्षमताबर्धन, बैंक द्वारा पर्याप्त ऋण-वितरण का अभाव एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन करने हेतु सक्षम-प्रोफेशनल्स का अभाव इत्यादि को दुरूस्त करते हुये किया गया। एनआरएलएम भारत सरकार द्वारा संचालित बड़े पैमाने पर गहन रूप से समुदाय द्वारा संचालित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है।

उत्तर प्रदेश में इस योजना के क्रियान्वयन हेतु उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्थापना ग्राम्य विकास विभाग के संरक्षण में एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गयी जिसका पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट-1860 के अन्तर्गत किया गया है।यह योजना उ.प्र. सरकार के ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित की जाती है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य उ.प्र. राज्य में रह रहें ग्रामीण गरीब परिवारों की कम से कम एक महिला सदस्य को समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्था के माध्यम से संगठित कर उन्हें स्वावलम्बी बनाना है।

विविध आजीविका कार्यकलापों को ध्यान में रखते हुये मिशन 03 आधारों पर कार्य करता हैः-गरीबों के लिये विद्यमान आजीविका विकल्पों में वृद्धि करना, बाहरी क्षेत्रों में रोजगार के अनुसार उनका कौशल विकास करना और स्वरोजगार एवं उद्यमशीलता (लघु उद्यमों के लिये) को प्रोत्साहित करना है।इस योजना के अन्तर्गत उ×र प्रदेश के एक करोड़ चार लाख ग्रामीण गरीब परिवारों को दस लाख स्वयं सहायता समूह, एक लाख ग्राम संगठन एवं तीन हजार संकुल स्तरीय संगठनों में संगठित करना है। मिशन अन्तर्गत बजट व्यवस्था भारत सरकार द्वारा 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार का 40 प्रतिशत के अनुपात में की जाती है।

उ×र प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य है।

ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं समूहों को ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ के रूप में संगठित करना, गठित स्वयं सहायता समूहों एवं उनके संगठनों का प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन करना, ग्रामीण गरीब परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास कर जीवन-यापन का बेहतर अवसर प्रदान करना, समूहों एवं उनके संगठनों की आवश्यकताओं एवं जीविकोपार्जन हेतु मिशन की तरफ से रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि प्रदान करना है।

मिशन के अन्तर्गत गठित स्वंय सहायता समूहों को बैंक से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाना प्रमुख है।उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का क्रियान्वयन इन्टेन्सिव रणनीति के अन्तर्ग्रत राज्य के 75 जनपदों के 826 विकास ,खण्डों में किया जा रहा है।

वर्तमान में मिशन के अंतर्गत 95 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के परिवार की महिलाओं को कुल 8,55,479 स्वयं सहायता समूहों, 53,685 ग्राम संगठनों एवं 2,945 संकुल स्तरीय संघों से आच्छादित किया गया है।

वर्ष 2023-24 में संतृप्तीकरण के अंतर्गत 23 लाख से अधिक परिवारों को समूहों से जोड़ा गया है।

आजीविका संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार की प्रेरणा एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में मिशन निरन्तर प्रगति की तरफ अग्रसर है।

## अयोध्या विधायक ने गोताखोरों और नाविकों में बांटी जीवन रक्षक जैकेट



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने आज गुप्तार घाट पर गोताखोरों व नविको को शासन द्वारा प्रदत्त जीवन रक्षक जैकेटों का वितरण किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अयोध्या श्री गुप्ता ने कहा कि शासन गरीब से गरीब और समाज के अंतिम मुहाने पर खड़े हर व्यक्ति के लिए कर्तव्यबध्य है, इसी कड़ी में उनके द्वारा आप सभी की जीवन रक्षा हेतु लाइफ जैकेट भेजी गई है जिनका आप नियमानुसार सदुपयोग करेंगे, ऐसी मुझे आशा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आप लोग यहां के निवासी हैं,गुप्तार घाट समेत सभी घाटों की साफ सफाई की भी जिम्मेदारी आपकी ही है क्योंकि माननीय मुख्यमंत्री और माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प स्वच्छ भारत नव्य भारत की परिकल्पना साकार करना ही है। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में निषाद व मल्लाह समाज के लोगों समेत जनता मौजूद रही।

## नशेडी सीआरपीएफ कर्मी का हंगामा, फाड़ी पुलिसकर्मी की वर्दी



**बहराइच।** जिला मुख्यालय पर स्तिथ नगर कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस अड्डे व घंटाघर पर रात्रि के समय नशे में धुत्त सीआरपीएफ कर्मी ने जमकर बवाल काटा।रास्ते में लगे ठेलों के संचालकों को डंडे से पीटा।सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी अभद्रता की और एक पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी और बिल्ला नोच डाला ।प्रयागराज के हड़िया शोदाबाद निवासी मनीष श्रीवास्तव (45) ने नशे की हालत में बस स्टैंड और घंटाघर चौक पर जमकर बवाल काटा।स्थानीय लोगों के मुताबिक उसने सामने आने वाले हर इंसान के साथ मारपीट गालीगलौज की। इसके बाद उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस जब उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले जा रही थी तो रास्ते में उसने चलती बाइक से कूदने की कोशिश की।इसके चलते बाइक सवार पुलिसकर्मी सड़क पर गिर कर चोटिल हो गए।मनीष ने दोबारा बवाल काटते हुए पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ दी और बिल्ला-नेमप्लेट नोच डाला।इसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की पूरे शहर में चर्चा रही। मनीष को लेकर बताया जा रहा है कि वह सीआरपीएफ कर्मी है और कश्मीर में तैनात था।वर्तमान में वह बर्खास्त चल रहा है और छोटी बाजार स्थित अपनी ससुराल आया था।कोतवाली नगर के प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।अगर तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## संवेदनशील क्षेत्रों में भी ड्रोन चलाकर आदमखोर भेड़ियों को खोजने की कार्रवाई की गयी

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच ने बताया कि 08/09 सितम्बर 2024 की दिवारात्रि में हिंसक भेड़िया द्वारा किसी प्रकार की कोई भी घटना कारित नहीं की गई है। डीएफओ ने बताया कि महसी तहसील अन्तर्गत घाघरा नदी के कछारी क्षेत्रों में उपद्रवी भेड़िया के सक्रियता प्रभावित क्षेत्र को निगरानी की दृष्टि से 03 सेक्टरों में बॉटकर सेक्टर प्रभारियों को तैनात किया गया है। जिनके नेतृत्व उपद्रवी भेड़िया को रेस्क्यू करने हेतु रेस्क्यू टीमों द्वारा 04 थर्मल ड्रोनों की सहायता से उपद्रवी भेडिया को ग्रामीणों द्वारा बताये गये स्थानों पर खोजने की कार्यवाही की गयी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में भी ड्रोन चलाकर उपद्रवी भेड़िया को खोजने की कार्यवाही की गयी, किन्तु उपद्रवी भेड़िया ड्रोन कैमरों द्वारा लोकेट नहीं हो सका।

डीएफओ ने बताया कि रेस्क्यू टीमों द्वारा कैमरा ट्रैपस को संवेदनशील क्षेत्रों में स्थापित कर उपद्रवी भेड़िया के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी, किन्तु उपद्रवी भेडिया कैमरा ट्रैपस द्वारा लोकेट नहीं हो सका। गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर उपद्रवी भेड़िया के पगमार्क खोजने की कार्यवाही की गयी, परन्तु उपद्रवी भेडिया के पगमार्क नहीं मिल सके। डीएफओ ने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा गाँवों में पोस्टर व बैनर लगाकर संगोष्ठी/बैठकों के माध्यम से ग्रामीण जनों को उपद्रवी भेडिया से बचाव हेतु जागरूक करने की कार्यवाही की गयी।

इसके अलावा प्रभाग स्तर पर स्थापित कमांड सेंटर द्वारा दिवारात्रि टीमों एवं गश्ती दलों से सूचनाओं को प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनसे प्राप्त दिशा निर्देशों को गश्ती टीमों को अनुपालनार्थ प्रेषण की कार्यवाहियों की गयी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी उपद्रवी भेड़िया के सक्रियता प्रभावित क्षेत्र का दिवारात्रि गश्त करने की कार्यवाही की गयी। गश्ती टीमों द्वारा अति संवेदनशील प्रभावित ग्रामों के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर उपद्रवी भेड़िया के गाँवों में प्रवेश से रोकने की कार्यवाही के साथ-साथ जन जागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों के समस्त ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके सुरक्षित सोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### साइकिल सवार पर पलटी ट्रक, युवक की मौत

**रुदौली-अयोध्या।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कुढ़ा सादात गांव पास साइकिल से जा रहे युवक के ऊपर ट्रक पलट गई जिसके नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। रुदौली कोतवाली की भेलसर पुलिस चैकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कूढ़ासादात गांव के पास सोमवार की सुबह साढ़े 4 बजे ग्राम कूढ़ासादात गांव निवासी विनोद कुमार (उम्र 30 वर्ष) पुत्र स्व तुलसीरान साइकिल से किसी काम से रौजागांव की तरफ जा रहे थे। तभी लखनऊ की तरफ से मुर्गी का दाना लोड कर आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे विनोद कुमार दब गया। विनोद कुमार के दबने की सूचना गांव में पहुंचते ही परिजन सहित भारी संख्या में गांव के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। और तुरन्त ट्रक पर लदे मुर्गी के दाने के बोरे को बाहर किया। ट्रक खाली हो जाने के बावजूद भी ग्रामीण बेबस थे। उनके पास कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। भेलसर चैकी प्रभारी मनीष चतुवेर्दी ने ट्रक के नीचे दबे शव को क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाकर निकलवाया। तब तक उसकी मौत हो गई। चैकी प्रभारी ने बताया मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## मतदेय स्थलों के निर्धारण के संबंध में डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**बहराइच ।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1500 मतदाताओं के आधार पर किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्देश प्राप्त हुए हैं कि सम्भाजन की कार्यवाही के दौरान एक मतदान केन्द्र पर 1500 सौ से अधिक मतदाताओं की संख्या होने, मतदान केन्द्र अस्थायी भवन में होने अथवा भवन की स्थिति जर्जर होने तथा मतदान केन्द्र की दूरी 02 कि.मी. से अधिक होने की स्थिति में मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

बैठक को सम्बोधित करती हुई जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अनुमोदित मतदेय स्थलों का राजस्व अधिकारियों के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराया गया है। आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार भौतिक सत्यापन के आधार पर मूलभूत सुविधा, मतदेय स्थल से मतदाताओं की दूरी, मतदेय स्थल भवन की स्थिति के आधार पर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदेय स्थल सम्भाजन के आलेख प्रकाशन की सूची तैयार करायी गयी है। डीएम ने बताया कि मतदेय स्थल सम्भाजन का आलेख्य 30 सितम्बर 2024 तक भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जाना है। आयोग के निदेर्शानुसार जनपद के समस्त मतदेय स्थलों को भूतल पर बनाया गया है।डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि संशोधित सूची के आधार पर अपने-अपने स्तर से मतदेय स्थलों का सत्यापन करा लें, यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो, दावा/आपत्ति की लिखित सूचना 01 सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। जिससे सम्बन्धित प्रकरण की जांच कराकर प्रकरण को निस्तारित कराया जा सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद आईएएस, सदर के राकेश कुमार मौर्या, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, मोतीपुर के संजय कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, तहसीलदार नानपारा अजय यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, भाजपा से सुनील श्रीवास्तव, कांग्रेस से गोपीनाथ, सपा से जफर उल्लाह खां बन्टी, बीएसपी से अशर्फी लाल गौतम, अपनादल सोनलाल से गिरीश पटेल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मंगेश यादव एनकाउंटर जांच को लेकर ज्ञापन

**बहराइच।** समाजवादी लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने आज कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव की अगुवाई में आज कार्यकर्ता काफी संख्या में एकत्रित हुए। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर जिलाध्यक्ष ने छात्रसंघ चुनाव बहाल करने, पिछड़े और दलित छात्रों को शिक्षण संस्थानों में आरक्षण तथा छात्रवृति देने की मांग की।भेड़िए के हमले में मृत लोगों को 20 लाख रुपए मुआवजा देने, शिक्षा का बजारीकरण रोकने और सामान्य शिक्षा नीति को लागू करने की मांग की।सपाइयों ने मंगेश यादव एनकाउंटर की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। साथ ही दोषियों को सजा देने की मांग की। इसके बाद सभी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## सेना में अफसर बने लम्भुआ के अभिषेक



लंभुआ-सुलतानपुर। लंभुआ नगर पंचायत के विवेकानंद नगर घाटमपुर दक्षिणी निवासी सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर पद पर तैनात सत्य प्रकाश प्रजापति के सुपुत्र अभिषेक प्रजापति का पिछले वर्ष सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ था और अब चेन्नई में स्थित भारतीय सेना के अफसर प्रशिक्षण अकादमी में एक वर्ष का प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा कर अभिषेक सेना में अफसर बन गए। उनके अफसर बनने पर लोगों ने खुशी जाहिर की। शनिवार को अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में 315 सैन्य अफसरों ने हिस्सा लिया। जिसमें सभी अधिकारियों के परिवार वाले भी शामिल रहे। अभिषेक कई वर्षों से सेना के शार्ट सर्विस कमीशन टेक्निकल की तैयारी कर रहे थे। पिछले वर्ष घोषित परिणाम में अभिषेक का चयन लेफ्टिनेंट पद पर हो गया था। इससे पूर्व वर्ष 2020 में बीटेक कर उनका चयन दिल्ली में प्रख्यात इंफोसिस कंपनी में सिस्टम इंजीनियर के पद पर चयन हो गया था। इसके बाद भी वह सेना में अफसर बनने के लिए तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है, यही हमारा युवाओं को संदेश है। उनके चयन पर माता अनीता, चाचा जयप्रकाश, चाची शशिकला तथा अन्य परिजनो ने भी खुशी जाहिर की है।

## महिला को लगा करंट, इलाज

जयसिंहपुर-सुलतानपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मोकलपुर निवासी प्रेमा देवी पत्नी स्वर्गीय रामचरन 60 वर्षीय सोमवार दोपहर बाद नल से पानी भर रही थी तभी नल में प्रवाहित करंट की चपेट मे आ गई। बताते चलें कि प्रेमा देवी के द्वार पर देशी नल लगा हुआ है और उसी में मोटरपंप लगाकर पानी निकालते हैं। सोमवार को जब प्रेमा देवी पानी भर रही थी तभी नल में विद्युत प्रवाह होने लगी जिसकी चपेट में आकर प्रेमा देवी झुलस गई। परिजनों ने तत्काल सीएचसी जयसिंहपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया है, जहां इलाज चल रहा है और खतरे से बाहर हैं।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उ0नि0 महेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित के दौरान मु0अ0सं0 294/24 धारा 110, 115(2), 352, 351(2), 324(4), 118(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त भूपेन्द्र राय उर्फ रिंकू राय (शर्मा) पुत्र स्व0 घनश्याम राय निवासी ग्राम परसीपुरमजरे सलीहीपुर थाना बीकापुर जनपद अयोध्या को अभियुक्त के घर से समय करीब 17:55 बजे गिरफ्तार किया गया। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

# युवक को पीटकर मार डाला

## पानी भरने को लेकर हुआ था विवाद

जिला संवाददाता (vol)



अमेठी। सरकारी नल से पानी भरने के विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। दोनों पक्षों में पानी भरने को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। मृतक के पिता रामदेव ने पड़ोस के 4 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे गंगाराम निवासी संतोष (25) पर रविवार देर शाम पड़ोस के रहने वाले दबंग राजकरन व उनके परिजनों ने हमला किया था।

संतोष को इतना पीटा कि वह अधमरा हो गया। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। इस बीच ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले गई। थाने से संतोष को उसकी पत्नी व परिजन घर ले आए। उसके बाद आनन-फानन में परिजन घायल युवक को लेकर अस्पताल ले जाते कि उससे पहले युवक ने दम तोड दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि युवक का पड़ोसियों से सरकारी नल से पानी भरने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी डंडों से पीट-पीट कर युवक की हत्या कर दी। मृतक के पिता रामदेव ने राजकरन सरोज पुत्र केसरी (45), सुमाता पत्नी राजकरन (43), अनामिका पुत्री राजकरन (19) व प्रिंस सरोज पुत्र राजकरन (18) के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पूरे मामले में सीओ तिलोई अजय सिंह ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की सूचना मिली थी। जायस थाने में अग्रिम विधिक करवाई की जा रही है। तनाव होने की वजह से गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 11 बजे कोतवाली पुलिस गांव पहुंचकर पंचनामे के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया।

### घर का इकलौता चिराग था संतोष

मृतक संतोष अपने मां बाप का इकलौता चिराग था। मृतक संतोष के भी 3 वर्षीय इकलौती बेटी है। एक तरफ मां-बाप अपना बेटा खोने के गम में डूबे है तो दूसरी तरफ बेजान बच्ची पिता की याद में खोई खोई सी है। युवक की हत्या से मृतक की पत्नी भी बार बार बेहोश हो जा रही है। संतोष रोटी रोजगार के लिए परदेश में रहकर घर का खर्च चलाता था। संतोष अपने घर का इकलौता वारिस था और संतोष भी अपने पीछे एक बच्ची को छोड़कर चला गया।

# नवनियुक्त लेखपालों को दिया गया प्रशिक्षण



अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज इन्दिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गौरीगंज में नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण सत्र का माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र में लेखपालों को संबोधित करते हुए कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग व प्रशासन की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा में लेखपालों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी सभी लेखपालों से अपने सकारात्मक कार्यों से आमजनमानस को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन और समाज के हित में कार्य करने के साथ ही ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि आप सभी को जनता के बीच रहकर उनकी सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। बिना किसी शर्त के व सम्मानपूर्वक अपनी सेवाएं दें। किसी के दबाव में आकर या प्रलोभन में पड़क र कभी कोई गलत कार्य न करें और अपनी रिपोर्ट ससमय व सही लगायें, जिससे कि आगे की कार्यवाही तेजी से हो सके और आमजनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो सिखाया जाए उसे पूरी मेहनत और लगन से सीखने का प्रयास करें, अच्छा प्रदर्शन करें, जो भी कार्य आपको दिए जाएं उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निवर्हन करें। अंश निर्धारण, जमीन की पैमाइश, खसरा-खतौनी, पट्टे का सत्यापन इत्यादि को गहनता से सीखें, जिससे फील्ड में काम पूरी निष्पक्षता व मजबूती से कर सकेंगे।

## प्रधानमंत्री आवास के लिए की गई खुली बैठक



दूबेपुर-सुलतानपुर। ग्राम पंचायतों में खुली बैठक कर प्रधानमंत्री आवास के पात्र लाभार्थियों का चयन करने के लिए ग्राम सभा में खुली बैठक किया जा रहा है। इस क्रम में दुबेपुर ब्लॉक के पल्हीपुर ग्राम सभा में बैठक किया गया। बैठक में मनोज ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि पीएम आवास योजनान्तर्गत पात्र परिवारों के चयन के लिए निर्धारित मानक में संशोधन किया गया है। उन्होने बताया है कि पीएम आवास योजना के तहत अब जो परिवार स्वतः अपात्र होगें उनमें क्रमशः मोटर युक्त तिपहिय, चार पहिया वाहन, मशीनीकृत तिपहिया चार पहिया कृषि उपकरण, 50 हजार रुपए अथवा उससे अधिक सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड, का परिवार जिसमें कोई भी सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार, कोई सदस्य प्रति माह 15 हजार रुपए से अधिक कमाता है, आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाला परिवार, 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि का स्वामी हो, पांच एकड़ से अधिक असिंचित भूमि का वामी हो तथा यदि दीवार पक्की है और छत कच्ची है तो वह अपात्र माना जाएगा। इस मौके पर ग्राम सभा प्रधान प्रतिनिधि सुमन यादव उर्फ गोरे, आसुतोष पांडे, रमेश यादव, तथा ग्राम सभा के लाभार्थीयो की उपस्थित रही।

## शैक्षिक संगोष्ठी व ब्लॉक इकाई कार्यकारणी का हुआ गठन



सुलतानपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र कुड़वार में स्थित जूनियर हाई स्कूल कुड़वार के परिसर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में शैक्षिक संगोष्ठी एवं ब्लॉक इकाई कुड़वार के कार्यकारणी गठन के लिए शिक्षक अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता रणधीर सिंह जूनियर हाई स्कूल देवलपुर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अखिलेश सिंह शिक्षक सुभाष चंद्र इंटर कालेज कन्हईपुर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजन के साथ शुरू हुआ। जनपदीय कार्यकारिणी व विभिन्न ब्लॉक से आए हुए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिसके बाद शैक्षिक उन्नयन के लिए विस्तृत चर्चा परिचर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र छात्राओं को निपुण बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। यह सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना है जिसे सफल बनाने में हम सभी शिक्षकों को लग जाना है ताकि हमारा ज्ञान अभियान सबसे निचले तपके तक पहुंच सके। जिले से आए हुए पदाधिकारियों में रणविजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कादीपुर, सत्येंद्र मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष बल्दीराय, दिग्विजय सिंह अध्यक्ष धनपतगंज सतीश पांडेय जिला सह संयोजक, निशांत सिंह अध्यक्ष दूबेपुर, अवधराज उपाध्याय श्रेया सिंह, उपाध्यक्ष जयसिंहपुर, रीना सिंह, जनपदीय कार्यकारिणी, रोमा सिंह, प्रह्लाद, वी अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे गठित कमेटी में अजीत प्रताप सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष, अखिलेश यादव महामंत्री, राजेंद्र कनौजिया कोषाध्यक्ष, त्रिभुवन नाथ तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवान सिंह उपाध्यक्ष, मोहम्मद शरीफ उपध्यक्ष, रोमा सिंह, महिला उपाध्यक्ष, संयुक्त महामंत्री, विनीता सिंह संयुक्त मंत्री विपुल शुक्ला संयुक्त मंत्री महेश यादव संयुक्त मंत्री धीरेंद्र पांडेय लेखा परीक्षक के पद पर निर्वाचन हुआ। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने चयनित अध्यक्ष ध्मंत्री को निर्देशित किया कि आप सभी एक माह के अंदर ब्लॉक के कार्यकारणी का गठन कर जिला कमेटी को प्रस्तुत करें। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उपस्थित सभी शिक्षक साथियों का हृदय से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करता है।

# विजिलेंस टीम ने 5 हजार घूस लेते एसडीएम पेशकार को किया गिरफ्तार



अमेठी। तहसील में तैनात एसडीएम कोर्ट के पेशकार योगेश कुमार श्रीवास्तव को विजिलेंस टीम ने सोमवार दोपहर 5 हजार रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पेशकार को मुंशीगंज थाने ले जाया गया।

जहां उससे पूछताछ की गई। अमेठी तहसील के एसडीएम कोर्ट में बुधीराम बनाम आदि 116 ग्राम सभा बंटवारे का मुकदमा चल रहा है। पेशकार योगेश कुमार श्रीवास्तव ने इस बंटवारे की फाइल में आदेश कराने के लिए एक पक्ष से 20 हजार रुपए की घूस की मांग की थी। बताया गया है कि पेशकार ने पहले ही 15 हजार रुपए ले लिए थे। और आज 5 हजार रुपए और ले रहा था। एसडीएम ने जांच की कही बात विजिलेंस टीम ने जानकारी मिलने के बाद एसडीएम कोर्ट में छापेमारी की और पेशकार को रंगे हाथों पकड़ लिया। 5 हजार रुपए की घूस लेते हुए पकड़े जाने के बाद विजिलेंस की टीम पेशकार को मुंशीगंज थाने लेकर गई। जहां उससे पूछताछ की गई। इस घटना के बाद पूरे तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। एसडीएम आशीष सिंह ने पुष्टि की कि विजिलेंस टीम ने घूस लेते हुए पेशकार को गिरफ्तार हैं। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जीएसपीजी के प्राचार्य सम्मानित



सुलतानपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर में दीक्षान्त समारोह में प्रो. (डॉ) अंग्रेज सिंह राणा प्राचार्य गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर को शैक्षणिक व शैक्षणिक प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

जिले के लिए यह गौरव का क्षण था जब गनपत सहाय महाविद्यालय के प्राचार्य को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य की ओर जब से कॉलेज में कार्यभार ग्रहण किया गया है, महाविद्यालय की रूपरेखा ही बदल गई है। संस्थान में पढ़ाई का विषय हो, नवीन नामांकन हो, स्वच्छता का विषय हो या शिक्षकों के मध्य समन्वय की बात हो, हर पहलू पर प्राचार्य द्वारा गहनता से ध्यान दिया जाता है और शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों की सहूलियतों का भी ध्यान रखा जाता है। महाविद्यालय में नामांकन की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हुई है और शिक्षा की क्षेत्र में नित नहीं ऊंचाइयां महाविद्यालय प्राप्त कर रहा है। वर्ष 2023 में प्राचार्य द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार भी गनपत सहाय महाविद्यालय पयागीपुर में आयोजित किया गया था जिसमें देश के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया था। इस सेमिनार में भी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई थी।

## जीडी गोयनका स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



सुलतानपुर। जी.डी गोयनका स्कूल में सोमवार को वायु प्रदूषण पर वाद-विवाद प्रतियोगिता और सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना और उनकी बौद्धिक क्षमताओं का विकास करना था। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय वायु प्रदूषणरू चुनौती और समाधान रखा गया। जिसमें कक्षा दसवीं से देवांश, प्रतिष्ठा और आर्या ने वैज्ञानिक और व्यावहारिक विचार प्रस्तुत किए, जबकि कक्षा नौवीं से जोया, अक्षत और जैद ने सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से मुद्दे को उठाया। इसके बाद आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में छठवीं से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्रा आयुष, सार्थक, भव, आर्या, शान्वी और शाश्वत ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता कई चरणों में आयोजित की गई। जिसमें पर्यावरण, विज्ञान, इतिहास और समसामयिक घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक विशाल यादव द्वारा किया गया। जिसमें उनका पूरा सहयोग सपना तिवारी एवं अनिल यादव ने किया। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी हिंदी के विभागाध्यक्ष विकास सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. के.एस तिवारी सी.एच.सी दूबेपुर और हेल्थ सुपरवाइजर वेद प्रकाश तिवारी भी मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रचना पाण्डेय ने सभी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा इस प्रकार की गतिविधियां न केवल छात्रों की तर्क शक्ति और ज्ञान को विकसित करती हैं बल्कि उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है।

# सपा ने हमेशा शिक्षकों को सम्मान दिया है : राकेश वर्मा

## पूर्व कारागार मंत्री ने किया सम्मान समारोह एवं पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ



बाराबंकी। दुनिया में वही देश आगे बढ़े हैं। जहां अच्छी शिक्षा है। और शिक्षकों का सम्मान होता है। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, स्वामी विवेकानंद से लेकर तमाम महापुरूषों ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे थे। शिक्षा के बगैर कोई भी देश व प्रदेश तरक्की नहीं कर सकता है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षकों को सम्मान दिया है। समाजवादी लोग जब भी सरकार में रहे। उन्होंने शिक्षकों को सम्मानित किया। उक्त विचार चैधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज बरदारी मे पीडीए पखवाड़ा के अन्तर्गत लोहिया वाहिनी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह, पर्चा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने व्यक्त किये। कार्यक्रम मे पूर्व कारागार मंत्री ने कहा कि पढ़े लिखे नौजवान देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश में हर स्तर की नियुक्तियों पर उंगली उठ रही है। शिक्षकों के बड़े पैमाने पर पद खाली है। भर्तियां नहीं हो रही है। सरकार पिछड़े, दलित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों के हक छीन रही है। जिन्हें हाईकोर्ट से न्याय मिल गया भाजपा सरकार उनका हक नहीं दे रही है। समाजवादी पार्टी पीडीए की रणनीति से भाजपा को सत्ता से उखाड़ने का काम करेगी। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि ने शिक्षको को प्रमाण पत्र वितरित करते हुये सम्मानित किया। तथा वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अंकित वर्मा, सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव, धर्मवीर पासवान, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा, रीता वर्मा, नवाबगंज नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि/पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, हफीज भारती, सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, प्रीतम सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुस्तकालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सुलतानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से छात्र-छात्राओं को पुस्तकों और जनरल पढ़ने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्कशॉप का शुभारम्भ सोमवार से हुआ। प्रशिक्षण कार्य वर्कशॉप के रूप में सभी विभागों में अध्यनरत नवागत छात्रों के लिए यह वर्कशॉप हर वर्ष प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह की अनुमति पर कराया जाता है। इससे छात्रों को प्रिंट बुक के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यमों से मिल रही पाठ सामग्रियों के उपयोग की जानकारी दी जाती है। संस्थान बच्चों को डेलनेट और एन-लिस्ट व मनुपात्रा जैसी ऑनलाइन पुस्तकों की सेवाओं को प्रदान करता है, जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क होता है। इसके साथ केंद्र सरकार के द्वारा दी जा रही पाठ सामग्रियों सुविधाओं से भी अवगत कराया जाता है।

# दो दर्जन अनफिट वाहनों का चालान

## परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर परिवहन विभाग ने की कार्यवाही



बाराबंकी। बिना परमिट, फिटनेस समेत डग्गामार वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुये दर्जनो वाहनो के खिलाफ कार्यवाही की। अभियान का नेतृत्व कर रही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत नियमो की अनदेखी कर सड़को पर संचालित वाहनो, ओवरलोड, डग्गामार वाहन समेत अनफिट स्कूली वाहनो पर सख्त कार्यवाही जारी है। आज यात्री/मालकर अधिकारी रवि त्यागी की टीम ने परमिट शर्तो का उल्लघन करने वाले 9 वाहनो को सीज तथा दर्जनो वाहनो के चालान किये। तो वही एआरटीओ प्रशासन की टीम ने 4 वाहनो को सीज तथा बिना परमिट, फिटनेस, टैक्स, बीमा, प्रदूषण, एचएसआरपी समेत रांग साइट से वाहनो के चालान किये।

# सभासदों ने सांसद तनुज पुनिया को सौपा मांग पत्र

जैदपुर, बाराबंकी। जैदपुर-बाराबंकी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-जैदपुर सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य कराने जाने की मांग को लेकर सभासद मोहम्मद कासिम के नेतृत्व मे सभासदो के प्रतिनिधि मण्ड़ल ने काग्रेस सांसद तनुज पुनिया को मांग पत्र सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि उक्त मार्ग से रोजाना हजारों लोगों के आवागमन का होता है। तथा जैदपुर, सिद्धौर सुबेहा आदि से बाराबंकी आना-जाना पड़ता है। मार्ग गड्ढ़ों में तब्दील हो गया है। जिससे रोजाना दर्जनों दुर्घटनाऐ हो रही है। जनता इस मार्ग के निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि के दरवाजे खटखटा चुकी है। परन्तु आज तक लोगो को निराशा ही हाथ लगी है। ज्ञापन देने वालो मे राम सिंह, निजामुद्दीन शाह, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद सगीर खान, मौलाना अबू, दुजाना नदवी, मोहम्मद फैज अंसारी, शाह आलम, मोहम्मद शादाब खान, मोहम्मद फरजान खान, मोहम्मद सबीब, हबीब बाबा, गुफरान खान मौजूद रहे।



# हुकुम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धाजंलि सभा

## समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



बाराबंकी। संघर्षो के बीच जन्मे स्वर्गीय नेता हुकुम सिंह यादव ने अपना जीवन समाज की सेवा में अर्पित कर दिया। लोगों की मदद करना अपना धर्म समझते थे। स्वः यादव अपने उसूलों के पक्के थे। मैं बडे भैया के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहा हूं। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के नेता स्वः हुकुम यादव के छोटे भाई ज्ञान सिंह यादव ने श्यामनगर चैराहा सफदरगंज स्थित उनकी समाधी स्थल पर आयोजित श्रद्धाजंलि कार्यक्रम पुष्प अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किये। इस मौके पर विभिन्न स्थानो से आये लोगो ने दिवंगत नेता स्वः हुकुम सिंह यादव को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर शिव प्रकाश यादव, मुशर्रफ अली, जिला पंचायत सदस्य पंकज शर्मा, ओम चंद्र यादव, बबलू यादव, तरुण वर्मा, लल्ला यादव, रामदेव, लखपत रावत, रमापति यादव, रामदास, बृज किशोर, बृजेश रावत, रमाशंकर रावत, विनय यादव, विवेक, वीरू, अरविंद, अमरजीत, मनसाराम, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## निसान ने बाढ़ से प्रभावित वाहनों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में आयी बाढ़ की स्थिति को देखते हुए निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने बाढ़ से प्रभावित अपने ग्राहकों की मदद के अपने प्रयासों को विस्तार दिया है। कंपनी विभिन्न असिस्टेंस सर्विसेज के माध्यम से इस चुनौतीपूर्ण समय में अपने ग्राहकों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। ये सर्विसेज 30 सितंबर तक उपलब्ध कराई जाएंगी। निसान ने बाढ़ से प्रभावित वाहन मालिकों की सहायता के लिए समर्पित विशेष हेल्पडेस्क स्थापित की है।कंपनी प्रभावित वाहनों को टो करके नजदीकी निसान सर्विस वर्कशॉप तक पहुंचाने समेत निशुल्क रोडसाइड असिस्टेंस (आरएसए) सर्विसेज प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, निसान अपने डीलर्स के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित वाहनों के लिए इंश्योरेंस क्लेम प्रोसेस शुल्क में 1000 रुपये तक की छूट भी दे रही है।

## आशीर्वाद बीकानेरी का नया कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। आशीर्वाद ने जानी-मानी अभिनेत्री रूपाली गांगुली के साथ एक नया दिल को छू जाने वाला कैम्पेन पेश किया है।इसमें बारिश के मौसम से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा करते हुए एक सरल लेकिन गहरे पारिवारिक बंधन को दिखाया गया है। इसमें पूरा परिवार आशीर्वाद बीकानेरी बेसन से बने कुरकुरे, सुनहरे पकौड़ों का साथ बैठकर आनंद ले रहा है आशीर्वाद बीकानेरी बेसन 100प्रतिशत शुद्ध चना दाल से बना है, जिसे राजस्थान के बीकानेर से लाया जाता है। इसकी खुशबू और एकसमान पिसाई को बरकरार रखने के लिए एडवांस्ड एयर क्ला सीफायर मिल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

## एमजी विंडसर 11 को होगी लॉन्च

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज घोषणा की है कि भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी 11 सितंबर को लॉन्च की जाएगी। इस इंटेलिजेंट सीयूवी में सेडान जैसा कंफर्ट और एसयूवी जैसा स्पेस, दोनों के फीचर्स मिलेंगे।सीयूवी के 'एयरोग्लाइडडिजाइन' में बेहतरीन क्राफ्ट के साथ एडवांस एयरोडायनेमिक्स को एक साथ पेश किया गया है, इसके साथ ही इसमें 18₹ के डायमंड कट अलॉय व्हील्स के साथ सेगमेंट का सबसे बड़ा व्हीलबेस दिया गया है। इसका ऊंचा ग्राउंडक्लीयरेंस एक आरामदेह सफर का अनुभव प्रदान करता है।एमजी विंडसर ईवी ने कुछ सबसे कठिन वातावरण और अत्यधिक गर्म माहौल में जबर्दस्त सहनशक्ति और दमदार क्षमता का प्रदर्शन किया है।एमजी विंडसर ने कच्छ के रण, लेह और उदयपुर के चुनौतीपूर्ण इलाकों का सफर किया है और अपनी क्षमता को साबित किया है।

## वॉटर प्यूरीफायर लाइन अप का एलजी ने किया विस्तार

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने वाटर प्यूरीफायर पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नौ नए मॉडल लॉन्च किए हैं। वाटर प्यूरीफायर की यह नई रेंज एडवांस फीचर्स से लैस है इन फीचर्स की मदद से ग्राहकों को एकदम शुद्ध, सुरक्षित और सेहतमंद पानी मिलता हैं। एक ग्राहक-केंद्रित ब्रांड के रूप में, हमारा पूरा ध्यान कंज्यूमर से जुड़े इनोवेशन पर होता है। इन इनोवेशन की मदद से हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करते है। वाटर प्यूरीफायर की हमारी नई रेंज को प्रीमियम ग्लास फिनिश के साथ बेहद खूबसूरती से डिजाइन किया गया है, ये प्यूरीफायर आधुनिक भारतीय रसोई को और भी खूबसूरत बना देते हैं।

## एमवे ने $4 मिलियन का निवेश किया

नई दिल्ली। स्वास्थ्य और खुशहाली में अत्याधुनिक, अगली पीढ़ी का समर्थन प्रदान करने के लिए अपनी वैज्ञानिक क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वैश्विक स्वास्थ्य और खुशहाली समर्थक कंपनी के रूप में, एमवे ने 4 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ आज औपचारिक रूप से भारत भर में अपनी चार अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) प्रयोगशालाओं की शुरूआत की। उन्नत प्रौद्योगिकी, समकालीन विज्ञान और वैज्ञानिक विचार नेतृत्व का उपयोग करके, ये प्रयोगशालाएं सुरक्षित, प्रभावी, विशिष्ट और उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य और खुशहाली के उत्पादों को विकसित करके उद्योग मानकों को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार हैं।

# सेंसेक्स 376 अंक चढ़ा



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स निचले स्तर से उबरते हुए 375 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। मुख्य रूप से आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह 375.61 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,559.54 अंक पर बंद हुआ। मानक सूचकांक गिरावट के साथ खुला और एक समय 80,895.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया। बाद में इसमें तेजी आई और यह 469.43 अंक तक उछल गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में भी तीन दिन से जारी गिरावट थम गयी और यह 84.25 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,936.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड और टाइटन शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच गिरावट के साथ शुरुआत के बावजूद घरेलू बाजार में तेजी आई। बाजार वर्तमान में अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती और मंदी की आशंका के बीच स्थिर होने का प्रयास कर रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी में तीन दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह बढ़त में बंद हुआ। अमेरिका में रोजगार के आंकड़े उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से शुक्रवार को बिकवाली हुई थी। उससे वैश्विक बाजार आज कुछ सुधरे। एशियाई शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती कारोबार में नुकसान में रहा। इसका कारण अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों का उम्मीद से कम रहना है। इसके साथ चीन में नरमी से भी बिकवाली हुई। छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप 0.65 प्रतिशत नीचे रहा और मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.28 प्रतिशत नुकसान में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।

## दुनिया के पहले ट्रिलिनियर की होड़ में अदाणी और अंबानी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स के मुखिया एलन मस्क वर्ष 2027 तक दुनिया के पहले ट्रिलिनियर बन सकते हैं। इसका मतलब है कि उनकी संपत्ति 1,000 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगी।

इन्फॉर्मा कनेक्ट अकादमी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी इसके अगले साल (2028) यह दर्जा हासिल कर सकते हैं, जबकि एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी वर्ष 2033 में इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं। रिपोर्ट कहती है कि 237 अरब अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क को दुनिया का पहला खरबपति बनने के लिए तीन वर्षों में 110 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की जरूरत है। रिपोर्ट के मुताबिक, अदाणी के विविध कारोबारों वाले समूह की वृद्धि 123 प्रतिशत की मौजूदा औसत वार्षिक दर से जारी रही तो वह वर्ष 2028 तक दुनिया के दूसरे ट्रीलिनियर बन सकते हैं। अदाणी इस समय 100 अरब डॉलर से कुछ कम की संपत्ति के साथ दुनिया के धनी लोगों की सूची में 13वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख अंबानी 2033 में ट्रीलिनियर का दर्जा हासिल कर सकते हैं। इस समय वह 111 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अबू धाबी 15 साल तक करेगा एलएनजी आपूर्ति

नयी दिल्ली। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को सालाना 10 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति करेगी।इसके लिए आईओसी ने तीसरे एलएनजी आपूर्ति सौदे पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कंपनी एडनॉक के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने कहा कि एडनॉक अपने रूवैस एनजी प्रोजेक्ट से 15 साल तक 10 लाख टन एलएनजी की आपूर्ति करेगी।एक साल से कुछ अधिक समय में एडनॉक और सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के बीच यह तीसरा एलएनजी आपूर्ति समझौता है। एडनॉक गैस ने पिछले साल जुलाई में सालाना 12 लाख टन तक एलएनजी निर्यात के लिए आईओसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये थे।इसका मूल्य 14 साल की अवधि में सात अरब डॉलर से नौ अरब डॉलर के बीच था।इसके अलावा, सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लि. ने 10 साल के लिए सालाना पांच लाख टन एलएनजी खरीदने के लिए एडनॉक गैस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये थे।

## दूसरे एशिया प्रशांत सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। नागर विमानन पर दूसरे एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का आयोजन 11 और 12 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में किया जाएगा। इसमें 41 देशों के लगभग 250 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 सितंबर को सम्मेलन के समापन सत्र में भाग लेंगे।

एशिया प्रशांत क्षेत्र वैश्विक हवाई यातायात में महत्वपूर्ण योगदान देता है और भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है। सोमवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि सम्मेलन के दौरान क्षेत्र में विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए एक मसौदा तैयार किया जाएगा। नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुलनाम ने कहा कि सम्मेलन में 41 देशों के लगभग 250 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। सम्मेलन में पाकिस्तान और चीन के प्रतिनिधि होंगे या नहीं, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि नहीं होगा। चीन के बारे में उन्होंने कहा कि यह प्रक्रियाधीन है। इस दौरान वियतनाम, मालदीव, जापान और सिंगापुर समेत विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन एपीएसी संयुक्त रूप से करेंगे। नागर विमानन पर पहले एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का आयोजन 2018 में बीजिंग में किया गया था।

## गणेश पंडाल पर पथराव के बाद चला बुलडोजर

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों ने सैयदपुरा में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया और उसमें बुलडोजर का भी इस्तेमाल किया। यह अभियान, इलाके में कुछ नाबालिगों द्वारा गणेश पंडाल पर पत्थर फेंकने के बाद हुए दंगे के बाद चलाया गया।



हालांकि, अधिकारियों ने तुरंत ही स्पष्ट किया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान का रविवार को हुई हिंसा से कोई संबंध नहीं है, बल्कि हफ्तों पहले इसकी योजना तैयार की गई थी।सूरत नगर निगम ने इलाके में कंक्रीट के अवैध ढांचे और अस्थायी निर्माण को ध्वस्त करने के लिए एक बुलडोजर का इस्तेमाल किया। उसने रेहड़ियों को भी हटाया। रविवार रात सैयदपुरा में सांप्रदायिक तनाव फैल गया, जब लगभग 200-300 लोगों की भीड़ ने एक पुलिस थाने का घेराव किया और गणेश पंडाल पर पत्थर फेंकने के आरोप में छह नाबालिगों को हिरासत में लिये जाने के विरोध में पथराव किया। इलाके में काफी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है, जहां से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया था तथा छह नाबालिगों को दंगा करने और हत्या के प्रयास के आरोप में हिरासत में लिया गया। पथराव में पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग घायल हुए हैं। सूरत के उप महापौर नरेंद्र पाटिल ने कहा कि अतिक्रमण विरोधी अभियान की योजना करीब दो सप्ताह पहले बनाई गई थी।

## स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम बिजली उपभोक्ताओं को बनायेगा सशक्त

नोएडा। प्रदेश में बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत 2.69 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इससे राज्य को केंद्र सरकार की स्मार्ट ग्रिड परिकल्पना में अग्रणी बनाने में मदद मिलेगी। इस बिजली आधुनिकीकरण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, एमवीवीएनएल जल्द ही 50 लाख से अधिक घरों में मुफ्त स्मार्ट मीटर लगाएगा। ये मीटर उपभोक्ताओं को उनकी बिजली खपत और लागत का सटीक ट्रैक रखने में मदद करेंगे। इससे वे बेहतर निर्णय ले सकेंगे और अपने बिजली खर्च को नियंत्रित कर सकेंगे।स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को सही बिलिंग मिलती है, और उन्हें वास्तविक बिजली खपत के अनुसार ही भुगतान करना होता है। उपभोक्ता अब मोबाइल ऐप के जरिए वास्तविक समय में अपनी ऊर्जा खपत की निगरानी कर सकते हैं।

वे घर बैठे ही अपना बिल चुका सकेंगे, जिससे उन्हें डिस्कॉम कार्यालय में जाकर भुगतान करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह पूरी प्रक्रिया, अब अधिक सरल और प्रभावी हो जाएगी। स्मार्ट मीटर, डिस्कॉम को हर इलाके में बिजली की मांग का सटीक आकलन करने में मदद करेगा। इससे बिजली की आपूर्ति को सही ढंग से समायोजित किया जा सकेगा। लोड शेडिंग में काफी कमी आएगी।

## किसानों को विशिष्ट पहचान पत्र देगी सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि कृषि क्षेत्र को डिजिटल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकार जल्द ही देशभर के किसानों का पंजीकरण शुरू करेगी ताकि उन्हें आधार के समान एक विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान की जा सके। ऑउटलुक एग्री-टेक समिट और स्वराज अवार्ड्स के मौके पर बात करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे, जिसका कार्यान्वयन अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा।

सचिव ने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले साल मार्च तक पांच करोड़ किसानों को पंजीकृत करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल सरकार के 2,817 करोड़ रुपये के डिजिटल कृषि मिशन का हिस्सा है जिसे हाल ही में मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि पहले महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में एक प्रायोगिक परियोजना चलाई गई थी और 19 राज्य पहले ही इस परियोजना पर काम कर चुके हैं। किसानों की रजिस्ट्री बनने के बाद, प्रत्येक पंजीकृत किसान को आधार जैसी विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी। चतुर्वेदी ने कहा कि विशिष्ट आईडी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसान क्रेडिट कार्ड कार्यक्रम सहित विभिन्न कृषि योजनाओं तक बिना किसी परेशानी के पहुंचने में मदद करेगी।

## गोदावरी इलेक्ट्रिक ने लॉन्च किया ई-ब्लू सिटी

प्रयागराज। नए-नए तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों बनाने वाली प्रमुख कंपनी, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने वर्ल्ड ईवी डे पर ई-ब्लू सिटी को लॉन्च किया है। ऑटो के आकार का यह नया ई-रिक्शा शहरों में यात्रा करने के अंदाज को बदलने के लिए तैयार है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1,99,999 रुपये है। ई-ब्लूसिटी को शहरों में यात्रा करने के लिए स्थायी और प्रभावी साधनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। ई-ब्लू सिटी में ड्राइवर के अलावा चार लोग आराम से बैठ सकते हैं। यह भीड़भाड़ वाली शहर की गलियों में घूमने का आदर्श विकल्प है। ई-ब्लू सिटी के आयाम को काफी सोच-समझकर डिजाइन किया गया है।

## महिला उद्यमियों को समर्थन दे रहा फ्लिपकार्ट

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर कार्यशाला का आयोजन किया कार्यशाला का उद्देश्य फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस में कदम रखने और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए जरूरी जानकारी एवं टूल्स प्रदान करते हुए स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त करना था। फ्लिपकार्ट ने पूरे भारत में 18 लाख से ज्यादा आजीविकाओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला है और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से विकास के नए अवसर प्रदान करते हुए स्थानीय कारीगरों एवं महिला उद्यमियों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम कारीगरों, एमएसएमई, एसएचजी, महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों और देशभर के शिल्पकारों की आजीविका को और सुदृढ़ करने के साथ-साथ पूरे भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने और आजीविका के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं आज की कार्यशाला को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से हम खुश हैं और आगे भी हम मध्य प्रदेश एवं पूरे देश में एमएसएमई इकोसिस्टम के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित करने के लिए समर्पित रहेंगे।

## किफायती दामों पर 'टेक्नो स्पार्क गो 1' लॉन्च

नई दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने बेहद किफायती कीमत पर अपना नवीनतम मॉडल टेक्नो स्पार्क गो 1 लॉन्च किया है, जिसकी कीमत मात्र 7,299 रुपए है। यह एक बेहतरीन अपग्रेड है, जिसमें ग्राहकों को ज्यादा पैसे खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। फिलहाल ऑनलाइन उपलब्ध स्पार्क गो 1, 6 सितंबर से रिटेल स्टोर्स में खरीदी के लिए उपलब्ध होगा। स्पार्क गो 1 अल्ट्रा-स्मूद स्क्रॉलिंग के लिए सेगमेंट-फर्स्ट 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट, लाइटनिंग-फास्ट मल्टीटास्किंग के लिए 8 जीबी * रैम और क्रिस्टल-क्लियर ऑडियो के लिए डीटीएस के साथ डुअल स्टीरियो स्पीकर जैसी सुविधाओं के साथ आता है। स्पार्क गो 1 को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह आपको हर काम में हमेशा सबसे आगे रखेगा।

## ह्यूंडई ने पेश की नयी एसयूवी अल्काजार

नई दिल्ली। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आज की शुरूआती कीमत के साथ अपनी बोल्ड न्यू ह्यूंडई अल्काजार को लॉन्च किया। ट्रैवल एक्सपीरियंस को रीडिफाइन करते हुए यह 6 एवं 7 सीटर प्रीमियम एसयूवी भव्यता, कंफर्ट एवं कन्वीनियंस, टेक्नोलॉजी, एनर्जेटिक परफॉर्मेंस और एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स के साथ ग्राहकों के हर सफर को समृद्ध करेगी। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड में हम अपने डायवर्स एवं वर्सटाइल प्रोडक्ट्स के माध्यम से ग्राहकों के अनुभव को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों को समझने और साथ ही उनकी उम्मीदों के अनुरूप बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट ने

का उद्देश्य छात्रों के पठन-पाठन में व्यवधान को रोकना है। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने पूर्व में जारी आदेश को संशोधित किया था और कहा था कि सामान्य श्रेणी की मेधा सूची में स्थान बनाने वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को उसी (सामान्य) श्रेणी में डाला जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने एकल न्यायाधीश के उस फैसले को बरकरार रखा था, जिसमें आरक्षित श्रेणी के 6,800 अभ्यर्थियों की पांच जनवरी 2022 की चयन सूची को रद्द करने का फैसला किया गया था। खंडपीठ ने राज्य सरकार और अन्य संबद्ध प्राधिकारों को तीन महीने के भीतर नयी चयन सूची जारी करने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दलील दी गई थी कि 69,000 शिक्षकों के चयन में राज्य द्वारा प्रदान किया गया आरक्षण सटीक नहीं था और 6,800 शिक्षकों की नियुक्ति की वैधता पर सवाल उठाया गया था। एकल पीठ ने अपने निर्णय में कहा था कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी का कट ऑफ मार्क्स पाने पर अनारक्षित वर्ग में रखा जाना सही है, क्योंकि टीईटी किसी अभ्यर्थी को सिर्फ सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में भाग लेने के लिए उपयुक्त बनाता है। हालांकि, बाद में खंडपीठ ने स्पष्ट किया था कि यदि ऐसे अभ्यर्थी पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं, तो उन्हें सामान्य श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए।

### रणनीतिक सम्बंधों

मुलाकात की। जायसवाल ने कहा, दोनों नेताओं ने बहुआयामी भारत-यूएई संबंधों और नए एवं उभरते क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के अवसरों पर चर्चा की। नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नयी दिल्ली पहुंचे। मोदी से बातचीत के बाद शाह ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। जायसवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा, उनकी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहती हैं। हम यूएई के साथ अपनी दोस्ती को मजबूत कर रहे हैं। समझा जाता है कि अपनी बातचीत के दौरान मोदी और अल नाहयान ने गाजा में स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया।भारत-यूएई संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ता आई है। अगस्त 2015 में मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) और जुलाई 2023 में एक स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) प्रणाली पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में लगभग 85 अरब अमेरिकी अमरीकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भी यूएई, भारत में शीर्ष चार निवेशकों में शामिल है। यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में यूएई को बतौर विशेष आमंत्रित देश न्योता दिया गया था।

### स्वस्थ बनाने

के केंद्र व राज्य पुलिस बलों के अधिकारियों व जवानों को देश के सबसे बड़े राज्य की राजधानी में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसमें 378 महिला खिलाड़ी प्रतिभाग कर रही हैं। यह आयोजन आगामी 4 दिनों तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रस्तुत किए गए अनेक कार्यक्रमों में खेल तथा खेलकूद गतिविधियों को विशेष महत्व प्रदान किया गया। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट तथा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता इसका उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। आज गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताएं विभिन्न आयोजनों के माध्यम से सम्पन्न की जा रही हैं। प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति इन आयोजनों के साथ जुड़ रहा है। वर्तमान में पेरिस पैरालम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे को पूरा देश तथा दुनिया देख रही है। वहां भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा तथा कौशल का लोहा पूरी दुनिया को मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 57 हजार ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान, 825 विकास खण्डों में मिनी स्टेडियम तथा 75 जिलों में स्टेडियम निर्माण के कार्यक्रम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। राज्य में एक खेल नीति भी बनाई गई है। ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड तथा विश्व चैम्पियनशिप में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाने की कार्यवाही के साथ जोड़ा गया है। इनका बेहतरीन प्रदर्शन उत्तर प्रदेश पुलिस बल को नई गति प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का अवसर इसलिए और अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री की एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को भी साकार कर रहा है। यहां देश के विभिन्न पुलिस बलों के जवान व अधिकारी आयोजन में भागीदार बन रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों को देशभर से आए प्रतिभागियों के सामने अपना प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

पुलिस बलों के नाम अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन सभी के लिए भारत की सुरक्षा सर्वोच्च मायने रखती है। सीमा सुरक्षा बल भारत-नेपाल तथा भारत-भूटान सीमा पर आपसी सामाजिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक सम्बन्धों को सुरक्षित रखते हुए तथा आम जनमानस का विश्वास अर्जित करते हुए बेहतरीन कार्य कर रहा है। सीमा सुरक्षा बल द्वारा स्थानीय लोगों को अनेक रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाता है। प्रदेश की साढ़े 500 किलोमीटर सीमा नेपाल से जुड़ी हुई है। इस सीमा की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस, सीमा सुरक्षा बल के साथ जॉइन्ट पेट्रोलिंग में भाग लेती है। मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों से आए पुलिस कार्मिकों का आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस बल राष्ट्रीय सुरक्षा, प्रादेशिक कानून व्यवस्था व सुरक्षा के मुद्दों से सम्बन्धित गुरुत्तर दायित्वों का पालन प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ करने का प्रयास करते हैं। पुलिस बलों को इन दायित्वों के साथ-साथ समाज को जोड़ने वाली अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल दलजीत सिंह चौधरी ने स्वागत उद्बोधन किया तथा मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, देश के विभिन्न राज्यों के पुलिसबलों के प्रतिभागी खिलाड़ी, स्कूली बच्चे तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामले में प.बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने न्यायालय में रिपोर्ट जमा की

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना के खिलाफ चिकित्सकों की हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत हो चुकी है।पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार स्थिति रिपोर्ट प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष जमा की।उन्होंने पीठ से कहा, एक स्थिति रिपोर्ट जमा की गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्ट जमा की है। डॉक्टर हड़ताल पर हैं, इसलिए 23 लोगों की मौत हो चुकी है। शीर्ष अदालत इस मामले में राज्य सरकार और सीबीआई द्वारा दाखिल स्थिति रिपोर्ट का अध्ययन कर रही है।पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं और सुनवाई अभी जारी है।उच्चतम न्यायालय ने 22 अगस्त को महिला चिकित्सक की अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में देरी को लेकर कोलकाता पुलिस से नाराजगी जताई थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की प्रशिक्षु पीजी चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।न्यायालय ने इसे बेहद परेशान करने वाली घटना बताया था और घटनाक्रम तथा प्रक्रियागत औपचारिकताओं के समय पर सवाल उठाए थे।शीर्ष अदालत ने चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की सुरक्षा के लिहाज से प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया था। न्यायालय ने घटना को भयावह करार देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने में देरी पर राज्य सरकार से भी अप्रसन्नता जाहिर की थी।

### साढ़े सात साल

कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं, आज उसके परिणाम हम सबके सामने है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना देश की अभिनव योजना बन गई है। साथ ही बेहतरीन कानून व्यवस्था से उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में देश में अग्रणी है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है, जो वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य है, जो तेजी के साथ भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रुप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश ने अपनी औद्योगिक विकास नीति बनाई थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम लोगों का मार्गदर्शन करते हुए कहा था कि इन्वेस्टमेंट को एम्प्लॉयमेंट के साथ जोड़ना चाहिए। आइकिया इंडिया के स्टोर का शिलान्यास उसी का परिणाम है। यूपी में संभावनाओं का लाभ भारत व अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में सीएम योगी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी और प्रतिभावान युवा आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। विगत साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर घटी है। 27 अलग-अलग सेक्टर की सेक्टोरियल पॉलिसी के साथ उत्तर प्रदेश भारत के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी का क्षेत्र इस वर्ष के अंत में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधाओं के साथ ही भारत के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लॉजिस्टिक की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन इसी क्षेत्र के गौतमबुद्धनगर जनपद में पड़ेगा। उत्तर प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है, इसकी संभावनाओं का लाभ भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में है। कार्यक्रम में स्वीडन के अंबेसडर यॉन थेस्लेफ, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास के राज्यमंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव मनोज सिंह, आईकिया इंडिया के सीईओ सुजैन पुल्वरर आदि मौजूद रहे।

### घुसपैठ की

जवानों ने इलाके में चौकसी बढ़ा दी और पूरी रात कड़ी निगरानी की तथा सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक तलाशी अभियान जारी था।




## संक्षेप

### ग्लोबल शतरंज लीग आनंद से सीखने का मौका

लंदन। भारतीय ग्रैंड मास्टर आर वैशाली तीन से 12 अक्टूबर तक यहां होने वाले ग्लोबल शतरंज लीग में पहली बार भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि इसमें उन्हें अपनी टीम के साथी और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से कुछ नया सीखने को मिलेगा। वैशाली को इस प्रतियोगिता में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के साथ गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स की टीम में रखा गया है जबकि उनके भाई आर प्रज्ञाननंदा नार्वे के मैगनस कार्लसन के साथ अल्पाइन एसजी पाइपर्स की टीम में शामिल हैं। वैशाली ने कहा, मैं उस टीम में हूं जिसमें विशी (आनंद) सर हैं। उनके साथ खेलना मेरे लिए विशेष होगा। इस तरह के टूर्नामेंट से निश्चित तौर पर खिलाड़ियों को अपने खेल में सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए कुछ नया सीखने का शानदार मौका होगा। मेरा भाई प्रज्ञान मैगनस कार्लसन की टीम में है जो उसके लिए काफी अच्छी बात है। बेशक हम एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे, लेकिन हमारी टीमें अलग हैं।

### पाक खिलाड़ी सैफ चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चेन्नई रवाना

लाहौर। भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने के बाद पाकिस्तान का 12 सदस्यीय दल दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को चेन्नई के लिए रवाना हो गया। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि शनिवार को वीजा मिलने के बाद एथलीट और अधिकारी चेन्नई के लिए रवाना हो गए हैं। अधिकारी ने कहा, पाकिस्तान का दल वाघा सीमा के रास्ते रवाना हो गया है, जहां से वे अमृतसर जाएंगे और वहां से विमान से चेन्नई पहुंचेंगे जहां दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। सैफ जूनियर चैंपियनशिप 11 से 13 सितंबर तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी।

### एसए20 में इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू करना जल्दबाजी : स्मिथ

चेन्नई। एसए20 लीग कमिश्नर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का कहना है कि यह टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इम्पैक्ट प्लेयर नियम जैसी नयी चीजों के प्रयोग के लिए खुला है लेकिन फिलहाल वह खेल प्रेमियों के लिए इसे सरल रखने पर ध्यान लगाये हैं। आईपीएल का इम्पैक्ट प्लेयर नियम टीमों को मैच के किसी भी समय अपनी पसंद के एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। इसे पिछले सत्र में आईपीएल में शुरू किया गया था जिस पर राय विभाजित थी कि क्या यह हरफनमौला खिलाड़ियों की भूमिका को कम कर रहा है क्योंकि टीमें ज्यादातर मौकों पर बड़े हिट लगाने वाले खिलाड़ियों को चुनती हैं। स्मिथ ने कहा कि एसए20 अभी के लिए सरल और पारंपरिक क्रिकेट पर डटे रहने का इरादा रखता है। अगले साल जनवरी-फरवरी में होने वाले एसए20 के तीसरे सत्र से पहले स्मिथ ने पीटीआई से कहा, आईपीएल और इसके इम्पैक्ट प्लेयर नियम की तुलना में हम कम प्रयोग कर रहे हैं। हम टूर्नामेंट को मजबूत बनाये रखते हुए यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि लोग इसके क्रिकेट पहलू को समझें। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि अच्छा क्रिकेट खेला जाए और प्रशंसक इसका जितना हो सके उतना आनंद लें। हमने वैश्विक स्तर पर नियमों के अनुसार इसे सरल रखने की कोशिश की है।

### श्रीलंका ने इंग्लैंड को सूपड़ा साफ करने से रोका

लंदन। सलामी बल्लेबाजी पथुम निसंका (नाबाद 127) की आक्रामक शतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को यहां आठ विकेट की जीत के साथ इंग्लैंड को सूपड़ा साफ करने से रोक दिया। इंग्लैंड की धरती पर यह श्रीलंका की सिर्फ चौथी जीत है। इंग्लैंड की टीम ने श्रृंखला 2-1 से जीत ली, लेकिन जुलाई में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराने वाली यह टीम लगातार दूसरी श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने से चूक गयी। श्रीलंका ने द ओवल मैदान पर दिन की शुरुआत एक विकेट पर 94 रन से की थी।

# भारत ने जापान को 5-1 से हराया

एजेंसी



हुलुनबुइर (चीन)। सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे। मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले

**लगातार दूसरी जीत दर्ज**

जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।

भारत ने मैच के दूसरे मिनट में ही सुखजीत के शानदार मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। सर्कल के दाईं ओर खड़े संजय ने क्रॉस किया जिसे सुखजीत ने तेजी से डिफ्लेक्ट कर दिया। भारत ने अगले मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी जब अभिषेक ने कई जापानी डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोलकीपर को हैरान करके गोल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी यही आक्रामक सिलसिला जारी रहा जब संजय ने 17वें मिनट में शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। हाफ टाइम तक 3-0 की बढ़त के साथ भारत अच्छी स्थिति में था जबकि जापान ने शुरुआती झटकों से उबरकर वापसी करने की कोशिश की।

टूर्नामेंट के पिछले चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली जापानी टीम ने 21वें मिनट में पेनलटी कॉर्नर हासिल करने के लिए हमले तेज किये। लेकिन जापान के ड्रैग फ्लिकर भारतीयों के सामने नाकाम रहे। भारतीय टीम ने तेजी से जवाबी हमला किया और इस दौरान जुगराज सिंह ने फ्री हिट हासिल की, पर इसका कोई फायदा नहीं मिला। दूसरे क्वार्टर में एक गोल से भारत ने दबदबा बनाये रखा। इस दौरान उन्होंने 11 बार सर्कल में प्रवेश किया और गोल पर तीन शॉट लगाए। हाफ-टाइम ब्रेक के बाद भारत ने फुर्ती बनाए रखने की कोशिश की। लेकिन जापान ने उन्हें कोई गोल नहीं करने दिया। फिर जापान के लिए 41वें मिनट में काजुमासा ने मैदानी गोल कर दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक गोल को रोकने के लिए कुछ खास नहीं कर सके। भारत के लिए चौथे गोल का श्रेय जर्मनप्रीत सिंह के अच्छे स्टिक वर्क को जाता है जिन्होंने बेहतरीन मैदानी गोल करने में उत्तम सिंह की मदद की। फिर अभिषेक की सहायता से सुखजीत ने 60वें मिनट में अपने नाम एक और गोल किया। मैच के नायक अभिषेक ने कहा, आज पूरी टीम ने प्रयास किया और हमने बेसिक्स पर ध्यान दिया।

हमने अच्छा आक्रमण किया और सुनिश्चित किया कि हम गोल पर ध्यान लगाये रहें। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी।

# बधिर निशानेबाजी विश्व कप में भारत ने जीते सात स्वर्ण पदक

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) ने सोमवार को बताया कि भारत ने जर्मनी के हनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में सात स्वर्ण सहित 21 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में भारत ने सात रजत और इतने ही कांस्य पदक भी जीते। एनआरएआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूक्रेन सात स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर और मेजबान जर्मनी दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्पर्धा के आखिरी दिन माहित संधू ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में स्वर्ण पदक जीता। अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि चेतन हनमंत सपकाल ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम में 13 निशानेबाज शामिल थे जिन्होंने चैंपियनशिप की 16 में से 15 स्पर्धाओं में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 16 देशों के 70 प्रतिभागी थे। पिस्टल निशानेबाज देशवाल ने पांच पदक (एक स्वर्ण और चार रजत) जीतकर सर्वाधिक व्यक्तिगत पदकों जीते। संधू ने चार (तीन स्वर्ण और एक रजत) पदक अपने नाम किया जबकि धनुष श्रीकांत ने दो स्वर्ण



पदक जीते। धनुष ने 10 मीटर एयर राइफल के व्यक्तिगत और मिश्रित स्पर्धा का स्वर्ण जीता। अनुया प्रसाद (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल) और शौर्य सैनी (पुरुषों की 50 मीटर थ्री पी) ने भारतीय टीम के लिए अन्य स्वर्ण पदक जीते। भारतीयों ने इस आयोजन में कई बधिर विश्व रिकॉर्ड और चैम्पियनशिप रिकॉर्ड कायम किये।

**पेरिस पैरालंपिक खेलों का समापन, चीन का रहा दबदबा**

पेरिस। खूबसूरत लाइट शो और फ्रांस के इलेक्ट्रॉनिक संगीत के साथ रविवार को यहां पेरिस पैरालंपिक खेलों का समापन हो गया। जीन-मिशेल जें ने स्टेड डी फ्रांस में पार्टी की शुरुआत की। उन्होंने अपने संगीत से खिलाड़ियों, स्वयंसेवकों और दर्शकों को थिरकने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आखिर में लाइट शो का आयोजन किया गया जिसे देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। खेलों के आखिरी दिन दो विश्व रिकॉर्ड बने। मोरक्को की फातिमा एज़ाहरा एल इदरीसी ने दृष्टिबाधित धावकों के लिए महिला मैराथन में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जबकि नाइजीरिया की फोलाशेड ओलुवाफेमियायो ने महिला पैरा पावरलिफ्टिंग में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

# पीकेएल का आगाज तेलुगु टाइटंस और बेंगलुरु बुल्स मुकाबले से

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सत्र का आगाज 18 अक्टूबर को हैदराबाद में तेलुगु टाइटंस और बेंगलुरु बुल्स के बीच मुकाबले के साथ होगा। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। लीग का आयोजन तीन शहरों में होगा। हैदराबाद के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक इसके शुरुआती चरण का आयोजन होगा। पीकेएल के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने कहा कि इसके बाद 10 नवंबर से एक दिसंबर तक दूसरे चरण का आयोजन नोएडा इंडोर स्टेडियम में होगा। तीसरा चरण तीन दिसंबर से 24 दिसंबर तक पुणे के बालेवाड़ी बैडमिंटन स्टेडियम में होगा। शुरुआती मैच में स्टार रेडर पवन सेहरावत की मौजूदगी वाली तेलुगु टाइटंस का मुकाबला बेंगलुरु बुल्स से होगा। बेंगलुरु की टीम में दिग्गज प्रदीप नरवाल वापसी कर रहे हैं। दिन के दूसरे मैच में यू मुंबा और दबंग दिल्ली के.सी. आमने-सामने होंगे। यू मुंबा की टीम में लीग के सबसे महंगे डिफेंडर सुनील कुमार (1.015 करोड़ रुपये) के सामने दिल्ली के तेज तर्रार रेडर नवीन कुमार को रोकने की चुनौती होगी। पीकेएल के आयुक्त और मशाल स्पोर्ट्स में लीग खेलों के प्रमुख अनुपम गोस्वामी ने कहा, प्रत्येक पीकेएल सत्र के लिए कार्यक्रम को तैयार करना काफी जटिल काम है।



उन्होंने कहा, हमें यकीन है कि पीकेएल के 11वें सत्र का मैच कार्यक्रम हमारे प्रशंसकों के जुनून और उम्मीदों पर खरा उतरेगा। यह सभी 12 टीमों के लिए अपनी रणनीति और योजनाओं को बनाने में मददगार होगा।

**ईस्ट दिल्ली बना दिल्ली प्रीमियर लीग का चैंपियन**

नयी दिल्ली। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार पर तीन रन की रोमांचक जीत से दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।

# पंत टेस्ट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी : गांगुली



एजेंसी

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर हैं, लेकिन साथ ही उन्हें छोटे प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद पंत को रविवार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और पूरी उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। पंत ने इस साल के शुरू में सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की थी और इनमें अच्छा प्रदर्शन किया था। गांगुली ने यहां एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे।



उन्होंने कहा, अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि उसे छोटे प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वह प्रतिभाशाली है और मुझे यकीन है कि वह जल्द ही ऐसा करने में सफल रहेगा। मोहम्मद शमी को टखने के ऑपरेशन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया लेकिन गांगुली को विश्वास है कि यह तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएगा। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण टीम में शामिल नहीं है लेकिन वह जल्द ही वापसी करेगा क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारत का आक्रमण अभी बहुत अच्छा है। गांगुली ने कहा, मैं भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं। टीम की वहां असली परीक्षा होगी। इसके बाद टीम को जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करना है और यह दोनों दौरे बेहद महत्वपूर्ण होंगे। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी तथा शमी की वापसी से तब भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत होगा। बांग्लादेश ने हाल में पाकिस्तान को उसकी धरती पर हराया था लेकिन गांगुली का मानना है कि भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं होता इसलिए बांग्लादेश के खिलाड़ियों को बधाई। लेकिन भारतीय टीम अलग तरह की है तथा वह स्वदेश हो या विदेश दोनों जगह अच्छा प्रदर्शन करती है।

# अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड का पहले दिन का खेल रद्द

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में घटिया जल निकासी, गीली आउटफील्ड और दयनीय सुविधाओं के कारण सोमवार को अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ऐतिहासिक एकमात्र टेस्ट मैच का पहला दिन एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया। दोनों देशों के बीच पहले टेस्ट की तैयारी बारिश से प्रभावित हुई थी और न्यूजीलैंड एक भी अभ्यास सत्र ठीक से पूरा नहीं कर पाया था।

रात में हुई बूंदाबांदी के अलावा सोमवार को पूरे दिन बारिश नहीं हुई, लेकिन आधुनिक सुविधाओं की कमी के कारण अनुभवहीन मैदानकर्मियों को मैदान तैयार करने में संघर्ष करना पड़ा। अंपायरों ने पूरे दिन में छह बार निरीक्षण किया। कप्तान टिम साउथी, ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर और रचिन रविंद्र सहित न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ी भी मैदान का जायजा लेने आए। लेकिन मिड-ऑन और मिड विकेट चिंता का विषय लग रहा था जबकि 30 गज के घेरे के अंदर भी कई पैच थे। धूप निकलने से अच्छी रोशनी से एक बार तो लगा कि मैच शुरू हो सकता है लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट भी मैदानकर्मियों के संघर्ष से नाखुश दिखे। सुपर सोपर्स भी दोपहर एक बजे के बाद ही लगाये गये। आखिरकार शाम चार बजे पहला दिन रद्द कर दिया गया। कल सुबह नौ बजे टॉस का समय तय किया गया है और बचे हुए चार दिन में 98 ओवर होंगे जो सुबह 10 बजे के बजाय सुबह 9.30 बजे शुरू होंगे। मैदानकर्मियों ने अफगानिस्तान के ट्रेनिंग सत्र के लिए मैदान को सुखाने के लिए टेबल फैन का इस्तेमाल किया था। आधुनिक सुविधाओं की कमी मैदान के बाहर तक फैली हुई थी जिससे पिच के बाहर के संचालन पर असर पड़ा।

इस स्थल पर मीडिया के लिए उचित स्टैंड और प्रशंसकों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इसके अलावा एक्रिडिटिड मीडिया के लिए पानी की कमी, बिजली की आपूर्ति और महिला शौचालय तक की कमी थी जिससे सभी को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ा। प्रशंसकों को भी पता नहीं था कि क्या हो रहा है क्योंकि घोषणा प्रणाली की कोई व्यवस्था नहीं थी। स्टेडियम प्राधिकरण और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के बीच खराब संचार और पूर्ण कुप्रबंधन था। एसीबी के एक अधिकारी ने कहा, बहुत गड़बड़ी है, हम यहां कभी वापस नहीं आएंगे। खिलाड़ी भी यहां की सुविधाओं से नाखुश हैं।

# रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीता पुर्तगाल

एजेंसी

लंदन। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया।

पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।



**जूनियर सुब्रतो कप फाइनल में मेघालय की मिंगकेन स्कूल का मुकाबला मणिपुर की टीजीईएस से होगा**

नयी दिल्ली। बैंगनसन की हैट्रिक गोल की मदद से मिंगकेन क्रिश्चियन एचएसएस, मेघालय ने सोमवार को यहां गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल, अरुणाचल प्रदेश को 7-0 से रौंद कर 63वें सुब्रतो कप जूनियर बालक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मिंगकेन क्रिश्चियन एचएसएस के सामने बुधवार को यहां के अंबेडकर स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल में टी.जी. इंग्लिश स्कूल विष्णुपुर, मणिपुर की चुनौती होगी। टी.जी. इंग्लिश स्कूल ने दिन के दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन को एक गोल से हराया। बैंगनसन ने मैच के 21वें मिनट में मिंगकेन का खाता खोला और फिर 36वें और 46वें मिनट में गोलकर हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए एलिसस्टार (44वें, 51वें) ने दो जबकि मेबनलानियनिट (39वें) और मेनात्स्कहेंग (65वें मिनट) ने एक-एक गोल किये। दूसरे सेमीफाइनल में हेरोबा ने मैच के 27वें मिनट में गोलकर श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन के खिलाफ टी.जी इंग्लिश स्कूल की जीत सुनिश्चित की।

**इंग्लैंड के लिए 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने पर हैरी केन का होगा सम्मान**

लंदन। इंग्लैंड के फुटबॉल टीम कप्तान हैरी केन को मंगलवार को वेम्बली में फिनलैंड के खिलाफ नेशंस लीग मैच से पहले अपने देश के लिए 100वां मैच खेलने के अवसर पर सोने की टोपी प्रदान की जाएगी।

### तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे नटराज व अनीश तैराक

मंगलुरु। ओलंपियन श्रीहरि नटराज, फ्रीस्टाइल विशेषज्ञ अनीश गौड़ा और हर्षिता जयराम मंगलवार से यहां शुरू हो रही 77वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले प्रमुख तैराकों में शामिल होंगे। यह टूर्नामेंट 13 सितंबर को समाप्त होगा लेकिन भारतीय तैराकों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए ए क्वालीफिकेशन मार्क दाव पर लगा होगा। कर्नाटक इस प्रतियोगिता का गत विजेता है जिसमें 31 राज्यों के 500 से अधिक तैराक भाग लेंगे। हाल में पेरिस ओलंपिक की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में भाग लेने वाले नटराज ने कहा कि वह इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर बैकस्ट्रोक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक नटराज ने कहा, मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म का इंतजार कर रहा हूं और मैं अपनी सभी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगा और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाऊंगा। भारतीय तैराकी महासंघ के महासचिव मोनाल चोकशी ने कहा, मुझे विश्वास है कि भारतीय तैराक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का फायदा उठाएंगे और पिछले साल के प्रदर्शन को पार करेंगे। पहले दिन 400 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, नटराज की पसंदीदा स्पर्धा 100 मीटर बैकस्ट्रोक, 50 मीटर बटरफ्लाई और 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले की स्पर्धायें होंगी।

# सिनर बने अमेरिकी ओपन चैंपियन

एजेंसी

न्यूयॉर्क। पिछले दिनों डोपिंग मामले में दोष मुक्त होने वाले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज़ के खिलाफ अपने बेसलाइन के खेल का शानदार नमूना पेश किया और 6-3, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके अमेरिका का वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीतने का पिछले 21 वर्षों से चला आ रहा इंतजार बढ़ा दिया। इटली के 23 वर्षीय सिनर ने कहा, मेरे लिए यह ट्रॉफी काफी मायने रखती है क्योंकि मेरे करियर का पिछला कुछ समय काफी मुश्किल भरा था। सिनर के करियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी पुरुष एकल की ट्रॉफी जीती थी।

फ्रिट्ज़ के पास अमेरिका का इंतजार खत्म करने का मौका था लेकिन फाइनल में उनकी सिनर के सामने एक नहीं चली जिससे दर्शक काफी मायूस हुए। एंडी रोडिक अमेरिका के आखिरी खिलाड़ी थे जिन्होंने अमेरिकी ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में यहां ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज़




पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे थे। वह 2009 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी थे।

उनसे पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पहुंचने वाले आखिरी खिलाड़ी भी रोडिक थे जो 2009 में विंबलडन में रोजर फेडरर से हार गए थे। फ्रिट्ज़ ने कहा, अमेरिकी ओपन के फाइनल में किसी अमेरिकी का होना अविश्वसनीय है। मुझे पूरे सप्ताह दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि हम लंबे समय से चैंपियन का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए मुझे अफसोस है कि मैं इस बार यह इंतजार खत्म नहीं कर पाया। लेकिन मैं अपना प्रयास जारी रखूंगा और उम्मीद है कि अगले साल इसे खत्म करने में सफल रहूंगा। दुनिया को 20 अगस्त को पता चला कि सिनर को इस साल मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए आठ दिनों के अंतराल में दो बार पॉजिटिव पाया गया था लेकिन वह यह साबित करने में सफल रहे कि उन्होंने अनजाने में इसका उपयोग किया था जिसके कारण उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई थी। सिनर ने मैच में शुरू से दबदबा बनाए रखा और दर्शकों के चहेते फ्रिट्ज़ को कोई मौका नहीं दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने हालांकि तीसरे सेट में कड़ी चुनौती पेश की। इस सेट में एक समय स्कोर 3-3 से बराबर था।

# खाड़ी देशों से मजबूत होंगे रिश्ते

## विदेशमंत्री जयशंकर ने खाड़ी देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

एजेंसी

रियाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को खाड़ी देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं जिस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की तथा उन्हें और अधिक गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में शामिल होने के लिए तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे। जीसीसी एक प्रभावशाली समूह है जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। जीसीसी देशों के साथ भारत का कुल व्यापार 2022-23 में 184.46 अरब डॉलर रहा।

जयशंकर ने सोमवार को कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से मुलाकात की जो विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से अच्छी मुलाकात के साथ दिन की शुरुआत की। भारत-कतर के द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर उनके दृष्टिकोण तथा आकलन की सराहना करता हूं। जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री



फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रिश्तों में प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से आज रियाद में मुलाकात की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का जायजा लिया और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। जयशंकर ने रियाद में ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसईदी से भी मुलाकात की और उन्होंने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिल अल जयानी से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, बहरीन के विदेश मंत्री डॉ अब्दुल लतीफ बिन राशिद अल जयानी से मुलाकात करके खुश हूं।

हमारे रिश्ते और बहरीन में भारतीय समुदाय के योगदान पर उनके सकारात्मक मूल्यांकन की प्रशंसा करता हूं। विदेश मंत्री ने कुवैत के अपने समकक्ष अब्दुल्ला अली अल-याहया से भी द्विपक्षीय मुलाकात की। उन्होंने लिखा, कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याहया से एक बार फिर मिलकर प्रसन्न हूं। कुवैत में पिछले दिनों हमारी कारगर बैठक को याद किया। हमारे संयुक्त आयोग की एक बैठक जल्द करके भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने जयशंकर की यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को कहा था कि भारत और जीसीसी के गहन और बहुआयामी संबंध हैं जिनमें व्यापार और निवेश तथा ऊर्जा के क्षेत्र, सांस्कृतिक तथा लोगों के संबंध शामिल हैं। उसने एक बयान में कहा, जीसीसी क्षेत्र भारत के लिए एक प्रमुख व्यापार साझेदार बनकर उभरा है और यहां बड़ी संख्या में भारत से आए लोग रहते हैं जिनकी संख्या करीब 89 लाख है।

## अमित शाह ने गणेश पंडाल में किए दर्शन

मुंबई। महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुंबई हवाई अड्डे पर संक्षिप्त मुलाकात की और कई गणेश पंडाल में दर्शन किये। बैठक में क्या बातचीत हुई, इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, शाह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दोनों सहयोगियों को आश्वासन दिया कि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए महायुति सहयोगियों के बीच विधानसभा सीट का सम्मानजनक वितरण होगा।



शिंदे शिवसेना के प्रमुख हैं, जबकि अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष हैं और दोनों सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में भाजपा के सहयोगी हैं। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी के प्रमुख चुनाव रणनीतिकार शाह दो दिवसीय मुंबई दौरे पर हैं, जहां उन्होंने एक मीडिया संगठन द्वारा निर्मित वृत्तचित्र को जारी करने के लिए रविवार शाम एक कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने दक्षिण मुंबई में राज्य सरकार के सह्याद्री गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई की कोर कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की। मुंबई से रवाना होने से पहले शाह ने सोमवार को शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और अन्य अहम नेताओं से मुलाकात की। शाह मुंबई में प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणेश पंडाल जा कर भगवान गणेश के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मुंबई के लालबाग इलाके में सबसे प्रसिद्ध गणेश पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन के दौरान शाह के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी थे।

संक्षेप

### अमेरिका व भारत इंडस एक्स सम्मेलन सोमवार से

वाशिंगटन। इंडस-एक्स के दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का तीसरा संस्करण सोमवार को शुरू होगा, जिसमें भारत और अमेरिका रक्षा नवाचार में साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर विचार करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह बात कही गई। यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत-अमेरिका डिफेंस एक्सिलरेशन इकोसिस्टम (इंडस-एक्स) शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार सम्मेलन में वाशिंगटन और नई दिल्ली के प्रमुख रक्षा नीति निर्माता एक साथ जुटेंगे और रक्षा नवाचार क्षेत्र को आगे बढ़ाने में निजी पूंजी की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें कहा गया, यह कार्यक्रम सह-उत्पादन और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप, उद्यम पूंजीपतियों, शिक्षाविदों और उद्योग पेशेवरों सहित रक्षा नवाचार में अमेरिकी और भारतीय नेताओं के बीच बातचीत की सुविधा प्रदान करेगा।

## अल्जीरिया के राष्ट्रपति होंगे अब्देलमदजीद तेब्बौने

एजेंसी

अल्जीयर्स। अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने अल्जीरिया के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी घोषित हुए हैं। कम मतदान और चुनाव में अनियमितताओं के दावों के बीच उन्होंने भारी बहुमत से जीत दर्ज की है। अल्जीरिया में हुए चुनाव में बेहद कम मतदान हुआ था और चुनाव के नतीजों को लेकर खबरों में विसंगतियां थीं। देश के स्वतंत्र चुनाव प्राधिकरण ने रविवार को घोषणा की कि तेब्बौने ने शनिवार के मतदान में 94.7 प्रतिशत मतों से जीत दर्ज की जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी इस्लामिस्ट अब्देलाली हसानी शेरिफ को सिर्फ 3.2 प्रतिशत मत और समाजवादी यूसुफ औचिचे को महज 2.2 प्रतिशत वोट मिले। रविवार को नतीजे सामने आने के बाद तेब्बौने के विरोधियों ने परिणाम पर सवाल खड़े किए। विरोधियों ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर देश के निर्वाचन अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि उन्होंने ऐसे परिणाम घोषित किए हैं जो पहले के मतदान आंकड़ों और स्थानीय गणनाओं के विपरीत हैं।

## बांग्लादेश को एक लाख अमेरिकी डॉलर की मदद

एजेंसी

सिंगापुर। सिंगापुर ने रविवार को पूर्वी बांग्लादेश में भीषण बाढ़ के बाद सिंगापुर रेड क्रॉस (एसआरसी) के सार्वजनिक धन जुटाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा, यह योगदान मानवीय राहत प्रयासों और प्रभावित समुदायों की तत्काल जरूरतों को समर्थन प्रदान करेगा। पांच सितंबर को एसआरसी ने बांग्लादेश में आपातकालीन कार्यों के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, जिससे बांग्लादेश रेड क्रिसेंट



सोसाइटी (बीडीआरसीएस) के माध्यम से प्रभावित समुदायों को आवश्यक सहायता और राहत प्रदान की जा सके। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार एसआरसी ने कहा कि वह स्थिति पर नजर रखने के लिए बीडीआरसीएस के साथ-साथ इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के संपर्क में है तथा और भी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। एसआरसी ने स्थिति बहाल करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए एक सार्वजनिक धन-संग्रह अपील भी शुरू की है और यह 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी। एसआरसी ने कहा कि अगस्त के अंत से बांग्लादेश में भारी बारिश से 58,00,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कम से कम 5,02,501 लोगों को 3,403 केंद्रों में आश्रय दिया गया है।

## भारत में कौशल को किया जा रहा दरकिनार : राहुल

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के टेक्सास राज्य के डलास में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने महाभारत के एकलव्य की पौराणिक कथा का जिक्र भी किया जिसने अपने गुरु के कहने पर अपना अंगूठा काटकर उन्हें दे दिया था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है बल्कि वहां कौशल रखने वाले लोगों के लिए सम्मान नहीं है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट पर राहुल गांधी के हवाले से पोस्ट किया गया, क्या आपने एकलव्य की कहानी सुनी है? भारत में जो कुछ हो रहा है, अगर आप इसे समझना चाहते हैं तो यहां लाखों, करोड़ों एकलव्य की कहानियां आए दिन सामने आ रही हैं। कौशल वाले लोगों को दरकिनार किया जा रहा है, उन्हें काम करने या आगे बढ़ने नहीं दिया जा रहा है और यह हर जगह हो रहा है। महाभारत में युद्ध लड़ने की कला में निपुण गुरु द्रोणाचार्य से जब आदिवासी समुदाय से आने वाले एकलव्य ने धनुर्विद्या सीखने की इच्छा प्रकट की तो उन्होंने उससे उसका दाहिना अंगूठा मांग लिया। गांधी ने कहा, कई लोग कहते हैं



कि भारत में कौशल की समस्या है। मुझे नहीं लगता कि भारत में कौशल की कोई समस्या है। मुझे लगता है कि भारत में कौशल रखने वाले लोगों के लिए सम्मान नहीं है। अपने संबोधन में गांधी ने कहा कि कौशल का सम्मान करके तथा कुशल लोगों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान कर भारत की क्षमता को उभारा जा सकता है।

उन्होंने कहा, आप सिर्फ आबादी के एक-दो प्रतिशत लोगों को सशक्त बनाकर भारत की क्षमता में इजाफा नहीं कर सकते हैं। गांधी अमेरिका की चार दिवसीय अनौपचारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान वह डलास, टेक्सास और वाशिंगटन की यात्रा करेंगे और भारतीय मूल के लोगों एवं युवाओं से बातचीत करेंगे। सोमवार से शुरू होने वाली वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान उनकी अमेरिका के सांसदों और वहां की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की भी योजना है। गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है।

## सीरिया में भीषण गोलीबारी, 14 की मौत व 40 घायल

एजेंसी

दमिश्क। इजराइल ने रविवार देर रात सीरिया के कई इलाकों में हमले किए जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने इसकी जानकरी दी। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि रविवार देर रात मध्य सीरिया के कई इलाकों में इजराइली हमले हुए, जिसके बाद हमास प्रांत में एक राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया और आग लग गई, जिसके बाद सोमवार सुबह दमकलकर्मी आग पर काबू करने के लिए जूझते दिखे। पश्चिमी हमास प्रांत



के मस्याफ नेशनल हॉस्पिटल द्वारा दी गई शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार मरने वालों की संख्या चार थी। अस्पताल प्रमुख फैसल हैदर के हवाले से सना ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मरने वालों की संख्या 14 हो गयी है जबकि 40 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्रिटेन से संचालित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्सर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार एक हमले में मस्याफ में एक वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र और उन अन्य स्थलों को निशाना बनाया गया जहां ईरानी मिलीशिया और विशेषज्ञ सीरिया में हथियार विकसित करने के लिए ठहरे थे। स्थानीय मीडिया ने तटीय शहर टार्टस के आसपास भी हमले की सूचना दी। इजराइल की सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इजराइल ने हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया के सरकारी नियंत्रण वाले हिस्सों में सैकड़ों हमले किए हैं।

## वियतनाम में तूफान से 59 की मौत, बाढ़ में बही बस

एजेंसी

हनोई। उत्तरी वियतनाम में तूफान के कारण हुई अधिक बारिश के चलते सोमवार को बाढ़ आ गई, जिसमें एक पुल टूट गया और एक बस बह गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया के अनुसार दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में इस प्राकृतिक आपदा में 59 लोगों की जान जा चुकी है। वियतनाम में शनिवार को आये तूफान में नौ लोगों की मौत हो गई और इसके परिणामस्वरूप आई बाढ़ और भूस्खलन के दौरान 50 अन्य लोगों की जान जा चुकी है। उत्तरी वियतनाम में कई नदियों का जल स्तर ख़तरनाक स्तर पर है। सोमवार सुबह पहाड़ी काओ बांग प्रांत में भूस्खलन के कारण 20 लोगों को ले जा रही एक यात्री बस बाढ़ के पानी में बह गई, जिसके बाद बचाव दल को तैनात किया गया, लेकिन भूस्खलन के कारण घटनास्थल तक जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया। फु थो प्रांत में सोमवार सुबह एक स्टील का पुल ध्वस्त हो गया, जिसके बाद बचाव अभियान जारी है। खबरों के अनुसार 10 कार और ट्रक तथा दो मोटसाइकिल नदी में गिर गईं।

इंटरटेनमेंट...

## दो पार्ट में आयेगी नितेश की 'रामायण'





मुंबई। नितेश तिवारी की मोस्ट अवेटेड फिल्म रामायण के सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे मालूम पड़ता है कि इसके पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन और शृंखला का काम बाकी है। एक्स हैंडल पर रणबीर कपूर के फैन पेज ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें एक्टर हुडी और टोपी पहने एक फैन के साथ पोज देते हुए दिखाई दिए।

फिल्म के पार्ट की शूटिंग खत्म होने के बाद पूरी टीम एक साथ पोज देती दिखाई दी। पिंकविला की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि नितेश तिवारी फिल्म रामायण को दो पार्ट में रिलीज करेंगे। इसमें रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और सनी देओल लीड रोल में हैं। फिल्म की भव्यता को देखते हुए मेकर्स ने दो पार्ट की शूटिंग को एक साथ करने का फैसला किया था।

मेकर्स की यह भी मंशा है कि एक साल में ही दोनों पार्ट रिलीज कर दिया जाए। उम्मीद है कि फिल्म अगले साल रिलीज हो सकती है। हालांकि मेकर्स की तरफ से रिलीज डेट अभी अनाउंस नहीं की गई है। हाल ही में निखिल कामथ के साथ बातचीत में रणबीर ने बताया था कि वे आने वाली फिल्म के लिए हर दिन 3-4 घंटे ट्रेनिंग ले रहे हैं। हालांकि उन्होंने अपकमिंग फिल्म के बारे में बहुत अधिक जानकारी नहीं दी थी।

## फिल्मों को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होते देखना चाहते हैं फरदीन खान



मुंबई। अभिनेता फरदीन खान चाहते हैं कि उनकी जंगल, प्यार तूने क्या किया और लव के लिए कुछ भी करेगा जैसी फिल्में सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज की जाएं। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार से 12 साल बाद अभिनय की दुनिया में वापसी करने वाले खान ने कहा कि ये वे फिल्में हैं जिनके लिए प्रशंसक उन्हें आज भी याद करते हैं।

खान ने दिए साक्षात्कार में कहा, जंगल, प्यार तूने क्या किया, लव के लिए कुछ भी करेगा ये ऐसी फिल्में हैं जिनसे मेरे दर्शक मुझसे जुड़े। वे मुझे संदेश भेजते रहते हैं। फिल्म नो एंट्री टेलीविजन पर काफी लोकप्रिय रही है। हालांकि ये फिल्में टेलीविजन पर ज्यादा नहीं नजर आईं। इन फिल्मों ने मेरे प्रशंसकों को खुशी दी है और शायद दोबारा रिलीज होने पर भी ये लोगों को खुश कर सकती हैं।

## चंदन प्रभाकर ने ठुकराया 'बिग बॉस-18' का ऑफर

मुंबई। टेलीविजन का पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस जल्द ही अपने 18वें सीजन के साथ लौटने वाला है। शो का ग्रैंड प्रीमियर 5 अक्टूबर को होगा, जिससे पहले लगातार शो में हिस्सा लेने वाले कंटेस्टेंट्स के नाम सामने आ रहे हैं।

इसी बीच खबर है कि बिग बॉस के मेकर्स ने द कपिल शर्मा शो फेम चंदन प्रभाकर को शो में आने के लिए अप्रोच किया है, हालांकि उन्होंने ये ऑफर ठुकरा दिया है। हाल ही में बातचीत में एक्टर ने कन्फर्म किया है कि उन्हें बिग बॉस 18 का ऑफर मिला था। एक्टर ने इंटरव्यू में कहा है, चारों तरफ कैमरे के बीच किसी घर में बंद होना, ये मेरा



नेचर नहीं है। ये शो मेरे लिए नहीं है। बिग बॉस 18 के एक कास्टिंग एजेंट ने मुझे कॉल किया था। उन्होंने मुझे ऑडिशन के लिए बुलाया था, लेकिन मैंने मना कर दिया है।

## अक्षय ने बर्थडे पर अनाउंस की 'भूतबंगला'

**मुंबई।** सोमवार को अक्षय कुमार अपना 57वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर एक्टर ने अपनी अगली फिल्म 'भूत बंगला' की अनाउंसमेंट की। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए अक्षय और डायरेक्टर प्रियदर्शन 14 साल बाद साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने आखिरी बार साथ में साल 2010 में रिलीज हुई 'खट्टा मीठा' में काम किया था। अक्षय ने फिल्म अनाउंस करते हुए यह ट्वीट किया। अक्षय बोले- प्यार लुटाने के लिए आपका शुक्रिया फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए अक्षय ने एक ट्वीट किया। एक्टर ने लिखा, 'साल दर साल मेरे बर्थडे पर अपना प्यार लुटाने का आपका शुक्रिया।

यह साल 'भूत बंगला' के फर्स्ट लुक के साथ सेलिब्रेट कर रहा हूं। 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ काम करने के लिए बेहद एक्साइटेड हूं। यह मेरे लिए ड्रीम कोलैबोरेशन जैसा है। पिछले साल अक्षय की प्रियदर्शन के साथ यह तस्वीर सामने आई थी जिसके बाद से चर्चा थी कि दोनों जल्द साथ काम करने वाले हैं। अगले साल रिलीज होगी फिल्म 'भूत बंगला' एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है जिसे




अक्षय कुमार और एकता कपूर मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह अगले साल रिलीज होगी। फ्लॉप फिल्मों के दौर से गुजर रहे हैं अक्षय बीते दो साल से अक्षय का करियर कुछ ठीक नहीं चल रहा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com